जबलपुर
शुक्रवार, 17 मई 2024
वैशाख मास शुक्ल पक्ष-9
वर्ष : 19, अंक : 17
पृष्ठ : 14, मूल्य : 3.00 रुपये

मौसम
अधि. 39
न्यून. 27

हरिभूमि
मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित
समाचार ही नहीं, विचार भी
haribhoomi.com

# धर्म पर आधारित आरक्षण का संविधान में कोई भी प्रावधान नहीं गलत चीज का विरोध करना, धर्म विशेष का विरोध करना नहीं है

## मप्र के पूर्व मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान से हरिभूमि व आईएनएच न्यूज चैनल के प्रधान संपादक डॉ. हिमांशु द्विवेदी का 'चुनावी संवाद'

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

मप्र के पूर्व सीएम व विदिशा से लोकसभा प्रत्याशी शिवराज सिंह चौहान का मानना है कि भाजपा ने कभी भी हिंदू-मुसलमान पर चर्चा नहीं की। भाजपा किसी धर्म के खिलाफ नहीं है पीएम मोदी ने भी स्पष्ट रूप से ये कहा है। भारत में धर्म पर आधारित आरक्षण का संविधान में कोई भी प्रावधान नहीं है। लेकिन विपक्षी दलों ने दाएं-बाएं घुमाकर इसे देना प्रारंभ किया है। भाजपा ने हमेशा न्याय की राजनीति की है, तुष्टिकरण की नहीं। भाजपा के लिए सब एक हैं। गलत चीज का विरोध करना, धर्म विशेष का विरोध करना नहीं है। वे हरिभूमि व आईएनएच न्यूज चैनल के प्रधान संपादक डॉ. हिमांशु द्विवेदी के 'चुनावी संवाद' कार्यक्रम में अपनी बात रख रहे थे।

### ये भी बोले शिवराज

- दुनिया भारत और मोदी के बिना नहीं चल सकती
- संविधान का जितना आदर भाजपा करती है कांग्रेस ने कभी नहीं किया
- कांग्रेस का अस्तित्व खतरे में हैं, वह अब 'रीजनल पार्टी' बन गई है



### उनसे सीधी बात

**प्रश्न:** विदिशा लोकसभा सीट पर चुनाव होने के बाद आप देश के अलग-अलग राज्यों में चुनाव प्रचार के लिए क्यों निकल पड़े?

**उत्तर:** भाजपा राष्ट्रीय पुर्ननिर्माण का अभियान और आंदोलन है। राष्ट्रीय पुर्ननिर्माण के लिए, देश की सेवा के लिए, जनता के कल्याण के लिए, दरिद्र नारायण की सेवा के लिए भाजपा राजनीति करती है। पीएम मोदी के नेतृत्व में भाजपा ने नई ऊंचाइयां छुईं। दुनिया भारत और मोदी के बिना नहीं चल सकती। भौतिकता की अग्नि में दग्ध विश्व मानवता को शाश्वत शांति के पथ का दिग्दर्शन कोई कराएगा तो वो भाजपा है। पार्टी का काम भगवान की पूजा जैसा है। इसलिए, जहां जो काम पार्टी देती है उसको अपनी सामर्थ्य और पूरी क्षमता के साथ पूरा करने का प्रयत्न करता हूं। यह हमारा कर्तव्य है। पार्टी का काम ही हमारे लिए देश का काम है।

**प्रश्न:** मध्यप्रदेश आपका मंदिर और आप इसके पुजारी थे, अब देश में कहां पूजा करने के लिए निकल पड़े?

**उत्तर:** देश में ही मध्यप्रदेश है। पार्टी में जब आप काम करते हैं तो पार्टी तय करती है कि आपको क्या करना है। पार्टी के आदेश पर लोकसभा का चुनाव लड़ा और साथ में मध्य प्रदेश की सभी सीटों पर चुनाव प्रचार के लिए गया। प्रदेश की जनता की सेवा का करने का सौभाग्य भी मुझे मिला है।

**प्रश्न:** 2014, 2019 और अब 2024 के लोकसभा चुनाव में क्या अंतर है?

**उत्तर:** 2014 से पहले माना जाता था कि ऐसे मुद्दे जो केवल नारे लगाने के माने जाते थे। नरेंद्र मोदी के पीएम बनने के बाद पूरे हुए हैं। धारा 370 का समाप्त हुई। सीएए लागू हो रहा है। अयोध्या में दिव्य और भव्य श्रीराम मंदिर का निर्माण हुआ। देश की आर्थिक मोर्चे पर प्रगति हमारे सीने को गर्व से भर देती है।

पीएम मोदी के नेतृत्व में भारत दुनिया की तीसरी अर्थव्यवस्था बनने जा रहा है। पीएम मोदी ने स्पष्ट कर दिया है कि किसी को हम छेड़ेंगे नहीं लेकिन किसी ने हमको छेड़ा तो हम छोड़ेंगे नहीं। सर्जिकल स्ट्राइक की, एयर स्ट्राइक की, आतंकवाद का खात्मा किया। दुनिया देख रही है कि आतंकवाद, नक्सलवाद अब समाप्ति की ओर है। जनता के जीवन में अभूतपूर्व परिवर्तन आया है। गरीब कल्याण के काम हुए हैं। 80 करोड़ लोगों को निःशुल्क राशन, पीएम मोदी के रहते कोविड को दो वैक्सीन बनी और 200 करोड़ से ज्यादा लोगों का टीकाकरण हुआ।

inh 24x7
छत्तीसगढ़ एवं मध्यप्रदेश का सर्वाधिक लोकप्रिय चैनल देखें
TATA PLAY चैनल नं. 1155 | airtel चैनल नं. 366


### खबर संक्षेप

#### एसएलयू को लेकर सुप्रीम कोर्ट पहुंचे दिग्विजय



**भोपाल।** मप्र में लोकसभा का चुनाव 2024 के चार चरणों के मतदान प्रक्रिया पूरी हो गई है। अब स्ट्रांग रूम में गड़बड़ी की आशंका को लेकर कांग्रेस नेता एवं राजगढ़ प्रत्याशी पूर्व सीएम दिग्विजय सिंह सुप्रीम कोर्ट की शरण में पहुंचे हैं। उन्होंने सिंबल लोडिंग यूनिट (एसएलयू) को लेकर सवाल उठाया है। याचिका पर सुनवाई शुक्रवार को हो सकती है।

#### चार धाम: 200 मी. तक मोबाइल प्रतिबंधित



**देहरादून।** चारधाम यात्रा के दौरान मंदिर से 200 मीटर तक मोबाइल प्रतिबंधित रहेंगे। मुख्य सचिव राधा रतूड़ी ने दिशा-निर्देश जारी करते हुए कहा कि नियमों का पालन नहीं करने पर सख्त कार्रवाई की जाएगी। ये भी कहा है कि कई लोग ऐसे भी पहुंच रहे जो केवल घूमने आ रहे हैं। हरकतों से लोगों की आस्था को ठेस पहुंच रही है।

#### इंदौर हादसे में मारे गए सभी लोग गुना के



**गुना।** इंदौर-अहमदाबाद हाईवे पर चंदन नगर ब्रिज के पास बुधवार रात हुए सड़क हादसे में 8 लोगों की मौत हो गई। हादसे में जान गंवाने वाले सभी लोग गुना जिले के रहने वाले हैं। सभी अलीराजपुर के बोरी गांव में एक कार्यक्रम में शामिल होने गए थे। गुना वापस लौटते हुए अज्ञात वाहन से टक्कर हो गई। हादसे में एक पुलिस कांस्टेबल की भी मौत हो गई है।

**देश चलाना सोने की चम्मच लेकर पैदा हुए लोगों के वश में नहीं**

### पीएम मोदी ने कहा कि महलों में पलने वाले शहजादों को लगता है विकास अपने आप हो जाएगा, कोई पूछे कैसे तो कहेंगे खटाखट

# इधर इंडी गठबंधन बंटेगा खटाखट, उधर शहजादे विदेश निकल जाएंगे 'खटाखट'

- *मोदी ने कहा कि यह देश जान गया है कि विपक्ष ने वोटबैंक की राजनीति करके, हिंदू-मुसलमान को लड़ाकर धर्मनिरपेक्षता का ऐसा चोला पहन लिया था कि इनकी सच्चाई सामने नहीं आती थी, यह मोदी है जिसने इनका यह नकाब उतारा है।*



एजेंसी ⏭ लखनऊ

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने प्रतापगढ़ में विपक्ष पर करारा निशाना साधा। पीएम मोदी ने कहा कि इंडी गठबंधन बंटने वाला है और इसके बंटने पर शहजादे विदेश भाग जाएंगे। उनका इशारा राहुल गांधी की तरफ था। पीएम मोदी ने कहा कि महलों में पलने वाले शहजादों को लगता है विकास अपने आप हो जाएगा। कोई पूछे कैसे तो कहेंगे खटाखट। कोई इनको बता दो कि रायबरेली की जनता भी इनको खटाखट भेजेगी। उन्होंने कहा कि देश चलाना सोने की चम्मच लेकर पैदा हुए लोगों के वश में नहीं। चार जून के बाद इंडी गठबंधन बंट जाएगा खटाखट। शहजादे विदेश निकल जाएंगे खटाखट। हम और आप ही रह जाएंगे। प्रतापगढ़ की स्थानीय बोली अवधी में भाषण शुरूआत करते हुए पीएम मोदी ने कहा कि बेल्हा माई और बाबा घुइसरनाथ के पावन धरती प्रतापगढ़ के हम प्रणाम करे।

इंडी गठबंधन वाले 2014 तक देश को बर्बाद कर गए थे

मोदी की गारंटी का मतलब का ताजा उदाहरण सीएए कानून है




पीएम ने सपा-कांग्रेस को दिया चैलेंज

### कोई माई का लाल पैदा नहीं हुआ, जो सीएए को हटा सके

मोदी ने कहा कि मैं साफ-साफ कहता हूं कि यह मोदी की गारंटी है कि देश-विदेश, कहीं से भी जो भी ताकत इकट्ठा करनी है कर लो, मैं भी मैदान में हूं तुम भी मैदान में हो, आप सीएए नहीं हटा पाओगे। पीएम मोदी ने आगे कहा कि गारंटी का मतलब क्या होता है इसका ताजा उदाहरण सीएए कानून है। सीएए कानून के तहत शरणार्थियों को भारत में नागरिकता देने का काम शुरू हो गया। पीएम ने कहा कि यह वो लोग हैं जो शरणार्थी बनकर लंबे अरसे से हमारे देश में रह रहे हैं, यह वो लोग हैं जो धर्म के आधार पर हुए भारत के बंटवारे का शिकार हुए थे।

#### कोई भी अनुच्छेद 370 को वापस नहीं ला सकता

मोदी ने आरोप लगाया कि कांग्रेस और सपा ने सीएए के नाम पर झूठ फैलाने की कोशिश की। उन्होंने यूपी और देश को दंगों की ओर धकेलने की कोशिश की। श्रीनगर के लोगों ने चुनावों में जो उत्साह दिखाया है वह इस बात का सबूत है कि कोई भी अनुच्छेद 370 को वापस नहीं ला सकता और वोट बैंक की राजनीति नहीं कर सकता।

#### इंडी गठबंधन पर साधा करारा निशाना

**इनका फार्मूला है, पांच साल में पांच पीएम बनाएंगे**

पीएम ने कहा कि इंडी गठबंधन वाले सरकार हटाना चाहते हैं। इनका फार्मूला है, पांच साल में पांच पीएम बनाएंगे यानी हर साल एक पीएम। भानुमति का कुनबा बनाकर लूटना चाहते हैं। क्या ये देश को बर्बाद करेंगे अथवा नहीं? उन्होंने उदाहरण देते हुए कहा, एक बार एक व्यापारी को कर्मचारी की जरूरत थी। 24 साल वाले युवक की जरूरत थी। एक व्यक्ति 12-12 साल वाले लड़के लेकर पहुंचे क्या उन्हें रखेंगे, यही हाल इंडी गठबंधन वालों का है। इंडी गठबंधन वाले 2014 तक देश को बर्बाद कर गए थे। हमें सत्ता मिली तो हमें गड्ढे भरने में ही काफी समय लगा।

### मुख्यमंत्री यादव ने झारखंड में की जनसभाएं



## बेईमानों के कारनामों से देश को 'कलंकित' नहीं होने देंगे



**मुख्यमंत्री ने कहा-** गांधी परिवार की पांच पीढ़ियां दिल्ली में जन्मी, लेकिन वहां से चुनाव लड़ने की हिम्मत नहीं

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने गुरुवार को हजारीबाग (झारखंड) लोकसभा सीट के जेल मैदान छतरो, बरही एवं कोडरमा लोकसभा के जयानगर में भाजपा प्रत्याशियों के समर्थन में जनसभाओं को संबोधित किया।

इस दौरान मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कांग्रेस पर निशाना साधते हुए कहा कि कांग्रेस पार्टी ने देश को कलंकित करने का काम किया है। इन्होंने देश का बंटवारा कराया, भगवान श्रीराम को खुले आसमान में बैठाकर रखा, धारा 370 लगाई, लेकिन अब देश की बागडोर प्रधानमंत्री मोदी जैसे सशक्त एवं सक्षम हाथों में है।

#### कांग्रेस ने हमारी शिक्षा नीति को ही बिगाड़ दिया

*यादव ने कहा कि कांग्रेस ने हमारी शिक्षा नीति को ही बिगाड दिया था, इनके आदर्श कहां के हैं? प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में हमने नई शिक्षा नीति लागू की और हमारे आदर्श महापुरूषों को पाठ्यक्रम में शामिल करने का काम किया। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा था कि न खाऊंगा न खाने दूंगा। यह भाजपा और प्रधानमंत्री मोदी की सरकार है। यहां पर बेईमानों की जगह जेल में है। डॉ. यादव ने कहा कि झारखंड में भी बड़ा भ्रष्टाचार हुआ है।*

**एयर इंडिया की फ्लाइट में हड़कंप**

### टॉयलेट के टिशू पेपर में लिखा मिला 'बम'



- एयरपोर्ट पर कोई संदिग्ध वस्तु नहीं मिली

**नई दिल्ली।** दिल्ली एयरपोर्ट के पुलिस अधिकारी ने बताया कि बुधवार शाम लगभग 7.30 बजे वडोदरा के लिए जाने वाली एयर इंडिया की उड़ान के शौचालय में एक टिशू पेपर में बम लिखा पाया गया। इसकी जानकारी पुलिस अधिकारियों दी गई। पुलिस उपायुक्त (आईजीआई एयरपोर्ट) उषा रंगनानी ने कहा मानक सुरक्षा प्रोटोकॉल का पालन करते हुए गहन निरीक्षण किया गया और कोई संदिग्ध वस्तु नहीं मिली।

**खातेगांव तहसील का मामला**

### तेंदूपत्ता तोड़ने गए व्यक्ति पर तेंदुआ ने किया हमला



- आग जलाने के बाद वहां से भाग गया

**देवास।** जिले के वन विभाग के अधिकारियों ने 16 मई से तेंदूपत्ता तोड़ने के निर्देश तेंदूपत्ता संग्राहको को दिए थे। उसके बाद जिले में तेंदूपत्ता तुड़ाई का काम लगभग शुरू हो गया है। गुरुवार सुबह खातेगांव तहसील के विक्रमपुर सबरेंज के आमला-हरणगांव में तेंदूपत्ता संग्राहक पर तेंदुए ने हमला कर दिया, जिससे वह घायल हो गया। घायल व्यक्ति को उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया।

**शॉर्ट सर्किट का अंदेशा**

### दिल्ली भाजपा ऑफिस में आग, नुकसान नहीं



- 15 मिनट के अंदर आग पर काबू पाया

**नई दिल्ली।** दिल्ली भाजपा दफ्तर में गुरुवार शाम अचानक आग लगने की घटना सामने आई। पार्टी का दफ्तर पंडित पंत मार्ग पर स्थित है। घटना में कोई जानमाल का नुकसान नहीं हुआ है। बताया जा रहा है कि बिजली के मीटर में शॉर्ट सर्किट की एक मामूली घटना की वजह से आग लगी थी। आग बहुत ज्यादा नहीं थी। मौके पर मौजूद फायर डिपार्टमेंट की टीम ने 15 से 20 मिनट के अंदर आग पर काबू पा लिया था।

**रानी महल में लोगों ने उनके अंतिम दर्शन किए**

## राजसी परंपरा से हुआ राजमाता का अंतिम संस्कार बेटे ज्योतिरादित्य ने दी मां माधवी राजे को मुखाग्नि



हरिभूमि न्यूज ⏭ ग्वालियर

केंद्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया की मां और राजमाता माधवी राजे का सिंधिया यहां राजसी परंपरा से अंतिम संस्कार किया गया। बेटे ज्योतिरादित्य सिंधिया ने मां माधवी राजे को मुखाग्नि दी।

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव सहित भाजपा व कांग्रेस के नेता हुए शामिल



सीएम ने दी श्रद्धांजलि

**महाकाल बाबा उनको मोक्ष प्रदान करें:** सीएम मोहन यादव ने राजमाता के अंतिम संस्कार में शामिल होकर श्रद्धांजलि दी। उन्होंने कहा, हमारे केंद्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया की माता जी का दुखद निधन हुआ है।

**मनमानी फीस बढ़ाने पर 4 निजी स्कूलों पर एक्शन**

स्कूलों ने फीस में 10 प्रतिशत से अधिक की वृद्धि की

## दो-दो लाख का अर्थदंड.. 15 दिन में करना होगा पैसा वापस

हरिभूमि न्यूज ⏭ हरदा

मनमाने तरीके से फीस बढ़ाने के मामले में कलेक्टर ने चार निजी स्कूलों पर 2-2 लाख रुपए का अर्थदंड लगाया गया है। संबंधित स्कूल संचालकों को निर्देश दिए गए हैं कि 15 दिन में बढ़ी हुई फीस अभिभावकों को लौटानी होगी।

इन चारों स्कूलों ने निर्धारित प्रक्रिया का पालन नहीं किया और मनमाने तरीके से फीस बढ़ा दी। सहायक संचालक शिक्षा बलवंत पटेल ने बताया कि जिन स्कूलों पर अर्थ दंड लगाया गया है उनमें सेंट मेरी को-एड हायर सेकंडरी स्कूल हरदा, सनरेज हायर सेकंडरी स्कूल हरदा, होलीफेथ बाल रेड क्रास हायर सेकंडरी विद्यालय हरदा तथा द फाउंडेशन आफ एजुकेशन हायर सेकंडरी विद्यालय हरदा शामिल हैं।



#### कटनी में दो दिन पहले हो चुकी है ऐसी ही कार्रवाई

कटनी जिले के एक प्राइवेट स्कूल को मनमानी फीस वसूलने के मामले में दो दिन पहले कलेक्टर ने निजी स्कूल नालंदा उच्चतर माध्यमिक विद्यालय पर 2 लाख का जुर्माना लगाया था। साथ ही 195 छात्रों को बढ़ी हुई फीस लौटाने का आदेश जारी किया था। झिंझरी इलाके के नालंदा उच्चतर माध्यमिक स्कूल का मामला है।

**बड़ा फैसला : पीएमएलए के तहत गिरफ्तारी की ईडी की शक्तियों पर फैसला सुनाया**

कोर्ट ने कहा कि अगर ईडी ऐसे आरोपियों की हिरासत चाहती है तो उसे हिरासत के लिए संबंधित अदालत में आवेदन करना होगा

अगर कोर्ट ईडी की बात से संतुष्ट हो जाता है कि उसे हिरासत में पूछताछ की जरूरत है तो वह हिरासत दे सकता है

## केस अदालत के संज्ञान में तो पीएमएलए के तहत भी ईडी नहीं कर सकती गिरफ्तार

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

सुप्रीम कोर्ट ने गुरुवार को कहा कि स्पेशल कोर्ट द्वारा शिकायत पर संज्ञान लेने के बाद ईडी पीएमएलए की धारा 19 के तहत किसी आरोपी को गिरफ्तार नहीं कर सकती है। कोर्ट ने कहा कि अगर ईडी ऐसे आरोपियों की हिरासत चाहती है तो उसे हिरासत के लिए संबंधित अदालत में आवेदन करना होगा। अगर कोर्ट ईडी की बात से संतुष्ट हो जाता है कि उसे हिरासत में पूछताछ की जरूरत है तो वह हिरासत दे सकता है। जस्टिस अभय एस ओका और उज्जल भुइयां की पीठ ने पीएमएलए के तहत गिरफ्तारी की ईडी की शक्तियों पर फैसला सुनाया।



#### यूपीए सरकार में लागू हुआ पीएमएलए कानून

प्रिवेंशन ऑफ मनी लांड्रिंग एक्ट अटल बिहारी वाजपेयी की सरकार में 2002 में बनाया गया था। लेकिन, यह कानून मनमोहन सिंह की सरकार में जाकर लागू हुआ था। इस एक्ट का केवल एक ही उद्देश्य था कि कैसे काले धन को रोकना है। पीएमएलए के कानून का पहला शिकार झारखंड के पूर्व सीएम मधु कोडा बने थे।

#### उधर...रेप पीड़िताओं के टू फिंगर टेस्ट पर रोक लगाई

*यौन उत्पीड़न की शिकार महिलाओं के टू फिंगर टेस्ट को लेकर सुप्रीम कोर्ट ने सख्त रुख अपनाया है। कोर्ट ने मेघालय सरकार को इस पर पूरी तरह रोक लगाने के आदेश दिए हैं। कोर्ट में एक मामले की सुनवाई के दौरान इस बात पर निराशा व्यक्त की कि सुप्रीम कोर्ट की रोक के बाद भी बलात्कार के मामले में टू फिंगर टेस्ट किया जा रहा है। कोर्ट ने इसे महिलाओं की निजता का हनन माना है। सुप्रीम कोर्ट ने टू फिंगर टेस्ट पर 2013 में रोक लगाई थी। हालांकि इसके बाद भी कई राज्यों में ऐसे केस सामने आए जब बलात्कार पीड़िताओं की जांच के लिए उनका टू फिंगर टेस्ट किया गया। इसके बाद स्वास्थ्य मंत्रालय की ओर से 2014 में एक गाइडलाइन जारी की गई। इस गाइडलाइन में साफ लिखा गया कि यह टेस्ट पूरी तरह गैरकानूनी है।*






## मशलीशहर में कमल के फूल खिली न, हम ईहां से जीत के लिए आश्वस्त होके जाईं

# लोगों ने तालियों की गड़गड़ाहट के बीच कहा हां

एजेंसी ⏭ जौनपुर

पीएम नरेंद्र मोदी ने जौनपुर जिले में जनसभा में मतदाताओं का उत्साह देख कर पीएम मोदी गदगद हो गए। उन्होंने भोजपुरी में जौनपुर की जनता का अभिवादन करते हुए जीत का आश्वासन भी मांगा। कहा कि इहां से जीत के लिए आश्वस्त होके जाईं न? इस पर जनता ने भी हां में जवाब देते हुए मोदी-मोदी के जयकारे लगाए। अब डॉक्टर बनना है, इंजीनियर बनना है तो आप अपने गांव के भाषा में पढ़कर के आएंगे तो भी डॉक्टर बनेंगे। अब गरीब मां का बेटा भी डॉक्टर बनेगा। गरीब मां की बेटी भी डॉक्टर बनेगी। इंजीनियर बनेगी और हिंदी में परीक्षा होगा। यह रास्ता खोल दिया है, लेकिन आप जानते हैं कांग्रेस और इंडी गठबंधन इसका भी विरोध करते हैं। आपके बच्चों का उज्जवल भविष्य नहीं चाहते। भाजपा युवाओं की आकांक्षाओं को समझती है उनके लिए काम करती है। मेडिकल की परीक्षा में ओबीसी आरक्षण लागू किया हमने। सामान्य वर्ग के गरीबों को भी 10फीसदी आरक्षण दिया।

**पीएमवेश में आए नन्हें की तारीफ**

- दो बच्चे पीएम मोदी और सीएम योगी का रूप धारण कर आए थे। तीसरे शख्स ने खुद पर भगवा रंग लगाया था। जिस पर लिखा था- अबकी बार 400 पार।
- मोदी ने उन बच्चों से कहा कि क्या बढ़िया मेकअप किया है भई...। वाह! दोनों मोदी-योगी बनके आ गए।

**अगले 5 साल की गारंटी देने आया**

उन्होंने कहा कि पहले उत्तर प्रदेश में माफियाराज था। जीतने के लिए उन्हें वोट मांगने की जरूरत नहीं है, लेकिन वे अगले पांच साल की गारंटी देने आए हैं।

## जौनपुर की जनता में पीएम मोदी ने भरा जोश, उत्तर प्रदेश में की 4 सभाएं

### इंडी गठबंधन और बसपा का लक्ष्य तुष्टीकरण

इंडी गठबंधन, बसपा आदि का लक्ष्य है तुष्टीकरण। उनकी सरकारों में शिक्षकों के साथ अपराध हुआ, कच्चे घर, खुले में शौच आदि अपमान किया। गरीब को कैसे अभाव में जीना पड़ता है। राशन नहीं है, बिजली नहीं है उनके घरों पर जमीन के माफिया कब्जा कर लेते थे। मोदी के संतुष्टिकरण ने यह स्थिति बदल दी। यूपी में सरकार ने जमीन माफियाओं की कमर तोड़ दी। मोदी ने महिलाओं को मालिक बनाया।



### बीमार लोगों के इलाज की चिंता आपका बेटा मोदी करेगा

*मैं देश में 3 करोड़ लखपति दीदी बनाऊंगा। आप लोग जिसके घर जाइए उन्हें बताइए की मोदी ने गारंटी दी है कि जिसे भी घर नहीं मिला, गैस का कनेक्शन नहीं मिला सब मिलेगा। मआपके घर के बिजली के बिल भी जीरो करना है। मआपके माता-पिता, चाचा- चाची दादा दादी सबके इलाज की चिंता आपका बेटा मोदी करेगा।*

**विपक्ष पर किया हमला**



### कांग्रेस की एक्सरे मशीन नहीं चल पाएगी

पीएम ने कहा कि जब तक जिंदा हूं तब तक इनको ये राजनीति नहीं करने दूंगा। ये कांग्रेस वाले एक एक्सरे मशीन लाए हैं, उससे सावधान रहने की जरूरत है। कांग्रेस ने कहा कि आपकी संपत्ति का एक्सरे करेंगे जो अधिक होगा उसे छीन लेंगे। ये सब लोग सोचते हैं कि मरने के बाद आपकी संपत्ति छीन लेंगे, आप लेने देंगे क्या?

**मेदनीपुर में ममता का हमला**


### मैं आज नहीं तो कल बदला जरूर लूंगी



**कोलकाता।** पश्चिम बंगाल की सीएम ममता बेनर्जी पूर्वी मेदनीपुर के तामलुक लोकसभा क्षेत्र में चुनावी प्रचार के लिए पहुंची थीं। उन्होंने नंदीग्राम विधानसभा चुनाव की घटना का जिक्र किया। भाजपा ने चुनाव जीतने के लिए कई हथकंडे अपनाए। अफसरों के तबादले करवाए, लेकिन ध्यान रहे भाजपा हमेशा अस्तित्व में नहीं रहेगी, मैं इसका बदला लेकर रहूंगी।

**शाह पर भड़के सिब्बल**

### बृजभूषण का नाम लेकर खूब सुनाया




**नई दिल्ली।** सीनियर वकील कपिल सिब्बल ने कहा कि अमित शाह ने बेहद आपत्तिजनक बयान दिया है। उन्होंने सुप्रीम कोर्ट की मंशा पर सवाल उठाया है। शाह ने कहा कि कई लोग कहते हैं कि अरविंद केजरीवाल की अंतरिम जमानत सुप्रीम कोर्ट द्वारा मिली एक स्पेशल ट्रीटमेंट हैं। उन्होंने बहुत चतुराई से कहा... लोग कहते हैं। उन्होंने यह बयान इसलिए दिया, सोचनीय है क्योंकि लोगों पर भरोसा करते हैं।

**मधुबनी में गृहमंत्री शाह का ऐलान**

### गोहत्या करने वालों को उल्टा लटकाकर सीधा कर देंगे

केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह गुरुवार को चुनाव प्रचार करने के लिए बिहार के मधुबनी जिले में पहुंचे। यहां से उन्होंने इंडी गठबंधन पर जमकर निशाना साधा। अमित शाह ने इस दौरान कहा कि पूरे देश के दलित, पिछड़ों के आवाज को बुलंद करने का काम कर्पूरी ठाकुर ने किया था। अति पिछड़ा पीएम नरेंद्र मोदी ने देश को सबसे आगे बढ़ाने का काम किया। भारत में अब एक ही ध्वज, एक ही नारा है, जिसे पूरा करने का काम मोदी ने किया है। शाह ने कहा कि पाकिस्तान अधिकृत कश्मीर हमारा है और उसे हम लेकर रहेंगे। पहले गोहत्या के मामले आते थे। अब कोई गोहत्या करेगा तो भाजपा उल्टा लटकाकर सीधा कर देगी।



**राजनाथ का विपक्ष पर प्रहार**

### सरकार के बारे में गलतफहमियां फैला रहा विपक्ष



रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने कहा कि हमारी केंद्र में सरकार बनी हमने जो भी वादे किए अक्षरशः वादों को पूरा किया। मै डंके की चोट पर कह सकता हूं कि कश्मीर में एक दो आतंकवादी वारदातों को छोड़कर किसी भी राज्य में कोई आतंकवादी वारदात नहीं हुई। सिंह ने कहा कि हमारी सरकार के बारे में गलतफहमियां फैलाई जा रही है कि भाजपा सरकार बनेगी तो आरक्षण समाप्त करेंगे लेकिन मैं आपको विश्वास दिलाना चाहता हूं कि सरकार बनने के बाद हम आरक्षण किसी भी सूरत में समाप्त नहीं करेंगे। धर्म के आधार पर आरक्षण विपक्षी लोगों ने किया। अलीगढ़ मुस्लिम यूनिवर्सिटी में आरक्षण करने की कोशिश की थी उसको भी कोर्ट ने रद्द किया।

**भुवनेश्वर में जमकर गरजे नड्डा**

### ओडिशा को एक अधिकारी चला रहा, सीएम सक्रिय नहीं

**भुवनेश्वर।** भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा ने गुरुवार को भुवनेश्वर में एक विशाल रोड शो किया।



नड्डा ने रोड शो के दौरान नवीन पर सीधा हमला किया। उन्होंने कहा कि ओडिशा के लोग मोदी को फिर से केंद्र में देखना चाहते हैं और राज्य में एक सक्रिय मुख्यमंत्री चाहते हैं। नड्डा ने कहा कि एक अधिकारी ओडिशा को चला रहा है जबकि मुख्यमंत्री सक्रिय नहीं हैं। इसके लिए ओडिशा के लोग अब नवीन बाबू को विश्राम देना चाहते हैं।

**खरगे का बड़ा हमला**

### गड़बड़ी नहीं की तो भाजपा की 200 से कम सीटें आएंगी

**नई दिल्ली।** कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने कहा है कि यदि भाजपा 400 पार बोल रही है, ऐसा मुमकिन नहीं, अगर ऐसा हुआ तो समझिए कुछ गड़बड़ है, इनकी 200 से ज्यादा सीटें नहीं आ रहीं। इससे ज्यादा सीटें आती हैं तो समझो ये कुछ गड़बड़ी कर रहे हैं। मैं ये दावा नहीं कर सकता कि इंडिया गठबंधन की कितनी सीटें आएंगी, लेकिन भाजपा को रोकने के लिए जितनी सीटें चाहिए वह हमारी आएंगी। पीएम के बयानों पर भी उन्होंने कटाक्ष किए।



**केजरीवाल-अखिलेश की प्रेस कांन्फ्रेंस**


### मोदी की सरकार बनते ही हटाए जाएंगे योगी, 140 सीटों से ज्यादा नहीं जीतेंगे

**लखनऊ।** दिल्ली के सीएम अरविंद केजरीवाल ने लखनऊ के सपा कार्यालय में सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव के साथ मीडिया को संयुक्त रूप से संबोधित किया।उन्होंने कहा कि पीएमअपने लिए नहीं अमित शाह को प्रधानमंत्री बनाने के लिए वोट मांग रहे हैं। अगर मोदी चुनाव जीतते हैं तो दो महीने में ही सीएम योगी आदित्यनाथ को हटा देंगे। आरक्षण को खत्म कर देंगे। उन्होंने कहा कि इंडिया गठबंधन की सरकार बनने जा रही है। उन्होंने कहा कि मोदी जब प्रधानमंत्री बने तो रिटायरमेंट की आयु 75 साल रखी गई थी। उन्होंने कहा कि भाजपा 220 सीटों से ज्यादा नहीं बढ़ेगी।



### अमेठी के चुनावी कैंपेन को इमोशनल बना रहीं प्रियंका

इस लोकसभा चुनाव में प्रियंका गांधी चुनाव तो नहीं लड़ रही हैं, लेकिन रायबरेली और अमेठी लोकसभा सीट की जंग उनके लिए खुद मुकाबले में उतरने जैसी ही है। वे यहां ज्यादा जनसभाएं कर रही हैं, लोगों से मिल रही हैं। भाई राहुल को जिताने के लिए प्रियंका वोटरों तक पहुंचने, अपनी बात कहने में कोई कोर कसर नहीं छोड़ रहीं। वोटरों को भावनात्मक तौर पर जोड़ने की कोशिश करती दिख रही हैं।वे पिता राजीव गांधी को याद करती भी दिख रही हैं।



**खबर संक्षेप**

### भारत मंडप सिनेमा के प्रचार का केंद्र बनेगा



**नई दिल्ली।** 77वें कान फिल्म महोत्सव में बुधवार को भारत मंडप का उद्घाटन सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय सचिव संजय जाजू के साथ फ्रांस में भारत के राजदूत जावेद अशरफ ने किया। यह वैश्विक मंच पर भारतीय सिनेमा की नेटवर्किंग, सहयोग और प्रचार के केंद्र के रूप में काम करेगा। यहएक गतिशील मंच के रूप में कार्य करता है, जो विविध परिदृश्य के लिए प्रवेश द्वार प्रदान करता है।

### जरांगे फिर से शुरू करेंगे मराठा आंदोलन



**मुंबई।** महाराष्ट्र में काफी लंबे समय से आरक्षण की मांग चल रही है। इस बात से तो आप भी वाकिफ होंगे। इस मांग को लेकर मनोज जरांगे पिछले साल से इसकी अगुवाई कर रहे हैं। अब इसी मांग को लेकर मनोज जरांगे एक बार फिर से एक्टिव हो गए हैं और आंदोलन शुरू करने के लिए हुंकार भर दी है। उन्होंने मीडिया से बात करते हुए आंदोलन से जुड़ी जानकारी दी है।

### जेट के संस्थापक गोयल की पत्नी का निधन



**मुंबई।** जेट एयरवेज के संस्थापक नरेश गोयल की पत्नी अनीता गोयल का गुरुवार सुबह कैंसर से जूझने के बाद निधन हो गया। वे एयरलाइन के परिचालन से महत्वपूर्ण रूप से जुड़ी हुई थीं और कार्यकारी उपाध्यक्ष थीं। 2015 में अनीता गोयल जेट एयरवेज की गैर-कार्यकारी उपाध्यक्ष बनीं। साथ ही वह निदेशक मंडल का हिस्सा भी बनी रहीं।

## केजरीवाल के भाषण पर ईडी ने सुप्रीम कोर्ट में जताई आपत्ति

# एससी मेहता ने 'तमाचा मारना' जैसा कहा सुप्रीम कोर्ट बोला-हम केस में नहीं जाएंगे




**सुप्रीम कोर्ट ने केजरीवाल की जमानत पर कहा-किसी तरह का अपवाद नहीं था**

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

सुप्रीम कोर्ट ने अरविंद केजरीवाल को अंतरिम जमानत पर कहा कि इसमें किसी तरह का अपवाद नहीं था और फैसले पर आ रहे आलोचनात्मक विश्लेषण का हम स्वागत करते हैं। ईडी ने केजरीवाल के रिहाई के बाद दिए गए कुछ बयानों पर आपत्ति जताई जिनमें दिल्ली सीएम ने कहा था कि इंडिया गठबंधन की सरकार आने की स्थिति में वे जेल नहीं जाएंगे। कोर्ट ने इस मामले को सुनने से इनकार कर दिया। दिल्ली शराब घोटाला मामले में केजरीवाल को ईडी ने गिरफ्तार किया था।

### गठबंधन की सरकार बनी तो जेल नहीं जाना पड़ेगा

सुप्रीम कोर्ट ने ईडी की उस दलील को सुनने से भी इनकार कर दिया जिसमें एजेंसी ने कहा था कि केजरीवाल बार-बार कह रहे हैं कि 'इंडि' सरकार आने पर उन्हें जेल नहीं जाना पड़ेगा।

### कोर्ट को क्यों करनी पड़ी ये टिप्पणी?



अदालत ने केजरीवाल को अंतरिम जमानत देते हुए कहा था कि वे दिल्ली के सीएम और राष्ट्रीय दलों में से एक के नेता हैं जिनका कोई आपराधिक इतिहास नहीं है और वे समाज के लिए खतरा नहीं हैं। सुप्रीम कोर्ट के इस आदेश को अपवाद कहा गया और कहा गया कि ऐसे ही कई और मामले में सामने आ सकते हैं, जब इस मामले को ग्राउंड बनाया जाएगा। जस्टिस न्यायमूर्ति दीपांकर दत्ता और संजीव खन्ना सुनवाई में शामिल थे। जस्टिस खन्ना ने कहा कि यह कोई अपवाद नहीं था।



### दिल्ली पुलिस ने मालीवाल का बयान दर्ज किया

केजरीवाल के आवास पर आप राज्यसभा सांसद स्वाति मालीवाल से अभद्रता का मामला तूल पकड़ रहा है। इसकी जांच के लिए दिल्ली पुलिस की टीम भी मालीवाल के घर पर पहुंची है। दिल्ली पुलिस की टीम मालीवाल का बयान दर्ज किया। दिल्ली पुलिस की स्पेशल सेल के एडिशनल सीपी प्रमोद कुशवाहा और उत्तरी जिले के एडिशनल डीसीपी अजंथिया चिपला पहुंचे है। दिल्ली पुलिस सीएम हाउस के सीसीटीवी भी खंगालने सीएम हाउस जा सकती है।

**राष्ट्रीय महिला आयोग का नोटिस**

### निजी सचिव बिभव आज पेश हों

राष्ट्रीय महिला आयोग ने सीएम अरविंद केजरीवाल के पूर्व निजी सचिव बिभव कुमार को शुक्रवार को पेश होने के लिए कहा है। बिभव कुमार पर आप (आप) की सांसद स्वाति मालीवाल के साथ बदसलूकी का आरोप है।बिभव को सुबह के 11 बजे आयोग के समक्ष पेश होने के लिए कहा गया है। आयोग ने मालीवाल के उस मीडिया पोस्ट पर स्वतः संज्ञान लिया, जिसमें उन्होंने दावा किया था कि बिभव ने मुख्यमंत्री के आवास पर उनके साथ बदसलूकी की।



**साइड इफेक्ट का किया गया अध्ययन**

## किशोरियों और एलर्जी पीड़ितों में एक साल तक कुछ असर दिखा




**नई दिल्ली।** कोरोना से बचने के लिए देश के लोगों ने कोविशील्ड और कोवैक्सीन के टीक लगवाए थे। पहले एस्ट्रेजेनेका ने ब्रिटिश के कोर्ट में माना था कि उसके टीके के कुछ साइड इफेक्टस हो सकते हैं। मीडिया रिपोर्ट में दावा किया गया है कि एक साल के अंदर ठीक ठाक संख्या में लोगों में इसके साइड इफेक्ट देखे गए हैं। कोवैक्सिन के साइड इफेक्ट्स पर एक अध्ययन किया गया है।

### ये प्रभाव रहे

स्टडी में 1024 लोगों को शामिल किया गया। इसमें 635 किशोर और 391 एडल्ट लोग थे। स्टडी में 304 किशोरों यानी करीब 48 फीसदी में वायरल अपर रेस्पेरेट्री ट्रैक इंफेक्शन्स देखा गया। ऐसी स्थिति 124 यानी 42.6 युवाओं में भी दिखी थी। 10.5 फीसदी किशोरों में न्यू-ऑनसेट स्कीन एंड सबकुटैनियस डिसऑर्डर जैसी दिक्कत देखने को मिली। 10.2 फीसदी लोगों में जनरल डिसऑर्डर रहा। 4.7 फीसदी में नर्वस सिस्टम डिसऑर्डर की परेशानी रही। 8.9 फीसदी युवा लोगों में आम परेशानी, 5.8 फीसदी में मुस्कुलोस्केलेटल डिसऑर्डर से जुड़ी परेशानी भी देखने को मिली और 5.5 में नर्वस सिस्टम से जुड़ी परेशानी देखी गई।

इसका साइड इफेक्ट महिलाओं में भी देखा गया।

**घाटकोपर में भारी बारिश और तेज हवाओं से गिरा था होर्डिंग**

# 16 लोगों की मौत, एनडीआरएफ का बचाव अभियान पूरा

## बीएमसी ने दी जानकारी, शिंदे सरकार ने दिए जांच के आदेश

एजेंसी ⏭ मुंबई

घाटकोपर में भारी बारिश और तेज हवाओं के कारण होर्डिंग गिरने की घटना के बाद चल रहे बचाव अभियान को गुरुवार को पूरा कर लिया गया है।

बृहन्मुंबई नगर निगम (बीएमसी) आयुक्त भूषण गगरानी ने कहा कि एनडीआरएफ ने बचाव अभियान पूरा कर लिया है और हादसे में कुल 16 लोग मारे गए हैं। जीआरपी पुलिस ने बयान जारी कर कहा, इस जमीन पर पेट्रोल पंप के पास होर्डिंग लगाने की अनुमति तत्कालीन जीआरपी कमिश्नर कैसर खालिद ने दिसंबर 2021 में मेसर्स इगो मीडिया प्राइवेट लिमिटेड को दस साल के लिए दी थी।



### पेट्रोल पंप के कारण बचाव अभियान में हुआ विलंब

गगरानी ने कहा कि यह एक दुखद घटना थी जिसमें 16 लोगों की मौत हो गई। बचाव अभियान पूरा हो चुका है। यहां एक सक्रिय पेट्रोल पंप है, इसलिए हमारे बचाव अभियान में देरी हुई। बीएमसी कमिश्नर ने आगे कहा कि महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे ने सभी होर्डिंग्स की जांच करने का आदेश दिया है।

### खंभे की नींव बहुत कमजोर थी

एक फायर ब्रिगेड अधिकारी ने बताया कि बिलबोर्ड के खंभे की नींव बहुत कमजोर थी। बिलबोर्ड की नींव लगभग पांच से छह फीट ही गहरी थी और बिलबोर्ड के 120गुणा 120 फीट के आकार के लिए यह गहराई काफी नहीं थी।

### पुलिस से कार्रवाई की मांग कर रहे लोग

पीड़ित परिवार सरकार से मदद की गुहार लगा रहे हैं और कार्रवाई की मांग कर रहे हैं। अब तक कोई आरोपी को पकड़ नहीं पाई है। यह हादसा कोई चूक थी या लंबे समय से चली आ रही लापरवाही इसे लेकर कई सवाल उठ रहे हैं। मुंबई में कई तरह की जमीनें हैं। जैसे कलेक्टर लैंड, सॉल्ट पैन लैंड, मुंबई पोर्ट ट्रस्ट लैंड, बीएमसी लैंड आदि। इसलिए अगर कोई किसी जमीन पर होर्डिंग लगा रहा है तो उसे संबंधित लैंड अथॉरिटी से अनुमति लेनी पड़ती है, साथ ही बीएमसी की इजाजत भी जरूरी है।



# देश की पहली मिडगेट सबमरीन एरोवाना बनकर तैयार: कम कमांडो के साथ समुद्र के भीतर खुफिया मिशन को अंजाम देने में है सक्षम

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

मिडगेट पनडुब्बी बनकर तैयार हो चुकी है। इसका निर्माण मझगांव डॉक शिपयार्ड लिमिटेड द्वारा किया गया है। इसको एरोवाना नाम दिया गया है। एमडीएल ने केवल इसे बनाया ही नहीं है बल्कि पूरी डिजाइनिंग भी की है। सबमरीन को प्रूफ ऑफ कॉन्सेप्ट के तौर पर बनाया गया है। ताकि दुनिया को इस बात का पता लग सके कि भारत किसी से भी कम नहीं हैं और ऐसी सबमरीन को वो खुद भी बना सकता है। इस सबमरीन का फायदा केवल जांच-पड़ताल में ही नहीं किया जाएगा बल्कि समुद्र के अंदर सीक्रेट ऑपरेशन के लिए भी किया जाएगा। इसके जरिए कम कमांडो के साथ किसी भी तरह का सैन्य अभियान या सीक्रेट मिशन आसानी से किया जा सकता है।

### एरोवाना की खासियत

1. वजन मात्र 150 टन
2. इसकी लंबाई 12 मीटर
3. 9 ही लोगों के बैठने की क्षमता
4. टॉरपीडो जैसे कई हथियारों से सुसज्जित
5. समुद्र के अंदर सीक्रेट ऑपरेशन चलाने में सक्षम
6. कम कमांडो के साथ पूरा करेगी मिशन



### दुश्मन को चकमा देने में सक्षम

एरोवाना गहरे और छिछले पानी दोनों में गोता लगा सकती है। यह नेटवर्किंग के जरिए नेवी के साथ मिलकर आसानी से दुश्मन को चकमा दे सकती है। इतना ही नहीं, इससे बड़े मिशन को भी अंजाम दिया जा सकता है। जानकारी के अनुसार इसकी लंबाई 12 मीटर है और इसकी स्पीड 2 नॉट है। इसमें फिलहाल अभी स्पीड की ही कमी है। बैटरी लिथियम और आयरन से बनी हुई है।

### मिडगेट सबमरीन एक छोटी पनडुब्बी

मिडगेट सबमरीन को आमतौर पर छोटी पनडुब्बी कह सकते हैं। इसका वजन 150 टन के अंदर ही है। इस सबमरीन में लोगों की बैठने की क्षमता भी काफी कम है। इसमें एक बार में ज्यादा से ज्यादा 9 ही लोग बैठ सकते हैं। अगर मिलिट्री मिशन को अंजाम देने के लिए कहा जाए तो छह या उससे ज्यादा लोक बैठकर अंजाम दे सकते हैं। इसके अंदर ज्यादा लंबे समय तक नहीं बैठा जा सकता है। यह एक छोटी पनडुब्बी है। इसमें सिर्फ इतना इंतजाम होता है कि कमांडो बैठकर जाए और मिशन को अंजाम देकर वापस आ जाए।

### सबमरीन में हथियारों के खास इंतजाम

मिडगेट सबमरीन में हथियारों के लिए खास इंतजाम होते हैं। इनमें टॉरपीडो जैसे कई हथियार होते हैं। इसके अलावा कई बार इसमें गोताखोरों के लिए स्वीमर डिलिवरी व्हिकल भी होते हैं। मिडगेट सबमरीन का इस्तेमाल केवल सैन्य अभियान के लिए ही नहीं होता है। बल्कि इसको व्यापारिक तौर पर भी इस्तेमाल किया जाता है। इसके जरिए साइंटिफिक रिसर्च भी की जा रही है। अब तो इनका इस्तेमाल समुद्र के अंदर पर्यटन के लिए भी किया जा रहा है।

## कांग्रेस और पंडित नेहरू पर जयशंकर ने किया कटाक्ष

# किसी गलती की वजह से पीओके हमसे दूर हो गया बाकी वो हमारा ही हिस्सा है

एजेंसी ▶▶ नासिक

विदेश मंत्री एस जयशंकर ने देश के पहले प्रधानमंत्री पंडित जवाहर लाल नेहरू और कांग्रेस पर परोक्ष रूप से कटाक्ष करते हुए कहा कि किसी की कमजोरी या गलती के कारण भारत ने पाकिस्तान के कब्जे वाले जम्मू-कश्मीर (पीओके) पर अपनी पकड़ खो दी है।

जयशंकर ने महाराष्ट्र के नासिक में गुरुवार को आयोजित 'विश्वबंधु भारत' नामक एक कार्यक्रम में ये टिप्पणी की है। इस मौके पर उनसे पूछा गया कि अगर भारत लक्ष्मण रेखा पार कर लेता है और पाक अधिकृत कश्मीर (पीओके) को भारत संघ में मिला लेता है तो चीन का क्या रिएक्शन होगा? क्योंकि चीन-पाकिस्तान आर्थिक गलियारा (सीपीईसी) पाकिस्तान के कब्जे वाले गिलगित बाल्टिस्तान से होकर गुजरता है। इस पर विदेश मंत्री ने कहा, मैं नहीं मानता कि 'लक्ष्मण रेखा' जैसी कोई चीज है। मुझे लगता है कि पीओके भारत का हिस्सा है। यह किसी की कमजोरी या गलती के कारण अस्थाई रूप से हमसे दूर हो गया है।

पीओके को फिर से हासिल करने के संसदीय प्रस्ताव की पुष्टि करते हुए, बीजिंग के पूर्व राजदूत एवं विदेश मंत्री जयशंकर ने क्षेत्र में चीन की भागीदारी के ऐतिहासिक संदर्भ पर प्रकाश डाला और कहा कि न तो पाकिस्तान और न ही उसका पड़ोसी देश पीओके पर अपनी संप्रभुता का दावा कर सकता है क्योंकि इस क्षेत्र पर भारत का दावा 'वैधानिक' है।

> पीओके को फिर से हासिल करने के संसदीय प्रस्ताव की पुष्टि करते हुए, जयशंकर ने क्षेत्र में चीन की भागीदारी के ऐतिहासिक संदर्भ पर प्रकाश डाला और कहा कि न तो पाकिस्तान और न ही उसका पड़ोसी देश पीओके पर अपनी संप्रभुता का दावा कर सकता है क्योंकि इस क्षेत्र पर भारत का दावा 'वैधानिक' है।

- विदेश मंत्री ने कहा- भारत का संप्रभुता वाला दावा 'वैधानिक' है
- पीओके का लगभग 5,000 वर्ग किलोमीटर हिस्सा चीन को सौंप दिया



विदेश मंत्री जयशंकर को उनका चित्र भेंट किया गया।

### पाकिस्तान ने एक हिस्सा चीन को सौंपा

पाकिस्तान और चीन के बीच 1963 के समझौते का हवाला देते हुए, जयशंकर ने कहा कि इस्लामाबाद ने दोस्ती के संकेत के रूप में पाकिस्तान के कब्जे वाले क्षेत्र का एक महत्वपूर्ण हिस्सा चीन को हस्तांतरित कर दिया, लेकिन उस समझौते में कहा गया है कि चीन अंततः पाकिस्तान या भारत के क्षेत्रीय दावों का सम्मान करेगा। उन्होंने कहा, 1963 में,पाकिस्तान और चीन अपनी दोस्ती को आगे बढ़ाने पर सहमत हुए और चीन को करीब रखने के लिए पाकिस्तान ने पीओके का लगभग 5,000 वर्ग किलोमीटर हिस्सा चीन को सौंप दिया। उस समझौते में लिखा है कि अंततः चाहे यह क्षेत्र पाकिस्तान का हो या भारत का, चीन इसका सम्मान करेगा।

### संप्रभु दावेदार तो भारत ही

विदेश मंत्री ने कहा,मैं चीन का राजदूत था। हम सभी चीन की पिछली हरकतों और पाकिस्तान के साथ मिलकर उसके काम करने के बारे में जानते हैं... ये उसका पुराना इतिहास है। हमने उनसे बार-बार कहा है कि इस जमीन पर न तो पाकिस्तान और न ही चीन अपना दावा कर सकता है। उस जमीन पर अगर कोई संप्रभु दावेदार है,तो वह भारत है। आपने कब्जा कर रखा है, आप वहां निर्माण कर रहे हैं, लेकिन उस भूभाग पर कानूनी स्वामित्व और अधिकार हमारा है।

### दस साल पहले पीओके की कोई बात नहीं होती थी

क्षेत्र में बदलते राजनीतिक परिदृश्य की ओर संकेत करते हुए जयशंकर ने कहा कि भारत को पीओके में अपनी स्थिति को मजबूती से आगे बढ़ाने की जरूरत है। उन्होंने कहा, मुझे लगता है कि हमें अपनी स्थिति बहुत मजबूत बनाए रखने की ज़रूरत है। हमें खुद पर भरोसा रखने की जरूरत है। दस साल पहले, आपमें से कोई भी इस तरह बात नहीं कर सकता था, लेकिन आज ये बातें हो रही हैं। यह एक बदलाव है...भारतीय जनता को भी अब इस पर भरोसा है।बता दें कि जयशंकर कच्चातिवू द्वीप श्रीलंका को सौंपने को लेकर भी पंडित नेहरू और इंदिरा गांधी के नेतृत्व वाली पिछली कांग्रेस सरकारों पर निशाना साधते रहे हैं। इसके साथ-साथ पीओके को लेकर भी उनकी आलोचना करते रहे हैं।




### भारत चांद पर पहुंचा पाक के बच्चे गटर में मर रहे

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान के सांसद सैयद मुस्तफा कमाल ने भारत की दिल खोलकर तारीफ की है। कहा कि एक तरफ खुले गटर कराची में बच्चों की जान ले रहे हैं, दूसरी तरफ भारत चांद पर पहुंच गया है। पाकिस्तान की राजनीतिक पार्टी मुत्ताहिदा कौमी मूवमेंट पाकिस्तान के सांसद कमाल ने वहां की संसद में अपने संबोधन में देश की सरकारों को आईना दिखाया। पाकिस्तानी सांसद ने कहा कि 'आज जब दुनिया चांद की तरफ जा रही है, हमारे बच्चे अभी भी कराची में गटर में गिरकर मर रहे हैं। हमारे टीवी स्क्रीन पर जब हम खबरें देखते हैं कि भारत चांद पर पहुंच गया और उसके दो सेकेंड बाद ही खबर आती है कि कराची में खुले गटर में गिरकर बच्चे की मौत हो गई।'



### रात्रि 10 से सुबह 4 बजे तक वाहनों पर प्रतिबंध

**देहरादून।** चारधाम यात्रा पर देश-दुनिया से आने वाले श्रद्धालुओं को अब अतिरिक्त सावधानी बरतनी होगी। यमुनोत्री धाम यात्रा मार्ग पर जाने वाले वाहनों के लिए कोई बाईपास रूट नहीं है। अब रात से लेकर भोर के समय वाहन नहीं चलेंगे। डीजीपी की ओर जारी एडवाइजरी में रात्रि 10 बजे से प्रातः चार बजे तक यात्री वाहनों का आवागमन पूर्णतः प्रतिबंधित किया गया है। यातायात का अधिक दबाव होने पर यात्रा मार्ग के मुख्य-मुख्य पड़ावों (डामटा-बड़कोट-स्यानाचट्टी-दोबाटा-पालीगाड़-ब्रह्मखाल) पर वाहनों को रोका जा रहा है।





अधिकृत डीलर: जबलपुर: सुपर हीरो (साउथ सिविल लाईन्स) 9289922350, सुदर्शन हीरो (नेपियर टॉउन 9289922353, मदन महल 9111100352, दमोह नाका 9111100344), बालाघाट: जायसवाल हीरो 9289922572, छतरपुर: आनंद हीरो (झाँसी रोड 9289922374, पन्ना रोड 7389238472), छिन्दवाड़ा: सत्कार हीरो 9289922805, मण्डला: शुभा हीरो 9289922600, नरसिंहपुर: रचना हीरो 9289922377, रीवा: बद्रिका हीरो (टी.पी. नगर 9289922368, इलाहाबाद रोड 9826135163), सतना: स्टार हीरो 9289922356, बद्रिका हीरो 9289923108, शहडोल: विभोर हीरो 9289923109, गुप्ता हीरो 9289922370, कटनी: हर्ष हीरो 9289923166, वैढ़न: कुन्दन हीरो 9289922743, सीधी: राजेन्द्र मोटर्स 9289923113, टीकमगढ़: आनंद हीरो 9289923112, सिवनी: सुदर्शन हीरो 9821745435, चौरई: श्रीजी ऑटोमोबाईल्स 7428390264, अधिकृत ए.एस.सी: रीवा: आकाश मोटर्स 9893918358, अमरवाड़ा: अर्पित ऑटोमोबाईल्स 7428595943, ब्यौहारी: श्री राम ऑटोमोबाईल्स 9424683246, बुढ़ार: श्री ऑटोमोबाईल्स 9425181937, डिंडोरी: अवधिया ऑटो 8959777333, नैनपुर: स्वास्तिक मोटर्स 9893746172, गाडरवाड़ा: शेखर व्हीकल्स 9425467409, जुन्नारदेव: लक्ष्मी नारायण मोटर्स 8109164000, कोतमा: सिटी ऑटोमोबाईल्स 7987519546, मैहर: वैशाली ऑटोमोबाईल्स 9424741022, मउगंज: सेंगर मोटर्स 9425185568, चौरई: श्रीजी ऑटोमोबाईल्स 7428390264, लांझी: श्रीखण्ड ऑटोमोबाईल्स 7428390262, पांढुरना: जय भवानी ऑटोमोबाईल्स 7428390263, परासिया: श्री महावीर ऑटोमोबाईल्स 7354460008, रामपुर बघेलान: सॉई ऑटोमोबाईल्स 9993224296, रांझी: गुरुकृपा ऑटो 9424728007, सिहोरा: बाईक प्वांट 9826802730, उमरिया: गुप्ता ऑटो एजेन्सी 9285505630, वारासिवनी: रुसिया मोटर्स 9425822392, जतारा: शारदा माँ ऑटोमोबाईल 9111231539, टीकमगढ़: एस.एस. इन्टरप्राइजेज 7000242371, पृथ्वीपुर: महावीर एजेंसीज 7000375943, मुलताई: शारदा श्री मोटर्स 9522870001, चितरंगी: ओम मोटर्स 9685416118, बरगवां: बजरंग मोटर्स 9926183734, बहरी: श्याम एजेंसी 9981238133, बहरी: अजित ऑटोमोबाइल्स 7566217410, 9131739086, नागोद: चौरसिया ऑटोमोबाइल्स 9926365074, देवसर: श्री राम मोटर्स 9425086868 अमरपाटन: रिशु ऑटोमोबाइल्स 9893829195, स्लीमनाबाद: अनिल मोटर्स 9425466101, धनोरा: भवानी व्हीकल्स 9424950703, Hero Sure (Buy, Sell, Exchange Any Used Two Wheeler) छिन्दवाड़ा: सत्कार हीरो 9289922805, नरसिंहपुर: रचना हीरो 8815396340, दमोह: इंडिया ऑटो सेंटर 8839230079

# उज्जैन रेलवे स्टेशन से महाकाल मंदिर तक के लिए रोप-वे निर्माण पर आएगी 30 करोड़ की लागत, 17 करोड़ रेलवे को देना होगा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

उज्जैन में रेलवे स्टेशन से लेकर भगवान महाकाल मंदिर तक में रोप-वे निर्माण के लिए रेलवे की करीब 14 हजार स्क्वायर मीटर जमीन की जरूरत पड़ रही है। इसके लिए रेलवे ने राज्य शासन से 17 करोड़ रुपए से अधिक की राशि की मांग की है।

इसमें जीएसटी की राशि भी जोड़ी गई है। रेलवे ने राज्य शासन ने कहा कि जमीन 35 वर्षों के लीज पर दी जाएगी, किंतु इससे पहले राशि जमा कराने के बाद ही प्रक्रिया पूरी होगी। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने रेलवे स्टेशन से लेकर महाकाल मंदिर तक में रोप-वे निर्माण की घोषणा की थी। इसे पूरा करने के लिए कैबिनेट में प्रस्ताव पारित होने के बाद सैद्धांतिक मंजूरी भी दे दी गई। इसमें जीएसटी की दो करोड़ रुपए से अधिक की राशि को यह कहते हुए मंजूरी नहीं दी गई कि शासकीय कार्य में इसकी जरूरत नहीं है।

किंतु रेलवे विभाग राज्य सरकार की मंजूरी से सहमत नहीं है। रेलवे ने 14 करोड़ 60 लाख रुपए के अतिरिक्त ढाई करोड़ रुपए की जीएसटी का भुगतान भी राज्य सरकार करें। इसके बाद ही रेलवे की जमीन मुहैया कराई जाएगी।

करीब 14 हजार स्क्वायर मीटर जमीन की जरूरत | रेलवे ने शासन से 17 करोड़ रुपए से अधिक की राशि की मांग की



## मंत्रालय में राशि के भुगतान के लिए प्रक्रिया में आई तेजी

*उज्जैन रेलवे स्टेशन से सीधे भगवान महाकाल मंदिर तक रोप-वे का निर्माण मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव का महत्वाकांक्षी प्रोजेक्ट है। इस रोप-वे के निर्माण से रेलवे स्टेशन से मंदिर पहुंचने वाले लाखों श्रद्धालुओं को लाभ होगा। मुख्यमंत्री डॉ. यादव की कोशिश है कि यह कार्य जितनी जल्दी हो सके, उसे पूरा करा दिया जाए। उन्होंने अभी पिछले दिनों अधिकारियों के साथ उच्च स्तरीय बैठक में अपनी प्राथमिकताएं बता दी थी। मुख्य सचिव वीरा राणा भी इसे लेकर कोई लेतलतीफी नहीं करना चाहती। उन्होंने लोक निर्माण विभाग, एमपीआरडीसी समेत संबंधित विभागों के अधिकारियों से तत्काल इसकी प्रक्रिया पूरी कर रेलवे को राशि भुगतान कराने को कहा है। जल्दी ही इसे लेकर अंतिम दौर की बैठक होगी, इसके बाद निर्माण की प्रक्रिया पूरी की जाएगी।*

### राज्य सरकार राशि खर्च करने के लिए तैयार, रेलवे को भी इसकी सूचना दी

उज्जैन रेलवे स्टेशन से सीधे महाकाल मंदिर तक रोप-वे निर्माण पर करीब 12 करोड़ रुपए की लागत आएगी, किंतु रेलवे को दी जाने वाली 17 करोड़ रुपए की राशि जोड़ने के बाद इस पर लगभग 30 करोड़ रुपए का खर्च आएगा। राज्य सरकार यह राशि खर्च करने के लिए तैयार है। रेलवे को भी इसकी सूचना दे दी गई है। दरअसल, रेलवे स्टेशन से महाकाल मंदिर के लिए रोप-वे का निर्माण रेलवे की जमीन पर होगा। चूंकि रेलवे के अलावा और किसी के पास मौके पर जमीन नहीं है। जल्दी ही एग्रीमेंट के बाद जमीन पर काम शुरू हो जाएगा।

---

### झांसी में जनसभा की, उप्र के सीएम योगी आदित्यनाथ के साथ किया रोड-शो

# मुख्यमंत्री डॉ. मोहन ने कहा- धर्म की बातें करते हैं तो कांग्रेसियों के पेट में होता है दर्द

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि सबका साथ-सबका विकास, यह बोलने के लिए नहीं, करके दिखाने के लिए है। भाजपा ने यह करके दिखाया है। भाजपा ही एक ऐसी पार्टी है, जिसमें एक गरीब का बेटा प्रधानमंत्री बनता है, एक गरीब का बेटा मुख्यमंत्री, सांसद, मंत्री बनता है।



उन्होंने कहा कि कांग्रेस पार्टी और इनके नेताओं को हमारे धर्मों की बातें चुभती हैं। हम मंदिरों, देवी-देवताओं का जयकारा लगाते हैं, तो इनको तकलीफें होती हैं। ये बोलते हैं कि भाजपा के लोग धर्म की बातें क्यों करते हैं? कांग्रेस ने हमेशा से सनातन धर्म का विरोध किया है, मंदिरों का विरोध किया है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव गुरुवार को हरियाणा के बाद उप्र के झांसी लोकसभा सीट में आयोजित जनसभाओं को संबोधित किया। उन्होंने उत्तरप्रदेश के झांसी में उप्र के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के साथ रोड-शो भी किया। यहां पर मुख्यमंत्री के रोड शो में जनसैलाब उमड़ा पड़ा। मुख्यमंत्री डॉ. यादव पर लगातार फूलों की बारिश होती रही। इससे पहले झांसी पहुंचे मुख्यमंत्री डॉ. यादव का अभूतपूर्व स्वागत, सत्कार किया गया। इसके बाद दोनों मुख्यमंत्री रथ पर सवार होकर झांसी की गलियों में घूमे।



### सबका साथ-सबका विकास सिर्फ भाजपा में

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि जो राम का नहीं, वो किसी काम का नहीं। सबका साथ सबका विकास, यह बोलने के लिए नहीं करके दिखाने के लिए है और इसे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने करके भी दिखाया है। मुख्यमंत्री उप्र के झांसी में आयोजित रोड शो में भी शामिल हुए। इस दौरान उनका अभूतपूर्व स्वागत, सत्कार हुआ। रोड शो में भाजपा के वरिष्ठ नेता व मप्र न्यू ज्वॉइनिंग टोली के प्रदेश संयोजक डॉ. नरोत्तम मिश्रा ने उत्तरप्रदेश के मुख्यमंत्री योगी के साथ रथ पर सवार होकर लोगों का अभिवादन स्वीकार किया। इस दौरान उन्होंने भी जनता का अभिवादन स्वीकार किया और स्वागत से भी अभिभूत नजर आए।

### कांग्रेस ने मंदिरों का किया विरोध

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने सभा को संबोधित करते हुए कहा कि कांग्रेस ने हमेशा से सनातन धर्म का विरोध किया है, मंदिरों का विरोध किया है। कांग्रेस ने सोमनाथ के मंदिर का विरोध किया था, इसका गवाह इतिहास भी है। कांग्रेस पार्टी 70 वर्षों तक अयोध्या के श्रीराम मंदिर निर्माण में रोड़ा डालती रही। हिन्दू-मुसलमान को लड़ाकर राजनीति करती रही। इन्होंने श्रीराम मंदिर निर्माण का भी विरोध किया। इससे बढ़कर इन्होंने जो पाप किया है, वह भी इतिहास में दर्ज होगा, क्योंकि कांग्रेस और इनके घमंडिया गठबंधन के नेताओं ने श्रीरामलला मंदिर की प्राण-प्रतिष्ठा का आमंत्रण भी ठुकराया था। अब जनता ही इन्हें ठुकराने वाली है।

---

### पुलिस की कार्रवाई में उर्दू-फारसी की जगह हिंदी का होगा इस्तेमाल

# मंत्रालय से पुलिस मुख्यालय तक पहुंचकर आदेश निकलने में लगे 29 महीने, दूरी महज डेढ़ किमी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

खास खबर

मप्र के सरकारी विभागों में फाइलों के चलने की गति क्या होती है, इसका अंदाजा गृह विभाग के एक पत्र के जरिए आसानी से पता किया जा सकता है। गृह विभाग ने पुलिस के दैनिक लिखा पढ़ी में उर्दू, फारसी आदि अन्य भाषाओं के प्रचलित शब्दों के स्थान पर हिंदी के शब्दों का अधिक प्रयोग करने को लेकर गृह विभाग के तत्कालीन अपर मुख्य सचिव डॉ. राजेश राजोरा ने 11 जनवरी 2022 को डीजीपी विवेक जौहरी को पत्र लिखा था।

करीब 29 महीने बाद अब जाकर इस फाइल पर क्रियान्वयन शुरू हुआ है। अब इसे लेकर सवाल उठ रहे हैं। दरअसल, तत्कालीन एसीएस डॉ. राजोरा ने अपने लेटर हेड पर तत्कालीन डीजीपी जौहरी को पत्र लिखकर कहा कि उर्दू फारसी आदि शब्दों के स्थान पर हिंदी भाषा के शब्दों का उपयोग किया जाए। उन्होंने बाकायदे करीब 69 शब्दों की एक सूची भी डीजीपी को सौंपी। इसमें हिंदी शब्दकोष के अनुसार हिंदी के शब्द दिए गए। हालांकि इसमें कई शब्द ऐसे भी हैं, जो पुलिस की लिखा पढ़ी के साथ ही आम बोल चाल की भाषा में भी प्रचलित है।

### लापरवाही बरती

*पुलिस के ज्यादातर लिखा-पढ़ी में उर्दू व अरबी शब्दों का चलन ज्यादा है। अब जाकर पुलिस मुख्यालय के अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक पवन कुमार श्रीवास्तव ने 13 मई 2024 को भोपाल पुलिस आयुक्त नगरीय पुलिस भोपाल व इंदौर के साथ ही प्रदेश के सभी पुलिस अधीक्षक, रेल व अजाक पुलिस अधीक्षक को पत्र लिखकर उक्त शब्दों की शब्दावली सहित निर्देश जारी किया है। उनसे कहा गया है कि अपने अधीनस्थ इकाईयों को वितरित कराकर अधिकाधिक हिंदी शब्दों का प्रयोग कराने का कष्ट करें। किंतु महत्वपूर्ण आदेश में भी अफसर हीलाहवाली करते रहे। हैं, इसका ज्वलंत उदाहरण है।*

### अन्य भाषाओं के प्रयोग को लेकर पुलिस विभाग ने एक बार फिर आपत्ति जताई

पुलिस विभाग द्वारा कार्रवाई में उर्दू-फारसी समेत अन्य भाषाओं के प्रयोग को लेकर विभाग ने एक बार फिर आपत्ती जताई है। विभाग का कहना है कि कार्रवाई में हिंदी भाषा के शब्दों का प्रचलन किया जाए। इस आशय से अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक में सभी अधीनस्थ अधिकारियों को निर्देशित किया है। आदेश में लिखा गया है कि वर्तमान में पुलिस विभाग द्वारा जो करवाई की जा रही है। उसमें उर्दू और फारसी सहित अन्य भाषाओं के शब्दों का प्रयोग किया जा रहा है। अपेक्षा की गई है कि पुलिस द्वारा की जा रही कार्रवाई में गैर हिंदी शब्दों के स्थान पर हिंदी शब्दों का इस्तेमाल किया जाए। इसके लिए विभाग द्वारा शब्दकोश भी अधीनस्थ अधिकारियों को भेजने के निर्देश दिए हैं।

---

## सट्टा में पैसों के लेन-देन करने दूसरों के नाम पर खुलवाए 150 खाते

**रायपुर।** सट्टा के पैसों के लेन-देन के लिए दूसरों के नाम पर बैंक पास बुक खुलवाने वाले तीन शातिर आरोपी महेश ताण्डी, राहुल कुमार देवांगन और ई शंकर राव को पकड़ा गया। आरोपियों की ओर से अब तक लगभग 150 से अधिक बैंक खाते खुलवाये गए हैं। प्रकरण में अब तक कुल 16 आरोपियों को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। रायपुर के गंज थाना में मामला दर्ज होने के बाद से पुलिस एक्शन मोड में आई। अब तक 16 आरोपियों की गिरफ्तारी हुई है। आरोपियों के कब्जे से 12 नग लैपटॉप, 55 नग मोबाइल फोन, 31 बैंक पास बुक, पांच चेक बुक और 34 नग एटीएम कार्ड जब्त किया गया है।

---

### भाजपा को ही दोष देना उचित नहीं, हम में भी कुछ कमियां हैं, जिन्हें दूर करेंगे

# कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष पटवारी बोले: चौकाएंगे चुनाव परिणाम, दो अंकों में पहुंचेगी कांग्रेस

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी ने बुधवार को पत्रकारवार्ता कर प्रदेश सरकार और केंद्र सरकार पर हमला बोला है। पटवारी



ने कहा कि हॉस्टल में मासूम बच्ची से दुष्कर्म करने वाले आरोपी स्कूल संचालक मनिराज मोदी सत्ता पक्ष से जुड़ा है, इसलिए उसके घर पर अब तक बुलडोजर नहीं चला। पटवारी ने लोकसभा चुनाव को लेकर कहा कि इंदौर और खजुराहो में भाजपा ने लोकतंत्र का अपहरण किया है। पटवारी ने कहा कि लोकसभा चुनाव परिणाम चौकाएंगे और कांग्रेस दो अंकों में पहुंचेगी। भाजपा में जा रहे कांग्रेस नेताओं पर कटाक्ष करते हुए पटवारी ने कहा कि कांग्रेस छोड़कर जाने वालों को अब भाजपा के मंच पर भी जगह नहीं मिल रही है।

### नए चेहरों को देंगे जिम्मेदारी

पटवारी ने जल्द ही संगठन में बदलाव करने की बात कही। पटवारी ने कहा कि कांग्रेस चार बार से चुनाव हार रही है। भाजपा को ही दोष देना उचित नहीं है। हममें भी कुछ कमियां हैं, जिन्हें दूर करेंगे। संगठन में जल्द ही बदलाव नजर आएगा। एमपी में कांग्रेस संगठन में जल्द ही बड़ा बदलाव होगा। इतना ही नहीं, पार्टी छोड़कर जाने वालों के लिए भी कांग्रेस नई रणनीति बना रही है।

### सरकार में दलाल सक्रिय, जल्द जारी करेंगे लिस्ट

जीतू पटवारी ने सरकार पर हमला करते हुए कहा कि मप्र में दलाल सक्रिय हैं। सत्ता पक्ष के नेताओं ने अपने दलाल हर विभाग में भेज दिए हैं। बहुत जल्द हम एक लिस्ट जारी करेंगे कि किस विभाग में और कार्यालय में कौन-कौन से दलाल सक्रिय हैं।

---

जीतू के बयान पर भाजपा प्रदेश मीडिया प्रभारी का पलटवार

## कांग्रेस को 29 नए अध्यक्ष पद के दावेदार मिलने वाले हैं: अग्रवाल

### पटवारी ने हार स्वीकार की, वह अध्यक्ष पद पर रहने लायक नहीं

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष जीतू पटवारी द्वारा मीडिया में दिए गए एक बयान पर भाजपा प्रदेश मीडिया प्रभारी



आशीष उषा अग्रवाल ने प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि हर चीज के लिए भाजपा जिम्मेदारी नहीं है, नतीजों से पहले जीतू पटवारी ने हार स्वीकार की, जीतू पटवारी प्रत्याशित हार स्वीकार कर उसका ठीकरा पूर्ववर्ती अध्यक्ष व संगठन पर फोड़ना चाहते हैं, उससे सिद्ध होता है कि वो पार्टी में अध्यक्ष पद पर रहने के लायक नहीं है।

### गृह क्षेत्र से कांग्रेस प्रत्याशी भाग गया

अग्रवाल ने कहा कि ये वहीं जीतू पटवारी हैं, जिन्होंने कहा था कि पार्टी गई तेल लेने। ये वहीं जीतू हैं जिनके गृहक्षेत्र से कांग्रेस का लोकसभा प्रत्याशी भाग जाता है और ये हाथ पर हाथ रखे बैठे रहे। आज पुनः साबित हो गया ही जीतू पटवारी संगठन संभालने में नाकाबिल है। इन्हें अपना नाम जीतू पटवारी से बदलकर हार पटवारी रख लेना चाहिए। वैसे कांग्रेस में हारे हुए नेताओं को अध्यक्ष बनाने की परंपरा रही है। 4 जून से जीतू पटवारी को पद से हटाने के लिए कांग्रेस को 29 नए अध्यक्ष पद के दावेदार मिलने वाले है।

---

## चार धाम गए 3 भक्तों की मृत्यु पर परिजनों को 4-4 लाख की सहायता

**भोपाल।** चार धाम तीर्थयात्रा पर गए मध्यप्रदेश के तीन श्रद्धालुओं का दिल का दौरा पड़ने से असामयिक निधन हो गया। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन इस घटना पर शोक व्यक्त किया है। उन्होंने कहा कि समाचार अत्यंत पीड़ादायक है। ईश्वर दिवंगत आत्माओं की शांति एवं परिजनों को यह गहन दुःख सहने की शक्ति प्रदान करें। डॉ. यादव ने कहा कि मृतकों के परिजनों को मध्यप्रदेश शासन की ओर से 4-4 लाख रुपए की अंतरिम सहायता राशि प्रदान की जाएगी। यात्रा में गए प्रदेश के श्रद्धालुओं के लिए हेल्पलाइन नं. 011-26772005 , 0755-2708055 एवं 0755-2708059 भी जारी किया गया है।

---

### वन विभाग के कर्मचारी मौके पर पहुंच कर आग बुझाने का कर रहे प्रयास

# पेंड्रा वन परिक्षेत्र में सागौन के जंगल में लगी भीषण आग



हरिभूमि न्यूज ▶▶ मरवाही

मरवाही वन मंडल के पेंड्रा वन परिक्षेत्र के पतगवा झाबर गांव मुख्य मार्ग के पास सागौन प्लांट में आग लग गई। आग लगने से सागौन प्लांट का एक बड़ा इलाका जल गया। आग लगने की खबर मिलने के बाद वन विभाग के कर्मचारी मौके पर पहुंचे और आग बुझाने का प्रयास किया। हालांकि तेज हवा और धधकती आग से आग पर काबू पाने में काफी परेशानी हो रही है।

संसाधन नहीं होने की वजह से आग को काबू करने में काफी परेशानी हो रही है। सूखे पत्ते और तेज हवाओं की वजह से आग तेजी से जंगल में फैल रही है। हालांकि आग लगने से प्लांट में मौजूद छोटे-छोटे पौधे जलकर खाक हो गए हैं।

### चनवारीडांड में फॉरेस्ट डिपो के पास मिला युवक का शव हत्या की आशंका

**महेंद्रगढ़।** चनवारीडांड में फॉरेस्ट डिपो के पास एक युवक का शव मिलने से सनसनी फैल गई। युवक की अज्ञात लोगों द्वारा हत्या की आशंका जताई जा रही है। मौके पर कोतवाली पुलिस पहुंचकर आगे की कार्रवाई कर रही है। अंबिकापुर से फोरेंसिक और डॉग स्क्वाड की टीम भी मौके पर पहुंची है। मृतक की शिनाख्त मनेन्द्रगढ़ निवासी रईस अहमद के रूप में की गई है। पुलिस का कहना है के शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है, रिपोर्ट आने के बाद ही मौत के सही कारणों का खुलासा हो सकेगा।

---

### कांग्रेस नेता विक्रम बैस हत्याकांड का खुलासा

# रंजिश के चलते रची गई मौत की साजिश, गंडासे से हमला कर मारी थी गोली, अलग-अलग जगहों से 6 आरोपी अरेस्ट

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नारायणपुर

नारायणपुर में कांग्रेस नेता विक्रम बैस हत्याकांड का नारायणपुर पुलिस ने गुरुवार को खुलासा किया है। हत्या की घटना में शामिल छह आरोपियों को पुलिस ने अलग-अलग जगह से गिरफ्तार किया है। आरोपियों ने नारायणपुर निवासी विक्रम बैस की रंजिश के चलते हत्या की थी। घटना में इस्तेमाल पिस्टल, गंडासा, दोपहिया वाहन और आरोपियों के मोबाइल को जब्त किया गया है। हत्या की साजिश रचने वाला मुख्य आरोपी मनीष राठौर फरार है।

नारायणपुर पुलिस अधीक्षक प्रभात कुमार ने बताया कि 13 मई की रात में अज्ञात व्यक्तियों ने कांग्रेस नेता विक्रम बैस की गोली मारकर हत्या कर दी थी। आरोपियों को पकड़ने के लिए साइबर टीम और पुलिस की अलग-अलग टीम का गठन किया गया था। सीसीटीवी फुटेज व साइबर एनालिसिस के आधार पर मनीष राठौर निवासी नारायणपुर का नाम सामने आया।



मनीष राठौर, जसप्रीत सिंह सिद्धू, विश्वजीत नाग, विप्लव और विवेक अधिकारी ने लगभग डेढ़ महीने पहले हत्या की साजिश रची थी।

मनीष राठौर ने भिलाई के इंडियन कॉफी हाउस में पिस्टल खरीदने और हत्या की प्लानिंग करने के लिए विश्वजीत नाग, राजीव रंजन यति उर्फ राजू उर्फ बिहारी, संदीप यादव उर्फ संजू और सैमुआल उर्फ रायनुन्तलम के साथ मीटिंग की। हत्या में उपयोग हुआ पिस्टल जिला सिवान बिहार से लाया गया था। घटना को अंजाम देने से पहले दो दिनों तक आरोपियों ने विक्रम बैस की रेकी की थी। घटना के दिन विक्रम बैस को अकेला पाकर आरोपी संजू यादव और विश्वजीत नाग ने मिलकर गंडासा से वार कर और पिस्टल से गोली मारकर उसकी हत्या कर दी। घटना में प्रयुक्त पिस्टल को मनीष राठौर के गोदाम में छुपा दिया गया था।

### बाइक चोर गिरफ्तार शराब पीने के लिए चुराया था वाहन



**जगदलपुर।** शहर के कोतवाली थाना क्षेत्र में रहने वाले दो युवक शराब पीने के आदि थे। शराब पीने के लिए पैसे नहीं होने पर खपरा भट्ठी के पास खड़ी मोटरसाइकिल चोरी कर ली। पीड़ित ने थाने पहुंचकर मामले की शिकायत की। पीड़ित की तहरीर के आधार पर पुलिस ने 24 घंटे के अंदर आरोपी को गिरफ्तार कर उससे कब्जे से बाइक बरामद की है। शिकायकर्ता सौरभ जैन ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि जितेंद्र सिंह नाम साईनाथ कमर्शियल खपरा भट्ठी कपड़ा गोदाम की रखवाली करता है। रोज की तरह जितेंद्र ने अपनी बाइक गोदाम के बाहर खड़ी की थी। सुबह बाइक वहां से गायब थी।

### नवविवाहित का संदिग्ध परिस्थितियों में कुएं में मिला शव

**बलरामपुर।** रामचंद्रपुर विकासखंड के ग्राम पंचायत चेरा में नवविवाहित का शव संदिग्ध परिस्थितियों में कुएं में मिला। सिर में गंभीर चोट के निशान थे। विवाहिता के मायके के लोगों ने बेटी को दहेज के लिए मारकर कुएं में डालने का आरोप लगाते हुए कार्रवाई की मांग की है। विवाहिता के मायके वालों का आक्रोश देखते हुए बड़ी संख्या में पुलिस बल मौके पर बुलाया गया। जानकारी के अनुसार, पूजा यादव की शादी चेरा गांव में रहने वाले आशीष यादव के साथ 2 मई 2023 को हुई थी। शादी में मायके वालों ने दहेज में पांच लाख रुपए नगद और दो लाख का सामान दिया था। इसके बाद भी पति दहेज को लेकर पूजा को प्रताड़ित करता था। तंग आकर मायके वालों ने 55 हजार रुपए फोन-पे के माध्यम से आशीष के मोबाइल पर 7 फरवरी भेज दिए। इसके बाद भी लालच कम नहीं हुआ और वह रुपए मांगता रहा। मायके वालों ने आरोप लगाते हुए कहा कि पति आशीष यादव, ससुर जयप्रकाश यादव, रीता यादव, मनीष यादव और नितेश यादव ने पूजा के साथ मारपीट की, जिससे उसकी मौत हो गई, मौत होने के बाद शव को कुए में डाल दिया है।

## खबर संक्षेप

### एसपी ऑफिस में आत्मदाह के प्रयास मामले में आयोग ने लिया संज्ञान

**जबलपुर।** गत दिनो एक महिला द्वारा पुलिस अधीक्षक कार्यालय परिसर में आत्मदाह करने का प्रयास करने का मामला सामने आया है। डेढ़ साल पहले पीड़ित महिला ने ससुराल वालों के खिलाफ उसे प्रताड़ित करने और दहेज की मांग को लेकर शिकायत दर्ज कराई थी, लेकिन अब तक उसकी शिकायत पर कोई कार्रवाई नहीं होने से महिला को कई तरह की परेशान का सामना करना पड़ रहा था और ससुराल पक्ष उसे लगातार प्रताड़ित कर रहे है। व्यथित व परेशान होकर महिला ने आत्मघाति कदम उठाया। मध्यप्रदेश मानव अधिकार आयोग के क्षेत्रीय कार्यालय प्रभारी फरजाना मिर्जा ने बताया कि समाचार पत्रों में प्रकाशित समाचार के आधार पर मामले में संज्ञान लेकर मध्यप्रदेश मानव अधिकार आयोग की मुख्यपीठ भोपाल मे प्रकरण पर सुनवाई करते हुए, अध्यक्ष मनोहर ममतानी व सदस्य राजीव कुमार टंडन ने मानव अधिकारों के हनन का मामला पाते हुए, जबलपुर के पुलिस अधीक्षक से मामले की जांच कराकर की गई कार्रवाई के सम्बन्ध में तीन सप्ताह में प्रतिवेदन तलब किया है।

### शाखा प्रबंधक को किया निलंबित

**जबलपुर।** कलेक्टर दीपक सक्सेना के प्रतिवेदन पर प्रबंध संचालक, मध्यप्रदेश वेयर हाउसिंग एंड लॉजेस्टिक कॉर्पोरेशन ने प्रियंका पठारिया, शाखा प्रबंधक को निलंबित कर दिया है। निलंबन आदेश में कहा गया है कि उनके द्वारा सेवा सहकारी संस्था सूखा भारतपुर कैन्द्र क्र. 1 कोड 56233193 उपार्जन स्थल राघव वैयरहाउस कुलौन तहसील शहपुरा में गेहूं खरीदी में अपने कर्तव्यों के निर्वहन में घोर लापरवाही एवं उदासीनता बरती गई है। जिसके परिणामस्वरूप जिला प्रशासन व शासन के समक्ष निगम की छवि धूमिल हुई। अतएव, श्रीमती प्रियंका पठारिया को वेयरहाउसिंग कार्पोरेशन्स एक्ट 1962 की कंडिका 23(2) (a) के तहत तत्काल प्रभाव से निलंबित किया गया है। निलंबन अवधि में श्रीमती पठारिया को क्षेत्रीय कार्यालय जबलपुर संलग्न किया गया है।

### पति की मौत के बाद महिला ने फांसी लगाई

**जबलपुर।** गोराबाजार थाना अतंर्गत बड़े हनुमान मंदिर के पास सामने बिलहरी गोराबाजार में एक महिला ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। बताया गया है कि महिला के पति की पांच माह पहले मौत हो गई थी और वह अपनी माँ के साथ रहती थी। पुलिस ने मर्ग कायम कर मामला जांच में लिया है।गोराबाजार पुलिस थाने से प्राप्त जानकारी के अनुसार बड़े हनुमान मंदिर के सामने बिलहरी निवासी 35 वर्षीय श्रीमति नीमा रघुवंशी ने गत रात बाहर वालें कमरे की सीलिंग में नायलोन की रस्सी से फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। बताया गया है कि श्रीमति नीमा के पति की पांच माह पहले मौत हो गई थी और वह अपनी माँ मीनाबाई के साथ रहती थी। गत रात वह अपनी माँ के कमरे में माँ के साथ सोई थी। गुरुवार की सुबह जब उसकी माँ मीनाबाई उठी तो देखी नीमा ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली।

### दिव्यांग की पानी में डूबने से मौत

**जबलपुर।** मझौली थाना अतंर्गत ग्राम दौरा पुल सुहार नदी में मछली मारने गए एक दिव्यांग युवक की पानी में डूब जाने के कारण मौत हो गई। पुलिस ने मर्ग कायम कर मामला जांच में लिया है।मझौली पुलिस थाने से प्राप्त जानकारी के अनुसार ग्राम खितौला मझौली निवासी 17 वर्षीय शिवकुमार उर्फ गुलशन कोल बाये हाथ से दिव्यांग है। गत दोपहर 12 से 1 बजे के बीच शिवकुमार उर्फ गुलशन मछली मारने गया था जो देर तक घर नहीं पहुंचा उसके पिता रज्जू कोल ने आसपास पता किया तो पता चला कि दौरा पुल के नीचे सुहार नदी में शिवकुमार उर्फ गुलशन पानी में उतराता मिला।

## धूल भरी आंधी चलने की चेतावनी



# मौसम धीरे-धीरे हो रहा शुष्क, अब बढ़ेगा पारा

**जबलपुर।** सूर्य देव अपना जलवा बिखेर रहे हैं। पश्चिमी विक्षोभ के प्रभाव से आसमान पर हल्के बादल घिर आये हैं। लेकिन गर्मी से कोई राहत नजर नहीं आ रही है। दोपहर में 30 से 40 किलोमीटर की रफ्तार से चली दक्षिण पूर्वी हवाओं की वजह से तापमान 39 डिग्री पर स्थिर रहा। मौसम विभाग के मुताबिक पारे की नरमी के बीच कुछ स्थानों पर धूल भरी आंधी चल सकती है लेकिन मौसम शुष्क रहेगा। दिन में लू के थपेड़े शरीर को झुलसा रहे थे। वहीं गर्म हवाओं के थपेड़े जनजीवन को परेशान करने लगे हैं। दिन में जहां तेज धूप की तपन ने खूब पसीना बहाया, वहीं शाम को उमस ने हलाकान किया। गुरुवार को आसमान में बादलों के छाने से तापमान की उछाल पर ब्रेक लगा, लेकिन हवा में नमी बढ़ जाने से उमस का वातावरण बन गया। दोपहर बाद आसमान पर बादलों की आवाजाही बनी रही।

स्थानीय मौसम विज्ञान केन्द्र के प्रवक्ता ने बताया कि राजस्थान से आये चक्रवाती हवाओं के घेरे की वजह से हवा के कम दबाव का क्षेत्र बना और आसमान पर बादलों ने घेरा डाला और तापमान की रफ्तार पर लगाम लगाई। पिछले 24 घंटों के दौरान नगर का अधिकत्तम तापमान 39.7 डिग्री सेल्सियस सामान्य से 2 डिग्री कम दर्ज किया गया है, वहीं न्यूनतम तापमान 25.4 डिग्री सामान्य से 3 डिग्री कम दर्ज किया गया है। हवा में नमी प्रातः काल 47 प्रतिशत और सायंकाल 38 प्रतिशत आंकी गई। सूर्योदय सुबह 5.28 पर और सूर्यास्त शाम 6.45 मिनिट पर दर्ज किया गया। प्रदेश में सबसे अधिक 43.7 डिग्री तापमान दतिया जिले में दर्ज किया गया। दक्षिण पूर्वी हवायें 6 किलोमीटर प्रतिघंटे की रफ्तार से चलीं। गत वर्ष आज के दिन का अधिकतम तापमान 40.5 और न्यूनतम तापमान 26.6 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया था। अगले 24 घंटों के दौरान अनेक स्थानों पर धूल भरी आंधी चल सकती है, मौसम आमतौर पर शुष्क रहेगा।

## सिर्फ ख्वाबों में स्मार्ट सिटी की चाहत

# बिगड़ैल यातायात को कौन करेगा नियंत्रित ?

जबलपुर।

स्मार्ट सिटी का सपना संजोये शहर की बिगड़ी यातायात व्यवस्था किसी से छिपी नहीं है, मुख्य चौक, चौराहे, तिराहे हों या एकांगी मार्ग कोई भी वाहन चालक अपनी मर्जी मुताबिक वाहन चलाने, उसे गलत दिशा में पार्क करने में गौरव महसूस करता है, फिर चाहे इससे दूसरे वाहन चालक या राहगीर को तकलीफ उठानी पड़े या अन्य वाहन से टकरा जाए इससे व्यवस्था करनी वाली यातायात पुलिस को कोई मतलब नहीं। अखबारों में बार-बार लेख किए जाने के बाद भी विभाग समस्या पर ध्यान नहीं देता।

### सिर्फ वसूली पर ध्यान-

शहर में प्रमुख मार्गों, चौराहों पर हेलमेट, वाहन चेकिंग के नाम पर आये दिन पुलिसिया कार्यवाही की जाती है, इनसे बचने अधिकांशतः दोपहिया वाहन चालक गंतव्य की बजाय अपनी दिशा बदल देते हैं जिससे पीछे से आने वाले वाहन चालक दुर्घटनाग्रस्त होते हैं, जिस पर विभाग द्वारा कोई कार्यवाही नहीं की जाती।

### स्मार्ट सिटी ख्वाबों में-

स्मार्ट सिटी का सपना संजोये प्रशासन को अपनी सभी व्यवस्थाएं भी स्मार्ट करना होगी, वरना स्मार्ट सिटी का ख्वाब पूरा हो सकेगा, ऐसा प्रतीत नहीं होता।

### कैसी कार्यवाही जिस पर अमल नहीं



आवागवन को सुलभ बनाने बार-बार कार्यवाही का ढिंढोरा पीटा जाता है, लेकिन चंद घंटों बाद कार्यस्थल की स्थिति जस की तस हो जाती है। आटो हो या ई-रिक्शा चालक घंटों सवारी तलाशने झुंड में खड़े रहते हैं, जिस पर भी यातायात पुलिस सख्ती नहीं बरतती जिससे इन्हें मनमानी की खुली छूट मिली हुई है।

### दिशाहीन चालक भरते है फर्राटे

हर में यातायात व्यवस्था के नाम पर कोई ठोस कार्यवाही नहीं की जाती जिससे दिशाहीन वाहन चालक फर्राटा भरते गलत दिशा से अपना मुकाम पाते हैं, वहीं प्रतिष्ठानों के सामने खड़े वाहन सड़क की चौड़ाई को और कम कर देते हैं, जो जाम का मुख्य कारण बनते हैं। पुलिस के इस लचीलेपन से अन्य लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ता है।

## उपभोक्ता मंच ने प्रधानमंत्री और मुख्यमंत्री को ईमेल से पत्र भेजा

# मेडिकल यूनिवर्सिटी एफडी घोटाले की सीबीआई जांच की मांग

**जबलपुर।** विगत कुछ वर्षों में प्रदेश की एकमात्र मेडिकल यूनिवर्सिटी मध्य प्रदेश आयुर्विज्ञान विश्वविद्यालय जबलपुर में फिक्स्ड डिपॉजिट (एफडी) के मामले में भारी अनियमितता की गई है जिसमें बड़े भ्रष्टाचार की पूर्ण संभावना है उव्ताशय का आरोप लगाते हुए सीबीआई इन्क्वायरी की मांग नागरिक उपभोक्ता मार्गदर्शक मंच तथा अभिभावक संगठन मध्य प्रदेश द्वारा प्रधानमंत्री, मुख्य मंत्री को ईमेल कर की है। नागरिक उपभोक्ता मार्गदर्शक मंच के संयोजक मनीष शर्मा ने यहां पत्रकारों से चर्चा के दौरान बताया कि मेडिकल यूनिवर्सिटी में एफडी घोटाले की जांच हेतु यूनिवर्सिटी द्वारा एक कमेटी गठित की गई है परंतु मामला गंभीर है। श्री शर्मा ने कहा है कि पूर्व में वित्त नियंत्रक द्वारा वर्ष 2020-2021 में चालू खाते में 40 करोड़ से अधिक की एफ डी की थी जिसके संबंध में वित्त नियंत्रक को नोटिस जारी किए गए इसकी ऑडिट हेतु




ऑडिटर को निर्देशित किया गया था परंतु ऑडिटर द्वारा 2018-19 के लेखों की जगह 2021-2022 की लेखों का ऑडिट कर रिपोर्ट प्रस्तुत की, स्पष्ट रूप से भ्रष्टाचार को छुपाने का प्रयास किया गया इस अवधि में कुलगुरु श्री दुबे तथा कार्यवाहक कुल गुरु संभागायुक्त थे। मंच ने गंभीर आर्थिक अनियमितता का आरोप लगाते हुए यूनिवर्सिटी स्तर पर जांच कमेटी को नाकाफी बताते हुए इस मामलें की सीबीआई से जांच कराने की मांग की गई है इसके संबंध में एक पत्र देश के प्रधानमंत्री और प्रदेश के मुख्यमंत्री को ईमेल से भेजा गया है जिसमें पूरे मामलें की गंभीरता से जांच सीबीआई से करवाने की मांग की गई है।

## औसत बिल से उपभोक्ता परेशान

# शहर में जल रहे 7 हजार खराब मीटर !

जबलपुर। एक तरफ गर्मी की मार है दूसरी तरफ विद्युत कंपनियों की, इन दो पहियों के बीच आम उपभोक्ता पिस रहा है। लेकिन इस तकलीफ को दूर करने में शासन और प्रशासन दोनों को दिलचस्पी नहीं है। विद्युत विभाग यह मान रहा है कि शहर में लगे करीब साढ़े सात हजार मीटर खराब हो चुके है। लेकिन फिर भी इन मीटरों को बदलने की दिशा में कोई ठोस प्रयास नहीं हो रहे हैं। जिसके नतीजे में जहां एक तरफ उपभोक्ता को मनमाने बिल मिल रहे हैं, वहीं दूसरी तरफ शार्ट सर्पिट की घटनाएं भी बढ़ने लगी हैं। जानकारी के मुताबिक गर्मी के मौसम में अब तक शहर में लगभग साढ़े सात हजार मीटर या तो जल गए या फिर खराब हो गए। उपभोक्ताओं ने इसकी शिकायत मध्य प्रदेश पूर्व क्षेत्र विद्युत वितरण कम्पनी के सिटी सर्पिल के दफ्तर में की है। तीन दिन में मीटर बदलने का दावा करने वाले अफसर पांच से सात दिन में मीटर नहीं बदल पा रहे हैं।



### औसत बिल का खेल शुरु

गौरतलब है कि मीटर बंद होने पर आमतौर पर बिजली कंपनी उपभोव्ता की पिछले तीन माह की मासिक खपत का औसत निकालकर उसी आधार पर बिजली का बिल जारी करता है। जो मीटर बंद हैं वहां औसत बिल भेजने का खेल शुरु हो गया है। जिससे आर्थिक चपत आम उपभोव्ता को लग रही है।

### बढ़ रहे हादसे

वहीं खराब मीटरों की वजह से शहर में छोटे बड़े हादसे बढ़ रहे हैं। शार्ट सर्पिट जैसी घटनाएं जो विकराल अग्नि हादसे का रूप लेती हैं, उनकी वजह भी यही खराब मीटर बताए जाते हैं। लेकिन उसके बाद बिजली विभाग इस दिशा में गंभीर नहीं है।

## निगरानी बदमाश की अंधी हत्या का खुलासा

**जबलपुर।** पुलिस अधीक्षक कार्यालय (एसआरपी) रेंज जबलपुर अंतर्गत बुधवार को हुई अंधी हत्या का खुलासा जीआरपी ने गुरुवार को कर दिया। सतना जीआरपी चौकी प्रभारी राजेश राज ने बताया कि बुधवार की रात रेलवे स्टेशन सतना में आरपीएफ पोस्ट के नजदीक सोते समय एक निगरानी शुदा बदमाश सोनू शुक्ला की अज्ञात द्वारा हत्या कर दिये जाने की जानकारी प्राप्त हुई थी। जानकारी लगते ही जीआरपी ने शव की जांच के लिए फोरेंसिक एक्सपर्ट डॉ. महेन्द्र सिंह एफएसएल टीम के साथ मौके पर पहुंच गये। जांच उपरांत सिर पर पत्थर पटक कर हत्या किये जाने की बात सामने आने पर जीआरपी ने अंधी हत्या का केस रजिस्टर्ड कर जांच प्रारंभ कर दी। मुखबिरों की सूचना पर हत्या में संलिप्त समझे जाने वाले दो आरोपियों के चार ठिकानों पर जीआरपी ने लगातार दबिश दी और देर रात हत्या के आरोपियों को पकड़ लिया गया।

## 1 आरोपी गिरफ्तार, 16 सौ पाव देशी मदिरा जब्त

# कार में निकली डेढ़ लाख की शराब

**जबलपुर।** पाटन नगर परिषद के सामने मैदान में एक डिजायर कार में शराब की तस्करी करने वालें आरोपी को गिरफ्तार कर पुलिस ने कार में रखी 1650 पाव देशी शराब जब्त की है जिसकी कीमत लगभग 1 लाख 65 हजार रुपए बताई गई है। पुलिस ने शराब की तस्करी में प्रयुव्त 5 लाख कीमत की कार भी जब्त कर लिया है।

पाटन थाना प्रभारी नवलसिंह आर्य ने बताया कि पंचशील नगर ज्ञान विहार सांई बाबा मंदिर के पीछे गोरखपुर निवासी 35 वर्षीय मयंक मन्नेवार गत दिवस डिजायर कार क्रमांक एमपी 20 सीजे 6013 में शराब की पेटियां रखकर जबलपुर से पाटन की ओर आ रहा है। मुखबिर की सूचना पर पहुंची पुलिस ने नाका नंबर 2 हनुमान मंदिर के पास दबिश दी जहां पुलिस



को देखते ही आरोपी वहां से भागने लगा, जिसका पीछा करते हुए नगर परिषद पाटन के सामने मैदान में आरोपी को रोका गया और उसे गिरफ्तार कर लिया। कार चैक करने पर ड्रायवर के पीछे वाली सीट 24 कार्टून एवं डिक्की में 09 खाकी रंग के कार्टून में 50-50 पाव देशी शराब के कुल 1 हजार 650 पाव शराब जब्त की है। जब्त की गई शराब की कीमत लगभग 1 लाख 65 हजार रूपये बताई गई है। आरोपी मयंक मन्नेवार के कब्जे से कुल 1 हजार 650 पाव देशी शराब एवं शराब परिवहन में प्रयुव्त डिजायर कार जप्त करते हुये आरोपी मयंक मन्नेवार के विरूद्ध धारा 34(2) आबकारी एक्ट के तहत कार्रवाई कर मामला जांच में लिया है।

## जबलपुर एयरपोर्ट में पैसेंजर बोर्डिंग ब्रिज चालू

**जबलपुर।** जबलपुर एयरपोर्ट पर पहली बार पैसेंजर बोर्डिंग ब्रिज चालू किया गया। जबलपुर एयरपोर्ट से पी बी बी सुविधा शुरू होने पर यात्रियों में खुशी है और उन्होंने जबलपुर एयरपोर्ट प्रबंधन की सराहना की गई। इस अवसर पर विमान पतन के निर्देशक राजू रतन पांडेय, एवं उनकी टीम में वी. के. सूरी, नीरज कुमार, वी. के. सिंह, के. एस. धमाले, अजय साहू, हर्ष त्रिपाठी, राहुल मानकर, सुसिखा विश्कर्मा, इंडिको प्रभारी सुहिना नायडू, विवेक श्रीवास्तव, आदि के सतत प्रयासों से यह सुविधा प्रारंभ कराई गई है।

# सेक्शन मशीन की चपेट में आए क्लीनर के बाद ड्रायवर की भी मौत

**जबलपुर।** करीब दो सप्ताह सिविल लाईन में नगर निगम की सेक्शन मशीन की चपेटे में आकर घायल हुये चालक ने भी गुरुवार सुबह तड़के इलाज के दौरान दम तोड़ दिया। पूर्व हादसे में घायल क्लीनर की उसी दिन ही मौत गई थी। चालक की मौत के बाद पुलिस ने पंचनामा कार्रवाई कर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। गौरतलब है कि, 4 मई शाम 5.30 बजे नगर निगम में सफाई का ठेका लेने वाली अल्ट्रा एजेंसी के कर्मचारी जय सिंह और आकाश मलिक सक्शन मशीन लेकर सिविल लाइन में सफाई कार्य करने जा रहे थे। जैसे ही गाड़ी प्लेटफॉर्म नंबर 1 के पास पहुंची तो ब्रेक फेल हो गए। इसके बाद अधिकारियों ने ट्रेक्टर बुलाया और मशीन को टोचन कर ले जाने लगे। टोचन करते वव्त रस्सी टूट गई और दोनों गाड़ी की चपेट में आ गए , जिन्हें उपचार हेतु अस्पताल ले जाया गया। जहां आकाश की उसी दिन रात को ही मौत हो गई, जबकि जय का उपचार चलता रहा, लेकिन उसकी हालत में सुधार नहीं आया और बीती रात उसकी भी मौत गई। बताया जाता है कि पिछले दो-तीन दिनों से जय सिंह की हालत ज्यादा बिगड़ने लगी थी, जिसे देखते हुए नगर निगम के कुछ कर्मियों और ठेका कंपनी ने मिलकर उसे मेडिकल से प्राइवेट अस्पताल में शिफ्ट कराया, लेकिन वहां भी उसकी हालत में सुधार नहीं आया और उसकी मौत हो गई।

## मुखबिर की सूचना पर पहुंची पुलिस

# आईपीएल क्रिकेट का सट्टा खिलाते सटोरिया गिरफ्तार

**जबलपुर।** ओमती पुलिस और क्राईम ब्रांच की टीम ने गत रात जयंती कॉम्पलेक्स के पास आईपीएल क्रिकेट मैच का सट्टा खिला रहे एक सटारिए को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से 1 मोबाइल एवं नगद 4 हजार 700 रुपए जब्त किए है। ओमती थाना प्रभारी वीरेंद्र सिंह पवार ने बताया कि शारदा मंदिर के पास शारदानगर रिछाई बरेला निवासी 32 वर्षीय मनीष कुमार यादव आरआर दुकान मोबाइल जयंती कॉम्पलेक्स में निवास करता है। गत रात जयंती कॉम्लेक्टस के पास मनीष कुमार कुछ लोगों को आईपीएल का सट्टा खिला रहा था। मुखबिर की सूचना



पर पहुंची पुलिस ने सुलम कॉम्पलेक्स के पास आरोपी मनीष कुमार को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से एक मोबाइल और नगद 4 हजार 700 रुपए जब्त किए है।

## एक प्रश्न को गलत मानते हुए उसे डिलीट करने हाईकोर्ट ने दिए निर्देश

# डिलीट किए गए प्रश्न के अंक सभी अभ्यर्थियों को दिए जाएंगे

**जबलपुर।** हाईकोर्ट ने पीएससी 2023 की प्रारंभिक परीक्षा के एक प्रश्न (प्रेस की स्वतंत्रता) को गलत मानते हुए उसे डिलीट करने के निर्देश दिए। वहीं एक अन्य प्रश्न (कबड्डी संघ का मुख्यालय) का पीएससी द्वारा दिए गए उत्तर 'दिल्ली' को गलत माना। कोर्ट ने इसके उत्तर 'जयपुर' को सही करार दिया। डिलीट किए गए प्रश्न के अंक सभी अभ्यर्थियों को दिए जांएगे। वहीं दूसरे प्रश्न का उत्तर जिन्होंने जयपुर दिया है, उन्हें की उसके अंक मिलेंगे। हालांकि कोर्ट ने इसके पहले सिविल सेवा की 11 मार्च को आयोजित मुख्य परीक्षा में शामिल होने की अनुमति दे दी थी।



इन उम्मीदवारों का रिजल्ट अब हाईकोर्ट के इस फैसले के आधार पर तैयार किया जाएगा। जस्टिस विवेक अग्रवाल की एकलपीठ ने राज्य वन सेवा की मुख्य परीक्षा के लिए नई मेरिट लिस्ट जारी करने के निर्देश दिए हैं। यह परीक्षा 30 जून से होना है। यहां बता दें कि राज्य वन सेवा की मुख्य परीक्षा में शामिल होने के लिए उम्मीदवारों को पीएससी प्रारंभिक परीक्षा उत्तीर्ण करना अनिवार्य है।

याचिकाकर्ताओं की ओर से अधिवक्ता अंशुल तिवारी ने बताया कि पीएससी-प्री परीक्षा में पूछे गए सवालों में से कुछ प्रश्न ऐसे हैं, जिन पर आपत्ति पेश की गई थी। इसे लेकर प्रदेश के अलग-अलग जगहों से 19 याचिकाएं मुख्यपीठ में दायर की गई थीं। भोपाल के अभ्यर्थी आनंद यादव ने राज्य सेवा परीक्षा, 2023 के प्रारंभिक परीक्षा में पूछे गये 3 विवादित प्रश्नों को चुनौती दी थी। फ्रीडम ऑफ प्रेस से जुड़ा सवाल, ग्रीन मफलर किस प्रदूषण से संबंधित है, एमेच्योर कबड्डी फेडरेशन का हेडक्वार्टर से जुड़े सवालों पर आपत्ति पेश की गई थी। पिछली सुनवाई के दौरान कोर्ट ने साफ कहा था कि चूंकि यह जनहित याचिका नहीं है, इसलिए उन्हीं उम्मीदवारों के प्रकरणों पर विचार किया जाएगा जिन्होंने आपत्ति पेश की है और याचिका दायर की है। अन्य याचिकाकर्ताओं की ओर से अधिवक्ता आशीष मिश्रा, एमके मिश्रा, संजयराम ताम्रकार व अन्य ने पैरवी की।

## स्टेटबार ने कलेक्टर को पत्र लिखा

# आरआई पटवारी तहसीलों में कर रहे मनमानी

**जबलपुर।** स्टेट बार ने कलेक्टर को पत्र लिखकर तहसीलों के निरीक्षण की मांग की है। वाइस चेयरमैन आरके सिंह सैनी ने पत्र के जरिये वकीलों की शिकायत से अवगत कराया है। उनका कहना है कि तहसीलों में विधि व्यवसाय करने वाले वकीलों को काफी परेशानी हो रही है। उनका आरोप है कि राजस्व निरीक्षक, तहसीलदार व पटवारी ठीक से कार्य नहीं कर रहे। शिकायत करने पर कोई नतीजा नहीं निकलता। लिहाजा, भ्रष्टाचार मचा हुआ है। इस स्थिति को गंभीरता से लेकर कलेक्टर हाट बाजार-अधारताल तहसील, गोरखपुर तहसील, कुंडम तहसीलों का निरक्षण करें ताकि उनको सही तथ्यों का पता चल सके। यदि समय रहते तहसीलदार, एसडीएम, पटवारी व आरआई को भ्रष्टाचार करने से नहीं रोका गया तो भविष्य में इसके गंभीर गंभीर होंगे। अधिवव्ता आंदोलित हो सकते हैं। समय का तकाजा यह भी है कि लंबे समय से एक ही जगत जमे तहसीलदार, एसडीएम, पटवारी व आरआई का स्थानांतरण किया जाए।

## हाईकोर्ट ने ट्रस्ट को नोटिस जारी कर जवाब मांगा

# श्री ठाकुर बिहारीजी महाराज कुचैनी ट्रस्ट की जमीन पर अतिक्रमण और बिना अनुमति निर्माण को चुनौती

जबलपुर।

मध्यप्रदेश हाईकोर्ट में एक याचिका दायर कर श्री ठाकुर बिहारीजी महाराज कुचैनी ट्रस्ट की जमीन पर अतिक्रमण और बिना अनुमति निर्माण को चुनौती दी गई है। जस्टिस एमएस भट्टी की एकलपीठ ने ट्रस्ट को नोटिस जारी कर जवाब मांगा है। कोर्ट ने नगर निगम आयुक्त और भवन अधिकारी को भी जवाब पेश करने की स्वतंत्रता दी है। वहीं कोर्ट ने याचिकाकर्ता राजेन्द्र तिवारी को निर्देश दिए कि सभी दस्तावेजों सह याचिका की एक कॉपी अनावेदक सुशील तिवारी (विधायक) के अधिवक्ता को सौंपने के निर्देश दिए।



जबलपुर निवासी राजेन्द्र तिवारी की ओर से अधिवक्ता मोहम्मद अली ने पक्ष रखा। उन्होंने बताया कि खसरा क्रमांक 24, 25, 26, 27, 28 एवं 29 की जमीन उक्त ट्रस्ट के नाम पर है। जमीन के कुछ हिस्से में ट्रस्ट ने निर्माण कराया है, लेकिन अधिकांश जमीन खाली पड़ी है। याचिका में आरोप लगाया गया कि विधायक सुशील तिवारी ने अपने प्रभाव का इस्तेमाल करते हुए ट्रस्ट की जमीन पर अतिक्रमण किया है। आरोप लगाया गया कि सुशील तिवारी ने बिना कोई वैधानिक अनुमति के यहां बड़ा निर्माण कराया है। याचिकाकर्ता ने अतिक्रमण व अवैध कब्जे के संबंध में 22 जनवरी 2024 और 15 अप्रैल 2024 को निगमायुक्त और भवन अधिकारी को अभ्यावेदन देकर अतिक्रमण हटाने की मांग की थी। जब कोई कार्रवाई नहीं हुई तो हाईकोर्ट में याचिका दायर की गई।

## सरपंच व सचिव सहित अन्य को नोटिस

**जबलपुर**। व्यवहार न्यायाधीश किशन देव सिंह पटेल की अदालत ने कृषि भूमि में अवैध खनन के मामले में जवाब-तलब कर लिया है। इस सिलसिले में ग्राम पंचायत, घाना, तिलवारा के सरपंचपरम पटेल, उप सरपंच रवि पटेल व सचिव अनिल चौबे को नोटिस जारी किए गए हैं। वादी जबलपुर निवासी सरिता पृथ्यानी, मीना टेकचंदानी, महेश पृथ्यानी व रेखा टेकचंदानी की ओर से अधिवक्ता विनोद सिसोदिया ने पक्ष रखा। उन्होंने दलील दी कि जिस कृषि भूमि पर मनमाने तरीके से अवैध खनन किया जा रहा है, वह मूलतः कृषि भूमि है। जिसका स्वामित्व वादियों के पास है। इस संबंध में सभी दस्तावेज उपलब्ध हैं। विरोध करने पर अवैध खनन करने वालों ने धमकाते हुए कहा कि शासन-प्रशासन में हमारी पहुंच है। विरोध करने का कोई नतीजा नहीं निकलेगा। खनन एक बार शुरू हो गया तो अब रुकेगा नहीं। पुलिस में शिकायत करो या कोर्ट-कचहरी के चक्कर लगाओ, हम मानने वाले नहीं। इसी तानाशाही के विरुद्ध वाद दायर करना पड़ा है।

# पवईधाम में भागवत कथा और श्री शिव महायज्ञ आज से

## कथावाचन के लिए देवकीनंदन ठाकुर का नगर आगमन



**जबलपुर**। पवईधाम अमरपुर तहसील पाटन में आज 17 मई से 23 मई तक प्रसिद्ध कथावाचक देवकीनंदन ठाकुर वृंदावन अपने श्री मुख से भागवत कथा का श्रवण करायेंगे। स्वामी महिन्द्रानंद महाराज के संयोजन में यहां श्री शिव महायज्ञ और भागवत कथा का आयोजन किया जा रहा है। स्वामी देवकीनंदन का गुरुवार को सराफा व्यवसायी राजा सराफ के निवास पर आगमन हुआ, जहां उनका भव्य स्वागत हुआ। शेखर सराफ, राजा सराफ के सौजन्य से पांचवी बार देवकीनंदन का नगर आगमन हुआ है। वे यहां 17 मई से 23 मई तक यज्ञ अनुष्ठान में सायं 4 बजे से 7 बजे तक भागवत कथा का वाचन करेंगे। यह आयोजन माँ नर्मदा में बढ़ते प्रदूषण को रोकने के लिए जनजागरण कराने के उद्देश्य से किया जा रहा है, आयोजन को लेकर एक समिति का गठन किया गया है जिसमें हरिकृष्ण पचौरी को आयोजन समिति अध्यक्ष, सर्वेश पटेल को आयोजन प्रभारी बनाया गया है। आयोजन के संरक्षक स्थानीय विधायक अजय विश्नोई हैं। इस कार्यक्रम में जगतगुरु शंकराचार्य, स्वामी सदानंद महाराज, द्वारिका, जगतगुरु शंकराचार्य अविमुक्तेश्वरानंद सरस्वती महाराज ज्योर्तिमठ, दंडी स्वामी कालिकानंद, स्वामी अखिलेश्वरानंद गिरी, स्वामी गिरीसानंद सरस्वती, स्वामी जगतगुरु द्वाराचार्य राघवेन्द्राचार्य महाराज, ब्रम्हचारी चेतन्यानंद, दादा पगलानंद, ब्रम्हचारी राधेचेतन्य, ब्रजबिहारी महाराज को आमंत्रित किया गया हैं।

## नहरों की मरम्मत कर 10 जून से छोड़ा जाए पानी : भाकिसं



जबलपुर। भारतीय किसान संघ जिला जबलपुर की बैठक बुधवार को संपन्न हुई। बैठक के बारे में जानकारी देते हुए भारतीय किसान संघ के जिलाध्यक्ष मोहन तिवारी ने बताया कि नहर विभाग के अधिकारियों को किसानों की नहर संबंधी समस्याओं से अवगत कराया और एक मांग पत्र भी सौंपा। मांग पत्र में किसानों ने मांग रखी की जो नहरें टेल प्वाइंट पर अधूरी है जिसके कारण जलभराव की वजह से धान की फसल कटाई और रवि की फसल में बुआई में समस्या आती है, इस समस्या से समाधान के लिए किसानों ने नहर को किसी जल स्त्रोत में ले जाकर जोड़ने की बात कही। साथ ही किसानों ने कहा कि जिन गांवों में नहर का पानी खेतों तक नहीं पहुंचता है, उन गांवों में आगामी रवि और खरीफ की फसलों में नहर का पानी पहुंचाया जाये। वर्षा प्रारंभ होने के पूर्व ही नहरों की मरम्मत व निर्माण के कार्य पूर्ण किए जाएं। किसानों ने खेतों में आने जाने के लिए नहरों पर मुरमीकरण व मरम्मत का कार्य अविलंब करने की बात कही। अधिकारियों ने आश्वासन दिया कि इन सभी विषयों पर गंभीरता से विचार करते हुए शीघ्र कार्य कराए जाएंगे। इस अवसर पर भारतीय किसान संघ के प्रांत संगठन मंत्री भरत पटेल, भारतीय एग्रो इकोनॉमिक रिसर्च सेंटर के अध्यक्ष प्रमोद चौधरी, प्रांत महामंत्री प्रहलाद सिंह पटेल, प्रांत कोषाध्यक्ष विजय गोंटिया, जिलाध्यक्ष मोहन तिवारी, सहित सभी तहसीलों के किसान प्रतिनिधियों की उपस्थिति उल्लेखनीय रही।

## जबलपुर एडवरटाइजिंग होर्डिंग का सेफ्टी ऑडिट हो : चेम्बर

जबलपुर। मुंबई में एक बिलबोर्ड होर्डिंग दुर्घटना से 14 लोगों की मौत और 75 लोगों के दुर्घटनाग्रस्त होने से एक बार फिर से यह बात उजागर हो गई है कि रास्तों में लगे होर्डिंग किस तरह आम लोगों के लिये मौत का सौदागर बन गये हैं। एक 120 फुट का विशालकाय होर्डिंग जिसे लिम्का



बुक ऑफ रिकॉर्ड में दर्ज किया गया था तथा इस बोर्ड के गिरने से जबलपुर के मनोज चंसोरिया जी एवं उनकी पत्नी की अकस्मित मृत्यु हो गई। इस दुखद घटना से यह बात स्पष्ट हो गई है कि जबलपुर में लगे सभी बिलबोर्ड (होर्डिंग) का सेफ्टी ऑडिट किया जाना अतिआवश्यक है। ऐसी दुघर्टना पूरे भारत में हो रही है। अतः जबलपुर चेम्बर ऑफ कॉमर्स एण्ड इंडस्ट्री के अध्यक्ष प्रेम दुबे ने कलेक्टर जबलपुर से मांग कि है कि शीघ्र ऐसे सभी बोर्डों को हटाया जाये ताकि शहर में इस तरह की घटना की पुनरावृत्ति न हो। चेम्बर के कमल ग्रोवर, राधेश्याम अग्रवाल, अजय अग्रवाल, बलदीप सिंह मैनी, सतीश जैन, दीपक जैन, मुकेश जैन, नरिंदर पांधे, चंद्रेश वीरा, आदि ने जबलपुर कलेक्टर से आग्रह किया है कि खतरनाक बोर्डों को शीघ्र हटाया जाए।

## दिव्य गुणों की महक फैला रहा ब्रह्म कुमारी परिवार : राव

# परिवार ही सशक्त समाज का दर्पण : ब्रह्माकुमारी भावना

जबलपुर। सशक्त परिवार ही सशक्त समाज का दर्पण हैं। भारतीय संस्कृति वसुदेव कुटुंबकम से प्रेरित है। इस आशय के उदगार प्रजापिता ब्रह्मा कुमारी ईश्वरीय विश्व विद्यालय शिव स्मृति भवन के सभागार में आयोजित सभा में राजयोगिनी ब्रह्माकुमारी भावना दीदी ने व्यव्त किए। सभा कों सम्बोधित करते हुए उन्होंने कहा की हमारी आध्यात्मिक शव्तियों के वाइब्रेशन सम्पूर्ण विश्व में एक सकारात्मक ऊर्जा कों संचरित करते है। सशव्त परिवार ही सशव्त समाज का दर्पण हैं। समाज की एक महत्वपूर्ण इकाई परिवार होती हैं जो किसी भी समाज की दशा वा दिशा निर्देशित करती हैं। अत किसी भी परिवार में आध्यात्मिक शव्तियों का संचरण स्वत ही समाज को एक नई दिशा




प्रदान करता हैं। उन्होंने कहा की वसुदेव कुटुंबकम की भावना से प्रेरित हैं भारत की संस्कृति जिसमें सभी के प्रति स्नेह और सहयोग का भाव सदैव रहता हैं।

भ्राता संभा शिवा राव कुल गुरु मंगलायातान यूनिवर्सिटी ने बताया की किस प्रकार आज समाज में पारिवारिक स्थितियां सही नहीं हैं जो की बहुत चिंता का विषय हैं। इस प्रकार से अगर हमारे समाज की स्थिति रही तो वह हमारे भविष्य पीढ़ी के लिए उचित नहीं होगा। ऐसे समय पर ब्रह्माकुमारी संस्थान समाज में पुन उन दिव्य गुणों की महक कों फैलाने का कार्य कर रहा हैं जो की बहुत प्रशंसनीय हैं।

भ्राता कमलेश अग्रवाल ने कहा की ब्रह्माकुमारी संस्था केवल एक संस्था नहीं बल्कि एक परिवार हैं जो हर एक व्यव्ति के सामाजिक उन्नति के साथ है उनकी आध्यात्मिक उन्नति का भी ध्यान रखती है। ब्रह्माकुमारी भावना दीदी ने भ्राता संभा शिवा राव एवं भ्राता कमलेश अग्रवाल का ईश्वरीय सौगात देकर सम्मान किया। भ्राता संतोष भाई ने मंच संचालन किया। इस अवसर पर भ्राता नरेश, भ्राता रूपक, भ्राता परेश, भ्राता सम्पत समेत सभी भाई बहनों का ब्रह्माकुमारी बहनो ने पारिवारिक सम्मान किया।

## आनंद विभाग की टीम ने मनाया अंतर्राष्ट्रीय परिवार दिवस

**जबलपुर**। कलेक्टर दीपक सक्सेना के निर्देशन में राज्य आनंद संस्थान की टीम ने जबलपुर स्टेशन पर गर्मी, प्यास से परेशान यात्रियों को ठंडा रूहअफ़जा और रसना पेय पिलाकर अंतर्राष्ट्रीय परिवार दिवस मनाया, जिसमें स्टेशन निर्देशक रामजी लाल यादव को जिला समन्वयक दीप्ति ठाकुर व डीके भट्ट ने स्काउट का स्कार्फ लगाकर सम्मानित किया, स्टेशन कमर्शियल मैनेजर संजय जायसवाल एवं मोहित शर्मा ने पहले शरबत पीकर पेय को हरी झंडी दी, दीप्ति ने कहा कि गर्मी में शरबत पीना सेहत के लिए बहुत ही फायदेमंद होता है। सूरज की तेज धूप की वजह से शरीर में पानी की कमी होने लगती है जो हमारी सेहत के लिए हानिकारक हो सकता है। ठंडा शरबत पीने से न केवल हमारे शरीर का तापमान कम होता है बल्कि डिहाइड्रेशन की समस्या से राहत भी मिलती है। वंदना आनंद, कविता ठगेले, यशवंत सिंह, प्रतिभा दुबे, दर्पण रोटी आनंद बैंक के अंकित कुबेर, अंजू चौरसिया, अनिता यादव, दीप्ति ठाकुर ने यात्रियों को शरबत पिलाया और एक परिवार के रूप में उन्हें अपना मानते हुए उनका हालचाल जाना और बताया कि राज्य आनंद संस्थान उनका भी परिवार है, आवश्यकता पड़ने पर निसंकोच संपर्क कर सकते हैं।

## संत सुदर्शन अध्यात्म सत्संग 18-19 मई को

**जबलपुर**। महर्षि सुदर्शन आध्यात्मिक सत्संग हवन यज्ञ भजन संध्या एवं भंडारा का आयोजन रामपुर सेठी नगर लोधी भवन के पीछे अशोक विहार कालोनी के सामने स्थित भूमि पर 18 एवं 19 मई को होगा, जिसमें 18 मई को शाम 04 बजे कलश यात्रा, शाम 06 बजे से भागवताचार्य सुश्री पं. राधिका तिवारी द्वारा प्रवचन दिए जाएंगे। 19 मई को प्रातः 8.30 बजे अग्नि पूजन पश्चात आचार्यों द्वारा हवन यज्ञ प्रारंभ किया जाएगा, शाम 06 बजे से भवन संध्या एवं भंडारा स्वामी कालीनंद महाराज के सान्निध्य में आयोजित है। सभी श्रद्धालुओं से उपस्थिति की अपील आयोजकों ने की है।

# कथा में हुआ श्रीकृष्ण,रुकमणि का मंगल विवाह

सिहोरा

शिवमंदिर बाबाताल में चल रही सप्त दिवसीय श्रीमद् भागवत कथा के छठवें दिन व्यासपीठ से पंडित अंशुल कृष्ण जी महाराज ने महा रासलीला और श्रीकृष्ण रुकमणि मंगल विवाह की मीमांसा करते हुए कहा की जहां प्रेम होता है वहां लोभ नहीं होता और जहां लोभ होता है वहां प्रेम नहीं होता आगे कहा जब भगवान ने रासलीला करने अपनी वंशी बजाई तो सारी गोपियां अपना सबकुछ छोड़कर आ गई और भगवान ने महारासलीला के दौरान गोपियों की परीक्षा ली और रास करते करते जब गोपियों को पसीना आ जाता तो वे अपनी पीताम्बरी से उसे पोंछ देते हैं तो यह देखकर गोपियों को अहम आ गया की जगत का पालनहार हमारा पसीना पोंछ रहा यह समझ कर भगवान अंतध्यान हो गये। आगे कहा पत्नी को हमेशा पति को परमेश्वर मानना



चाहिए चाहे पति कैसा भी हो। इस बीच भगवान के मथुरा गमन और कंस उद्धार जैसे महत्वपूर्ण प्रसंग भी आए। गोपिकाओं के युगल और प्रणय गीतों की बृज शैली में नृत्य प्रस्तुति से ने द्वापर युग के इन प्रसंगों को जीवन्त कर दिया। मथुरा प्रवेश के साथ कृष्ण और गोपिकाओं के विरह वियोग का मार्मिक वर्णन सुनकर श्रोता भावुक हो उठे। सभी भक्तों ने बराती बनकर माता रुकमणि और भगवान श्रीकृष्ण के विवाह में हिस्सा लिया और बाद में उनके पैर पखारक पुण्य लाभ प्राप्त किया।

## निष्काम भक्ति के अनुकरणीय आदर्श हैं भक्तराज केवट

**पाटन**। केवट अनूठा भक्त है वह उस ब्रह्म के मर्म को जानने का दावा करता है, जिसके मर्म को जानने में ब्रह्मा - विष्णु - महेश भी असमर्थ हैं। मजे की बात यह है कि ब्रह्म अवतारी श्रीराम मुस्करा कर उसका यह दावा स्वीकार भी करते हैं, केवट में निष्काम भक्ति के सभी गुण दिखाई पड़ते हैं.वह पूर्ण संतुष्ट है, अपने इष्ट के प्रति हृदय से निष्ठा पूर्वक समर्पित है, पाँव पखारने केअपने निर्णय पर अडिग है और संसार को सब कुछ देने वाले श्रीराम, जगत जननी सीता एवं जगत के आधार लक्ष्मण के बार बार आग्रह करने पर भी अपनी भक्ति -सेवा के बदले उतराई में कुछ भी लेना स्वीकार नहीं करता. उसके ये गुण उसे निष्काम भक्ति का अनुकरणीय आदर्श निरुपित करते हैं उक्त उदगार समीपी ग्राम कटरा बेलखेड़ा के प्राचीन राधा - कृष्ण मंदिर प्रांगण में क्षेत्रीय केवट समाज और मानस सत्संग परिवार के द्वारा आयोजित केवट जयंती के भव्य कार्यक्रम में बोलते हुऐ पं देवेंद्र गोंटिया, नारायण सिंह ठाकुर, बेनी कवि, सुखचैन प्रसाद विश्वकर्मा, रामकुमार पटेल, पं संतोष चौबे, पं अरविन्द गोंटिया,एवं सत्संग परिवार संस्थापक ठाकुर रणधीर सिंह ने व्यक्त किये।

## तहसीलदार के आदेश के बाद भी नहीं हटाया अतिक्रमण

**जबलपुर**। जबलपुर तहसील के अंतर्गत ग्राम बहोरीपार हल्का नं. 34 के शासकीय आम रास्ता दर्ज खसरा नं. 57 के भाग पर अतिक्रमण करने एवं आम रास्ता बाधित होने को लेकर विजय कुमार ठाकुर ने एक आवेदन तहसीलदार ग्रामीण जबलपुर में 18 माह पूर्व लगाया था, जिसकी जांच तहसीलदार ने हल्का पटवारी से कराई हल्का पटवारी के प्रतिवेदन के अनुसार मौके पर 13 बेजा कब्जा अतिक्रमण को दोषी मानते हुए सड़क मार्ग भूमि पर अतिक्रमण कब्जा करने हेतु 5000 रुपये का अर्थदंड लगाते हुए मौके से 15 दिन तक शासकीय सरकारी आम रास्ता से अतिक्रमण हटाने 20.3.2024 को आदेश पारित किया गया उक्त आदेश के बाद आज 55 दिन बीत जाने पर कोई शासकीय कार्य सम्पादन हेतु कार्यवाही नहीं हुई।

**CHANGE OF NAME**

I, WAS KNOWN AS **DURAIYA BANO BOHRA** AFTER MARRIAGE I, HAVE CHANGED NAME AND HENCEFORTH I, SHALL BE KNOWN AS **DURRIYA HUSAIN W/O HATIM HUSAIN** RESIDENT OF -138 KOTWALI BAZAR POLICE THANE KE SAMNE, SARDAR BALLABH BHAI PATEL WARD, JABALPUR (M. P.) 482001.

कार्यालय, सम्भागीय अधिकारी सम्भाग क्रमांक 13, नगर निगम, जबलपुर
पत्रांक-स.अधि./13/मुख्यालय 2024/25/एम/31
दिनांक :- 16/05/2024

**भवन नामांतरण सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि (1) श्री शरद कुमार जैन पति स्व. श्री वीरेन्द्र कुमार जैन (2) श्रीमति शुचिता जैन पति श्री शरद कुमार जैन ने मकान नं. 162.1 वार्ड पं. भवानी प्रसाद तिवारी खुली भूमि क्षेत्रफल 1222 व.फु. विक्रय पत्र, के आधार पर नगर निगम द्वारा प्रदत्त मकान नं. पर नामांतरण हेतु आवेदन दिया है। जिस किसी को भी उक्त नामांतरण पर आपत्ति हो तो वे इस प्रकाशन की तिथि से 15 दिन के अंदर कार्यालय संभाग क्रमांक-13 मुख्यालय में प्रमाण सहित आपत्ति प्रस्तुत करें।

संभागीय अधिकारी
संभाग क्रं.13 मुख्यालय
नगर निगम, जबलपुर

**CHANGE OF NAME**

I, WAS KNOWN AS **AJAY KUMAR ACHARYA** I, HAVE CHANGED NAME AND HENCEFORTH I, SHALL BE KNOWN AS **AJAY ACHARYA** S/O MADHU SUDAN ACHARYA, RESIDENT OF - H.NO. 48, PINK CITY, GATE NO 2, BILHARI, JABALPUR (M. P.) 482020.

## तहसीलदार ने मौके पर जाकर देखा तो हो रही थी अवैध प्लाटिंग

# अवैध प्लाटिंग की खबर प्रकाशित होने के बाद हरकत में आया प्रशासन

**सिहोरा**। प्रशासन से बिना मंजूरी लिए कृषि भूमि पर अवैध कालोनी काटने वालों की अब खैर नहीं है। गत दिवस समाचार पत्र में प्रकाशित खबर के बाद हरकत में आए स्थानीय प्रशासन ने खेत खलियानों में कुकुरमुत्ता की तरह उग रही अवैध कॉलोनी पर कार्यवाही की किए जाने से भुमाफियाओ में हडकम्प मच गया ।तहसीलदार शशांक दुबे ने सिहोरा तहसील के अंतर्गत पटवारी हल्का नंबर 6 राजस्व निरीक्षक मंडल खितौला खसरा नंबर 639 के बाटांक का मौका मुआईना राजस्व अमले के साथ किया तो पाया कि उक्त रकबे में अवैध प्लाटिंग कर कालोनी बसाने की तैयारी की जा रही थी



तहसीलदार सिहोरा ने पटवारी से इस पूरे मामले की जांच रिपोर्ट बनाकर प्रस्तुत करने के निर्देश जारी कर दिए।

### अनेक स्थानों पर चल रहा अवैध प्लाटिंग का खेल

पिछले कई सालों से नगर में भू माफिया द्वारा संचालित अवैध प्लाटिंग का कारोबार दिन दुगना रात चौगना फल फूल रहा था । समय-समय पर प्रशासन की छुटपुट कार्रवाई के बावजूद भी भू माफिया के हौसले इतने बुलंद थे कि कृषि भूमि के साथ-साथ तालाब नाले की भूमि में भी सीमेंट कंक्रीट के जंगल तैयार किये जा रहे थे कार्रवाई कर रहा है, लेकिन प्रशासन ने आज तक कार्रवाई ऐसी नहीं है कि दूसरा देखकर घबरा जाए। जिसके चलते अवैध कालोनियां लगातार कटती रही एवं स्वयं के आशियाना का सपना संजोने वाला आम आदमी प्रशासन की नाक के नीचे सरे आम लूटता रहा । अवैध कालोनीयो पर जब तक अधिकारियों की नजर जाती है तब तक वहां पर मकान भी बन जाते है। ऐसे में कार्रवाई भी ठंडे बस्ते में चली जाती है।

### हरे भरे खेतों में सीमेंट कांक्रिट का जंगल तैयार करने का ट्रैंड

शहर में अवैध कालोनी तैयार करने का ट्रेंड यही है कि खेती की जमीन में किसान से एग्रीमेंट करा लिया जाता है। तत्पश्चात थोड़ी सी मुरुम से रास्ता बनाकर कॉलोनाइजरों द्वारा नियम कानून ताक पर रखकर बिना इजाजत लिए है अंधाधुंध कॉलोनियां काटी जाती हैं इन कॉलोनियों को काटते समय ग्राहकों से लुभावने वादे किए जाते हैं लेकिन जब कॉलोनी के प्लॉट बिक जाते हैं तो ये कॉलोनाइजर अपना बोरिया बिस्तर उठा कर साफ हो जाते हैं. ऐसे में प्लॉट लेने वाले ग्राहकों को प्लॉट लेते समय दी जाने वाली सुविधाओं का जो वादा किया जाता है वो पूरा नहीं होता. इन कॉलोनियों में बिजली का कनेक्शन तक भी नहीं मिलता है और न ही मकान बनाने के लिए लोन स्वीकृत होता है।

कार्यालय, सम्भागीय अधिकारी सम्भाग क्रमांक 13, नगर निगम, जबलपुर
पत्रांक-स.अधि./13/मुख्यालय 2024/25/एम/32
दिनांक :- 16/05/2024

**भवन नामांतरण सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि बल्देवराज आनंद पिता स्व. श्री हरभगवन आनंद ने मकान नं. 26/1 ए वार्ड स्वामी दयानंद सरस्वती भूतल 950 व.फु. बैसमेंट 950 व.फु. मैजनाईन 450 व.फु. प्रथमतल 950 व.फु. मृत्यु प्रमाण पत्र / खसरे की नकल, के आधार पर नगर निगम द्वारा प्रदत्त मकान नं. पर नामांतरण हेतु आवेदन दिया है। जिस किसी को भी उक्त नामांतरण पर आपत्ति हो तो वे इस प्रकाशन की तिथि से 15 दिन के अंदर कार्यालय संभाग क्रमांक-13 मुख्यालय में प्रमाण सहित आपत्ति प्रस्तुत करें।

संभागीय अधिकारी
संभाग क्रं.13 मुख्यालय
नगर निगम, जबलपुर

कार्यालय, सम्भागीय अधिकारी सम्भाग क्रमांक 13, नगर निगम, जबलपुर
पत्रांक-स.अधि./13/मुख्यालय 2024/25/एम/33
दिनांक :- 16/05/2024

**भवन नामांतरण सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि (1) श्रीमति पूजा सिंह पति श्री अजीत कुमार सिंह (2) श्री अजीत कुमार सिंह पिता श्री परमानंद सिंह ने मकान नं. 1641 से 1643 का भाग वार्ड स्वामी दयानंद सरस्वती क्षेत्रफल 5300 व.फु. भूतल 1000 व.फु. प्रथम तल 1000 व.फु. द्वितीय तल 1000 व.फु. विक्रय पत्र, के आधार पर नगर निगम द्वारा प्रदत्त मकान नं. पर नामांतरण हेतु आवेदन दिया है। जिस किसी को भी उक्त नामांतरण पर आपत्ति हो तो वे इस प्रकाशन की तिथि से 15 दिन के अंदर कार्यालय संभाग क्रमांक-13 मुख्यालय में प्रमाण सहित आपत्ति प्रस्तुत करें।

संभागीय अधिकारी
संभाग क्रं.13 मुख्यालय
नगर निगम, जबलपुर

# शुगर, इंफेक्शन, एलर्जी जैसी कई बीमारियों की 41 दवाएं और 6 फॉर्मूलेशन होंगी सस्ती

एजेंसी ▸▸ नई दिल्ली

भारत सरकार ने कुछ बीमारियों के इलाज में काम आने वाली दवाओं के दाम पर राहत देने का फैसला कर लिया है। केंद्र सरकार ने 41 दवाओं और 6 फॉर्मूलेशन के दाम तय किए हैं। इसके बाद शुगर, दर्द, हार्ट, लिवर, एंटासिड, इन्फेक्शन, एलर्जी, मल्टीविटामिन, एंटीबायोटिक्स के दाम तय किए गए हैं जिससे 41 दवाएं सस्ती होंगी और आपको इन दवाओं के लिए ज्यादा खर्च नहीं करना होगा।

नेशनल फार्मास्यूटिकल प्राइसिंग अथॉरिटी ऑफ इंडिया यानी एनपीपीए की 143वीं बैठक में ये फैसला हुआ है और इसके लिए गजट नोटिफिकेशन जारी कर दिया गया है। एनपीपीए एक सरकारी रेगुलेटरी एजेंसी है जो भारत में फार्मास्युटिकल दवाओं की कीमतों को नियंत्रित करती है।

## एनपीपीए के फैसले से मिलेगी राहत, एनपीपीए की 143वीं बैठक में हुआ फैसला

### फरवरी में भी 69 दवाओं की कीमतें घटी थी

इसी साल फरवरी में भी एनपीपीए ने डाइबिटीज और हाइपरटेंशन दोनों बीमारियों में इस्तेमाल की जाने वाली 69 दवाओं की कीमत कम की थी। एनपीपीए ने इन बीमारियों में इस्तेमाल की जाने वाली 69 दवाओं के फॉर्मूलेशन का रिटेल प्राइस तय किया था और 31 फॉर्मुलेशन वाली दवाओं की कीमतों पर फैसला लिया था।



### मरीजों को मिलेगी राहत

आमतौर पर इन्फेकेशन, एलर्जी के अलावा ये मल्टीविटामिन और एंटीबायोटिक्स दवाओं के दाम ऊंचे होते हैं जिसके चलते सामान्य इलाज का खर्चा भी अधिक हो जाता है। लिहाजा इन 41 दवाओं के सस्ते होने से आम लोगों को राहत मिलेगी।

### देश में डाइबिटीज के 10 करोड़ से ज्यादा मरीज



भारत में डाइबिटीज के 10 करोड़ से ज्यादा मरीज है और दुनिया भर में सबसे ज्यादा शुगर के मरीज जिन देशों में हैं उनमें भारत भी आगे रहता है। देश में शुगर की बीमारी आम हो गई है और इसमें दवाओं से लेकर इंसुलिन पर निर्भर रहने वाले कई मरीजों के लिए ये नई खबर कुछ काम की साबित हो सकती है।

## खबर संक्षेप

### महिंद्रा एंड महिंद्रा का लाभ चार फीसदी बढ़ा



**नई दिल्ली।** महिंद्रा एंड महिंद्रा का बीते वित्त वर्ष की चौथी (मार्च) तिमाही का एकीकृत शुद्ध लाभ चार प्रतिशत बढ़कर 2,754 करोड़ रुपये रहा है। कंपनी ने इससे पिछले साल की समान अवधि में 2,637 करोड़ रुपये का शुद्ध लाभ कमाया था। 2023-24 की चौथी तिमाही में उसका राजस्व नौ प्रतिशत बढ़कर 35,452 करोड़ रुपये रहा।

### गेल का लाभ 261फीसदी बढ़कर 2,176.97 करोड़

**नई दिल्ली।** सार्वजनिक क्षेत्र की गैस कंपनी गेल (इंडिया) लिमिटेड का बीते वित्त वर्ष की चौथी (जनवरी-मार्च) तिमाही का शुद्ध लाभ तीन गुना से अधिक हो गया है। गेल ने शेयर बाजार को दी सूचना में बताया कि वित्त वर्ष 2023-24 की चौथी तिमाही में उसका एकल शुद्ध लाभ 261 प्रतिशत बढ़कर 2,176.97 करोड़ रुपये रहा।

### घरेलू कच्चे तेल पर घटा अप्रत्याशित कर लाभ



**नई दिल्ली।** सरकार ने घरेलू स्तर पर उत्पादित कच्चे तेल पर अप्रत्याशित लाभ कर को बृहस्पतिवार से 8,400 रुपये प्रति टन से घटाकर 5,700 रुपये प्रति टन कर दिया है। यह कर विशेष अतिरिक्त उत्पाद शुल्क (एसएईडी) के रूप में लगाया जाता है। डीजल, पेट्रोल और विमान ईंधन के निर्यात पर एसएईडी को 'शून्य' पर बरकरार रखा गया है।

### रिलायंस ने आरईसी सोलर नॉर्वे की बिक्री पूरी की




**नई दिल्ली।** रिलायंस इंडस्ट्रीज लिमिटेड ने करीब 2.2 करोड़ अमेरिकी डॉलर में आरईसी सोलर नॉर्वे एएस को ओस्लो में सूचीबद्ध एल्केम एएसए को बेच दिया है। बिक्री प्रक्रिया पूरी हो गई है। आरईसी नॉर्वे, आरईसी सोलर होल्डिंग्स की पूर्ण स्वामित्व वाली इकाई है और स्कैंडिनेवियाई देश में फर्फ-आधारित पॉलीसिलिकॉन के निर्माण में शामिल है।

### आईईएक्स के लाभ में 9.5 फीसदी का इजाफा

**नई दिल्ली।** इंडियन एनर्जी एक्सचेंज (आईईएक्स) का जनवरी-मार्च तिमाही में एकीकृत शुद्ध लाभ 9.5 प्रतिशत बढ़कर 96.7 करोड़ रुपये रहा। कंपनी का पिछले साल इसी तिमाही में शुद्ध लाभ 88.34 करोड़ रुपये था। सूचना में बताया कि वित्त वर्ष 2023-24 की चौथी तिमाही में कुल आय बढ़कर 149.28 करोड़ रुपये हो गई।

### ओएचएम को 1,000 ई-सी3 ईवी की आपूर्ति करेगी सिट्रॉन



**नई दिल्ली।** फ्रांसीसी कार विनिर्माता सिट्रॉन ने बृहस्पतिवार को कहा कि वह ओएचएम ई-लॉजिस्टिक्स को अपने इलेक्ट्रिक मॉडल ई-सी3 की 1,000 इकाइयों की चरणबद्ध ढंग से आपूर्ति करेगी। सिट्रॉन ने बृहस्पतिवार को बयान में कहा कि ओएचएम ई-लॉजिस्टिक्स की इलेक्ट्रिक परिवहन सेवाओं में ई-सी3 मॉडल को शामिल करने के लिए एक समझौता ज्ञापन (एमओयू) पर हस्ताक्षर किए हैं और सिट्रॉन ई-सी3 मॉडल की 1,000 इकाइयों की 12 महीनों में आपूर्ति की जाएगी।

---

- भारत 2024-25 में 4000 अरब डॉलर की अर्थव्यवस्था होगा
- अगले वित्त वर्ष के शुरुआत में जापान को पीछे छोड़ देगा
- देश के लिए सात प्रतिशत की आर्थिक वृद्धि दर अच्छी वृद्धि दर होगी

## पीएम के आर्थिक सलाहकार परिषद के सदस्य सान्याल ने कहा

# भारत अगले वित्त वर्ष में दुनिया की चौथी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था होगा

एजेंसी ▸▸ नई दिल्ली

प्रधानमंत्री की आर्थिक सलाहकार परिषद (पीएमईएसी) के सदस्य संजीव सान्याल ने बृहस्पतिवार को कहा कि भारत 2024-25 में 4,000 अरब डॉलर की अर्थव्यवस्था होगा और अगले वित्त वर्ष की शुरुआत में जापान को पीछे छोड़ते हुए दुनिया की चौथी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन जाएगा।

सान्याल ने यह भी कहा कि कमजोर निर्यात समेत विभिन्न चुनौतियों को देखते हुए देश के लिए सात प्रतिशत की आर्थिक वृद्धि दर अच्छी वृद्धि दर होगी। उन्होंने यहां एक कार्यक्रम में कहा, 'निश्चित रूप से चालू वित्त वर्ष में हम 4,000 अरब डॉलर की अर्थव्यवस्था होंगे।'

### हमारी अर्थव्यवस्था का आकार 3700 अरब डॉलर

वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने हाल ही में कहा था कि भारत 2027 तक जापान और जर्मनी को पीछे छोड़ते हुए दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन जाएगा। भारत वर्तमान में अमेरिकी डॉलर के संदर्भ में पांचवीं सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था है। बाजार मूल्य पर अर्थव्यवस्था का आकार लगभग 3,700 अरब डॉलर है।



### जापान 4100 अरब डॉलर के साथ हमसे थोड़ा आगे

सान्याल ने कहा कि जापान अब 4,100 अरब डॉलर के साथ हमसे थोड़ा ही आगे है। उन्होंने कहा, 'या तो अगले साल की शुरुआत में या इसी साल, हम जापान को पीछे छोड़ते हुए दुनिया की चौथी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन जाएंगे।' सान्याल ने कहा कि जर्मनी 4,600 अरब डॉलर की अर्थव्यवस्था है और यह बढ़ नहीं रही है। इस लिहाज से यह एक स्थिर लक्ष्य है।



*हमें नौ फीसदी वृद्धि दर से उत्साहित होना चाहिए*

*सान्याल ने कहा, 'यदि आप इसे समझ गए, तो बढ़िया है, लेकिन समय के साथ लगभग सात प्रतिशत की वृद्धि एक बहुत अच्छी वृद्धि दर है।' 'हमें नौ प्रतिशत को वृद्धि लेकर बहुत उत्साहित नहीं होना चाहिए।'*

### वृद्धि दर 6.8 फीसदी रहने की संभावना

वहीं अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष (आईएमएफ), एसएंडपी ग्लोबल रेटिंग्स और मॉर्गन स्टेनली ने वित्त वर्ष 2024-25 के लिए वृद्धि दर 6.8 प्रतिशत रहने की संभावना जतायी है। उन्होंने कहा, 'किसी विशेष वर्ष में बहुत ऊंची वृद्धि दर हासिल करने की कोशिश को लेकर भावुक होने की जरूरत नहीं है।'

### कुछ देश बहुत अच्छा प्रदर्शन कर रहे थे

सान्याल ने उदाहरण देते हुए कहा कि दक्षिण पूर्व एशिया में अन्य देश भी हैं, जो 90 के दशक के मध्य में हमारी स्थिति में थे। उन्होंने कहा, 'आपको इंडोनेशिया, थाइलैंड आदि देशों की वृद्धि याद होगी। कुछ समय तक वे बहुत अच्छा प्रदर्शन कर रहे थे। और फिर एशियाई संकट में यह सब खत्म हो गया।'

### हम दुनिया की प्रमुख मुद्रा बनने का प्रयास नहीं कर रहे

रुपये के अंतरराष्ट्रीयकरण से जुड़े एक सवाल के जवाब में सान्याल ने कहा कि यह रुपये को अधिक मांग वाली मुद्रा में बदलने के बारे में है। उन्होंने कहा, 'हमारी आंकाक्षा अगले दशक में अन्य कई मुद्राओं की तरह रुपये को ऐसी मुद्रा बनाने की आकांक्षा है, जिसकी दूसरे देशों में मांग हो। हम दुनिया की प्रमुख मुद्रा बनने का प्रयास नहीं कर रहे हैं।'

*दो साल में हम जर्मनी से आगे निकल जाएंगे : पीएमईएसी सदस्य ने कहा, 'शायद दो साल में हम जर्मनी से आगे निकल जाएंगे। इसलिए, मुझे लगता है कि दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनने के मामले में, हम अब लक्ष्य के काफी करीब हैं।' उन्होंने तर्क दिया कि सरकार को आर्थिक वृद्धि को आठ-नौ प्रतिशत तक बढ़ाने के लिए किसी भी वित्तीय कदम पर जोर नहीं देना चाहिए।*

# विनिवेश के बाद एयर इंडिया नहीं रही सरकार की इकाई

एजेंसी ▸▸ नई दिल्ली



- उच्चतम न्यायालय ने अपने एक फैसले में कहा
- मौलिक अधिकार के उल्लंघन का मामला नहीं बनता

उच्चतम न्यायालय ने बृहस्पतिवार को एक फैसले में कहा कि जनवरी, 2022 में टाटा समूह के हाथों अधिग्रहीत होने के बाद एयर इंडिया संविधान के अनुच्छेद 12 के तहत सरकार या इसकी इकाई नहीं रही है और इसके खिलाफ मौलिक अधिकार के कथित उल्लंघन का कोई मामला नहीं बनता है।

इसके साथ ही शीर्ष अदालत ने बंबई उच्च न्यायालय के 20 सितंबर, 2022 के फैसले के खिलाफ दायर अपील को खारिज कर दिया। उच्च न्यायालय में एयर इंडिया के कुछ कर्मचारियों की तरफ से वेतन बढ़ोतरी और पदोन्नति जैसे मसलों को उठाया गया था।

न्यायमूर्ति बीआर गवई और न्यायमूर्ति संदीप मेहता की पीठ ने अपने फैसले में कहा कि उच्च न्यायालय ने एयर इंडिया के निजीकरण को आधार बनाते हुए इन रिट याचिकाओं को सुनवाई के लायक न मानते हुए उनका निपटारा कर दिया था। पीठ ने कहा कि सरकार ने एयर इंडिया के विनिवेश के दौरान अपनी 100 प्रतिशत हिस्सेदारी टाटा समूह की इकाई टैलेस इंडिया प्राइवेट लिमिटेड को हस्तांतरित कर दी थी लिहाजा अब इस निजी कंपनी पर उसका कोई प्रशासनिक नियंत्रण या सघन व्यापक नियंत्रण नहीं रह गया है। भारी घाटे में चल रही सरकारी एयरलाइन एयर इंडिया का सरकार ने विनिवेश किया था जिसमें टाटा समूह के हाथ में इसकी कमान आ गई थी। इसके साथ ही पीठ ने कहा, 'अपने विनिवेश के बाद कंपनी का नियंत्रण निजी हाथों में चले जाने के बाद उसे अब एक सरकारी इकाई नहीं माना जा सकता है।

### अनुच्छेद 12 के तहत सरकारी कंपनी के परिभाषा में नहीं

इसके साथ ही पीठ ने कहा कि एयर इंडिया के अनुच्छेद 12 के तहत सरकारी कंपनी की परिभाषा के दायरे में नहीं आने पर इसे संविधान के अनुच्छेद 226 के तहत अदालत के रिट क्षेत्राधिकार के अधीन नहीं किया जा सकता है।

---

- 46-179 दिन के लिए दर बढ़ाकर 5.50 फीसदी की

# एसबीआई ने एफडी पर ब्याज दर 75 आधार अंक बढ़ाई

एजेंसी ▸▸ नई दिल्ली



देश के सबसे बड़े ऋणदाता भारतीय स्टेट बैंक (एसबीआई) ने चुनिंदा अल्पकालिक परिपक्वता पर सावधि जमा दर में 75 आधार अंक तक की बढ़ोतरी की है। यह कदम अन्य ऋणदाताओं द्वारा भी उठाए जाने की संभावना है। एसबीआई की वेबसाइट पर जारी किए गए संशोधित आंकड़े के अनुसार, 46-179 दिन की सावधि जमा (एफडी) के लिए दर 75 आधार अंक बढ़ाकर 5.50 प्रतिशत कर दी गई है, जो पहले 4.75 प्रतिशत थी। अन्य दो परिपक्वता अवधि 180-210 दिन और 211 दिन से लेकर एक वर्ष से कम में 25 आधार अंक की वृद्धि हुई है, जो क्रमशः छह प्रतिशत और 6.25 प्रतिशत है। दो करोड़ रुपये से कम जमा पर नई दरें 15 मई 2024 से प्रभावी हैं। इसमें कहा गया कि वरिष्ठ नागरिक मानदंडों के अनुसार संशोधित दरों पर अतिरिक्त 50 आधार अंक के पात्र होंगे।

*लंबी अवधि के लिए 25 आधार अंक ऊंची ब्याज दरें: वहीं, एक साल से शुरू होकर तीन साल तक की लंबी अवधि की सावधि जमाओं पर 20 आधार अंक से 25 आधार अंक के बीच ऊंची ब्याज दरें होंगी।*


## ऑफिस स्पेस सॉल्यूशंस का आईपीओ 22 मई को खुलेगा



**नई दिल्ली।** कार्यस्थल समाधान प्रदाता ऑफिस स्पेस सॉल्यूशंस लिमिटेड ने अपने 599 करोड़ रुपये के आरंभिक सार्वजनिक निर्गम (आईपीओ) के लिए मूल्य दायरा 364-383 रुपये प्रति शेयर तय किया है।कंपनी ने बृहस्पतिवार को यह जानकारी दी। कंपनी का आईपीओ 22 मई को खुलेगा और 27 मई को बंद होगा। एंकर (बड़े) निवेशक 21 मई को शेयरों के लिए बोली लगा सकेंगे।

आईपीओ के तहत 128 करोड़ रुपये के नए शेयर जारी किए जाएंगे। इसमें 1.23 करोड़ शेयरों की बिक्री पेशकश (ओएफएस) भी शामिल है। आईपीओ का कुल आकार 599 करोड़ रुपये बैठता है। आईसीआईसीआई सिक्योरिटीज लिमिटेड, एक्सिस कैपिटल लिमिटेड, आईआईएफएल सिक्योरिटीज लिमिटेड और एमके ग्लोबल फाइनेंशियल सर्विसेज लिमिटेड निर्गम की प्रबंधक हैं।

# मार्च तिमाही में पर्सनल कंप्यूटर बाजार 2.6 फीसदी बढ़ा : रिपोर्ट



- इंटरनेशनल डेटा कॉरपोरेशन ने जारी की रिपोर्ट
- एचपी 30.1 फीसदी हिस्सेदारी के साथ बाजार में अग्रणी

**नई दिल्ली।** देश में डेस्कटॉप और नोटबुक जैसे पर्सनल कंप्यूटर (पीसी) का बाजार मार्च तिमाही में 2.6 प्रतिशत बढ़कर 30.7 लाख इकाई का हो गया। एक रिपोर्ट में यह जानकारी दी गई है। बाजार अनुसंधान फर्म इंटरनेशनल डेटा कॉरपोरेशन ने बृहस्पतिवार को कहा कि बिक्री में 8.8 प्रतिशत की गिरावट के बावजूद एचपी 30.1 प्रतिशत हिस्सेदारी के साथ पर्सनल कंप्यूटर बाजार में अग्रणी बनी हुई है। जनवरी-मार्च तिमाही में एचपी की पीसी बिक्री एक साल पहले के 10.12 लाख से घटकर 9.23 लाख इकाई रह गई। डेल टेक्नोलॉजीज और एसर ग्रुप की दोनों की पीसी बाजार में हिस्सेदारी 28.8 प्रतिशत बढ़कर क्रमशः 17.5 और 15.4 प्रतिशत हो गई। हालांकि, आलोच्य तिमाही में लेनोवो और आसुस की बाजार हिस्सेदारी घटकर क्रमशः 15.1 और 5.9 प्रतिशत रह गई।

### नोटबुक खंड में आई गिरावट

आईडीसी की तिमाही रिपोर्ट के मुताबिक, डेस्कटॉप और वर्कस्टेशन श्रेणियों में सालाना आधार पर क्रमशः 10.1 प्रतिशत और 2.7 प्रतिशत की बढ़ोतरी हुई जबकि नोटबुक खंड में 1.7 प्रतिशत की गिरावट आई। इस दौरान प्रीमियम नोटबुक (1,000 डॉलर से अधिक कीमत) की बिक्री में 21 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की गई।

# एचडीएफसी बैंक और इंफोसिस में लिवाली से सेंसेक्स 676 अंक चढ़ा

एजेंसी ▸▸ नई दिल्ली



- निफ्टी 22,400 अंक के पार
- एशिया के अन्य बाजारों में भी तेजी

स्थानीय शेयर बाजारों में बृहस्पतिवार को तेजी लौटी और बीएसई सेंसेक्स 676 अंक से अधिक के लाभ में रहा। वहीं एनएसई निफ्टी 22,400 अंक के पार निकल गया। एचडीएफसी बैंक और इन्फोसिस जैसे शेयरों में लिवाली तथा अमेरिका तथा एशिया के अन्य बाजारों में तेजी से बाजार को समर्थन मिला।

तीस शेयरों पर आधारित सेंसेक्स उतार-चढ़ाव भरे कारोबार में 676.69 अंक की बढ़त के साथ 73,663.72 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान यह ऊंचे में 73,749.47 अंक तक गया। निफ्टी भी 203.30 अंक की बढ़त के साथ 22,403.85 अंक पर बंद हुआ। जियोजीत फाइनेंशियल सर्विसेज के शोध प्रमुख विनोद नायर ने कहा, 'वैश्विक स्तर पर मजबूत रुख के बीच घरेलू बाजार में तेजी आई।

मजबूत वैश्विक रुख यह संकेत देता है कि अमेरिका में मुद्रास्फीति अनुमान से कम रह सकती है। इससे इस साल वहां नीतिगत दर में कम-से-कम दो बार कटौती की उम्मीद जान पड़ती है।' यूरोप के प्रमुख बाजारों में शुरुआती कारोबार में गिरावट का रुख रहा। अमेरिकी बाजार वॉल स्ट्रीट बुधवार को बढ़त में रहा था।

### इन शेयरों में रही घट-बढ़

सेंसेक्स के शेयरों में महिंद्रा एंड महिंद्रा, भारती एयरटेल, टेक महिंद्रा, टाइटन, इन्फोसिस, जेएसडब्ल्यू स्टील, बजाज फिनसर्व, एचडीएफसी बैंक, लार्सन एंड टुब्रो और कोटक महिंद्रा बैंक प्रमुख रूप से लाभ में रहे। दूसरी तरफ नुकसान में रहने वाले शेयरों में मारुति, भारतीय स्टेट बैंक, पावर ग्रिड, टाटा मोटर्स और इंडसइंड बैंक शामिल हैं।

### ओबेरॉय रियल्टी के शेयर नौ प्रतिशत उछले

ओबेरॉय रियल्टी के शेयर में बृहस्पतिवार को करीब नौ प्रतिशत का उछाल आया। बीएसई पर शेयर 8.70 प्रतिशत चढ़कर 1,712.30 रुपये पर पहुंच गया। एनएसई पर यह 8.81 प्रतिशत बढ़कर एक साल के उच्चतम स्तर 1,712.85 रुपये पर पहुंच गया। ओबेरॉय रियल्टी ने बुधवार को बताया था कि उसका एकीकृत शुद्ध मुनाफा बीते वित्त वर्ष की मार्च में समाप्त तिमाही में 64 प्रतिशत बढ़कर 788.03 करोड़ रुपये पर पहुंच गया।

- कोलियर्स इंडिया ने जारी की रिपोर्ट

# जनवरी-मार्च में घरों की कीमतें औसतन 10% बढ़ीं



**नई दिल्ली।** देश के आठ प्रमुख शहरों में घरों की औसत कीमतों में जनवरी-मार्च तिमाही में सालाना आधार पर 10 प्रतिशत की बढ़ोतरी हुई। बेंगलुरु में सबसे अधिक 19 प्रतिशत की वृद्धि देखी गई।

रियल एस्टेट सलाहकार कोलियर्स इंडिया और डेटा एनालिटिक कंपनी लियासेस फोरास ने एक संयुक्त रिपोर्ट में कहा कि इन आठ शहरों में कीमतें चार प्रतिशत से 19 प्रतिशत तक बढ़ी हैं। आंकड़ों के अनुसार, जनवरी-मार्च, 2024 में बेंगलुरु में औसत आवास की कीमतें सालाना आधार पर 19 प्रतिशत बढ़कर 10,377 रुपये प्रति वर्ग फुट हो गईं। यह पिछले साल की समान अवधि में 8,748 रुपये प्रति वर्ग फुट थी। लियासेस फोरास के प्रबंध निदेशक पंकज कपूर ने कहा, 'भारत के शीर्ष आठ शहरों में मजबूत बिक्री और नई आपूर्ति की शुरुआत के साथ संपत्ति की कीमतों में सालाना आधार पर 10 प्रतिशत की उल्लेखनीय वृद्धि देखी गई है।'

# चुनाव प्रचार चरम पर होने के बावजूद डीजल की बिक्री घटी

**नई दिल्ली।** भारत में आम चुनाव के लिए प्रचार चरम पर होने के बावजूद मई के पहले पखवाड़े में डीजल की बिक्री में गिरावट आई, जबकि पेट्रोल की खपत लगभग स्थिर रही। सार्वजनिक क्षेत्र की कंपनियों की ओर से जारी प्रारंभिक आंकड़ों में यह बात सामने आई। आम चुनाव के प्रचार के कारण परंपरागत रूप से ईंधन की मांग में वृद्धि हुई है क्योंकि उम्मीदवार मतदाताओं तक पहुंचने के लिए बड़े पैमाने पर मोटर वाहन का इस्तेमाल करते हैं। ईंधन बाजार के 90 प्रतिशत हिस्से को नियंत्रित करने वाली तीन सार्वजनिक क्षेत्र की कंपनियों की पेट्रोल बिक्री मई के पहले पखवाड़े में 13.67 लाख टन रही।

## सोना 650 रुपए मजबूत होकर 74050 रु. प्रति दस ग्राम

# चांदी 1,800 रुपए के उछाल के साथ नए रिकॉर्ड पर

एजेंसी ▸▸ नई दिल्ली

वैश्विक बाजारों में बहुमूल्य धातुओं की कीमतों में मजबूती के रुख के अनुरूप बृहस्पतिवार को राष्ट्रीय राजधानी के सराफा बाजार में चांदी की कीमत 1,800 रुपये के उछाल के साथ 88,000 रुपये के स्तर को पार कर 88,700 रुपये प्रति किलोग्राम के नए रिकॉर्ड स्तर पर पहुंच गई।

वहीं सोने की कीमत 650 रुपये की तेजी के साथ 74,050 रुपये प्रति 10 ग्राम हो गई। एचडीएफसी सिक्योरिटीज के अनुसार, चांदी में लगातार दूसरे सत्र में बढ़त आई। दिल्ली में चांदी की कीमत 1,800 रुपये बढ़कर 88,700 रुपये प्रति किलोग्राम के अपने सर्वकालिक उच्चस्तर पर पहुंच गई।

- चांदी ने 88700 रुपए प्रति किलोग्राम का नया रिकॉर्ड बनाया



### औद्योगिक गुणों के कारण चांदी में तेजी

चांदी भी बढ़कर 29.55 डॉलर प्रति औंस पर बोली गई। पिछले सत्र में यह 28.80 डॉलर प्रति औंस पर बंद हुई थी। जियोजीत फाइनेंशियल सर्विसेज के जिंस प्रमुख हरीश वी ने कहा, 'चांदी की कीमतों में तेजी से वृद्धि, मुख्य रूप से इसके अद्वितीय औद्योगिक गुणों के कारण है, जो इसे सोने से अलग करती है। आपूर्ति खतरे पर चिंता के कारण तांबा, एल्युमीनियम, जस्ता और सीसा जैसी प्रमुख औद्योगिक धातुओं की कीमतें अप्रैल से तेजी से बढ़ी हैं।

*उच्चस्तर पर मामूली मुनाफावसूली हो सकती है : अंतरराष्ट्रीय बाजार, कॉमेक्स में सोना हाजिर 2,386 डॉलर प्रति औंस पर कारोबार कर रहा था, जो पिछले बंद से 21 डॉलर मजबूत है। एलकेपी सिक्योरिटीज में जिंस एवं मुद्रा के शोध विश्लेषण विभाग के उपाध्यक्ष, जतीन त्रिवेदी ने कहा, सोने की कीमतें कुल मिलाकर सकारात्मक रुख के साथ कारोबार कर रही हैं, उच्चस्तर पर कुछ मामूली मुनाफावसूली हो सकती है।*

### दोनों धातुओं में तेजी जारी

पिछले सत्र में यह 86,900 रुपये प्रति किलोग्राम पर बंद हुई थी। इस बीच सोने की कीमत 650 रुपये से उछलकर 74,050 रुपये प्रति 10 ग्राम पर पहुंच गई। पिछले सत्र में यह 73,400 रुपये प्रति 10 ग्राम पर बंद हुआ था।

### अमेरिकी मुद्रास्फीति पहले बार गिरी

गुरुवार को सराफा में तेजी आई क्योंकि कल के निचले अमेरिकी मुद्रास्फीति आंकड़ों ने सितंबर की शुरुआत में ब्याज दरों में कटौती की संभावना बढ़ा दी है। अप्रैल में, अंतर्निहित अमेरिकी मुद्रास्फीति दर छह महीने में पहली बार गिर गई।

## चिंतन

# नव आर्थिक सुधार के बिना समावेशी विकास संभव नहीं

प्रधानमंत्री की आर्थिक सलाहकार परिषद (पीएमईएसी) के सदस्य संजीव सान्याल ने भारतीय अर्थव्यवस्था के आकार को लेकर जो अगले वित्त वर्ष में दुनिया की चौथी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनने का अनुमान जाहिर किया है, वह वास्तविता के करीब ही है। लेकिन अर्थव्यवस्था के आकार से समावेशी विकास और गरीबी उन्मूलन का कोई ताल्लुक नहीं है। अर्थव्यवस्था के आकार बढ़ने का मतलब विकसित भारत का लक्ष्य हासिल करने से भी नहीं है। कोविड उपरांत की अर्थव्यवस्था के सामने अनेक चुनौतियां भी हैं, जो भारत के विकसित देश बनने की राह की कांटें हैं। पीएमईएसी के मुताबिक, भारत वित्त वर्ष 2024-25 में 4,000 अरब डॉलर की अर्थव्यवस्था होगा और अगले वित्त वर्ष की शुरुआत में जापान को पीछे छोड़ते हुए दुनिया की चौथी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन जाएगा। अभी भारत पांचवीं बड़ी अर्थव्यवस्था है। वर्ष 2027 तक भारत आकार के हिसाब से तीसरी बड़ी अर्थव्यवस्था बन जाएगा। इसके बावजूद भारतीय अर्थवयवस्था के सामने बुनियादी चुनौतियां बनी रहेंगी। प्रति व्यक्ति वार्षिक आय, मानव विकास सूचकांक, विश्व गरीबी सूचकांक, हर व्यक्ति तक शिक्षा व स्वास्थ्य की पहुंच, स्वतंत्रता, मौलिक अधिकार, गरीबी उन्मूलन, सबके लिए रोजगार, आर्थिक आत्मनिर्भरता आदि मानक हैं, जिनमें भारत की स्थिति एक लोअर मिडिल इनकम वाले देश की है। महज 23 वर्ष की अवधि में इन सभी मानदंडों पर खरा उतरना आसान नहीं है। वैश्विक वित्तीय संस्थान डेलायट की रिपोर्ट के मुताबिक भारत अगर अगले 20 वर्ष तक लगातार 8-9 फीसदी दर से जीडीपी ग्रोथ करेगा, तभी वर्ष 2047 तक विकसित देश बनने का लक्ष्य हासिल कर सकेगी। विकसित राष्ट्र बनने के लिए अर्थव्यवस्था के आकार बढ़ने के साथ मानवीय विकास के दूसरे सूचकांकों में भी बेहतर परिणाम हासिल करना होता है। पीएमईएसी के मुताबिक, कमजोर निर्यात समेत विभिन्न चुनौतियों को देखते हुए देश के लिए सात प्रतिशत की आर्थिक वृद्धि दर अच्छी वृद्धि दर होगी। वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने हाल ही में कहा था कि भारत 2027 तक जापान और जर्मनी को पीछे छोड़ते हुए दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन जाएगा। बाजार मूल्य पर भारतीय अर्थव्यवस्था का आकार लगभग 3,700 अरब डॉलर है। जापान अभी 4,100 अरब डॉलर के साथ हमसे थोड़ा ही आगे है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी कई बार चुनाव संबोधनों में भारत के तीसरी अर्थव्यवस्था बनने और वर्ष 2047 तक विकसित देश बनने की बात दोहराते रहते हैं, लेकिन सरकार इसके लिए कभी कोई रोडमैप पेश नहीं करती है। अगर अर्थव्यवस्था की तरलता सब्सिडी व सरकारी योजनाओं पर निर्भर हो, अगर बैंकों में बचत जमा में कमी आ रही हो, पांच किलो मुफ्त राशन व अन्य मुफ्त स्कीमों से अगर सरकार बड़ी आबादी को आश्रित बना रही हो, तो अर्थव्यवस्था आत्मनिर्भरता का लक्ष्य कैसे हासिल करेगी? एशियाई विकास बैंक और फिच रेटिंग्स ने भारत की जीडीपी वृद्धि दर सात प्रतिशत रहने का अनुमान लगाया है। भारत का मौजूदा आर्थिक परिदृश्य वैश्विक तुलना में इंप्रेसिव है, लेकिन जब नई सरकार बनेगी, तो उसके सामने अर्थवयवस्था में सुधार की अनेक चुनौतियां होंगी। भारत को आर्थिक सुधार के अगले स्ट्रक्चरल व नीतिगत चरण में प्रवेश करने की जरूरत है।



अर्थव्यवस्था
सतीश सिंह

# 2047 तक विकसित देश बनना मुश्किल

**अर्थव्यवस्था के आकार से कोई देश विकसित राष्ट्र नहीं बन जाता है। इसके लिए जीडीपी के अलावा, प्रति वयक्ति आय, एचडीआई, शिक्षा, स्वास्थ्य, गरीबी आदि अनेक मानदंड हैं, जहां किसी भी देश को उन पर खरा उतरना होता है। चीन विश्व की दूसरी बड़ी अर्थव्यवस्था है, इसके बावजूद वह विकसित राष्ट्र नहीं है, जबकि छोटे आकार की अर्थव्यवस्था के बावजूद अनेक देश विकसित देशों की श्रेणी में हैं। भारत की जो मौजूदा अर्थव्यवस्था है और उसके सामने जो चुनौतियां है, तो उनसे निपटना वर्ष 2047 तक मुमकिन नहीं लग रहा है। भारत अभी लोअल मिडिल इनकम श्रेणी वाला देश है, इसे विकसित श्रेणी में महज 23 साल में लाना आसान नहीं है।**

वर्ष 2023 के स्वतंत्रता दिवस यानी 15 अगस्त को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने लाल किले के प्राचीर से राष्ट्र को संबोधित करते हुए 2047 तक भारत को विकसित देश बनाने का संकल्प लिया। पुनः 'द इंडियन इकनॉमीः ए रिव्यू' रिपोर्ट, जिसे सरकार ने अंतरिम बजट पेश करने से ठीक पहले पहले जारी किया था, में भारतीय अर्थव्यवस्था के 2027 तक 5 ट्रिलियन डॉलर और 2030 तक 7 ट्रिलियन डॉलर और 2047 तक भारत के विकसित देश बनने की बात कही गई है। यहाँ सवाल का उठाना लाजिमी है कि क्या सचमुच ऐसा मुमकिन है, क्योंकि विश्व बैंक के अनुसार भारत एक 'लोअर मिडिल इनकम' वाला देश है और कई चुनौतियों का सामना कर रहा है, जिनमें देश में समावेशी विकास को सुनिश्चित करना, गरीबी का खात्मा, आधारभूत संरचना को और मजबूत बनाना, शिक्षा के स्तर में इजाफा, प्रति व्यक्ति आय में बढ़ोतरी, सभी लोगों को आत्मनिर्भर बनाना आदि हैं। यहाँ हम यह विश्लेषण करेंगे कि कैसे 2027 में भारत की अर्थव्यवस्था 5 ट्रिलियन डॉलर और 2030 में 7 ट्रिलियन डॉलर की बनेगी और कैसे 2047 तक भारत एक विकसित राष्ट्र बन पायेगा? क्या यह मुमकिन है?

विकसित देश की कोई सर्वसम्मत परिभाषा नहीं है। संयुक्त राष्ट्र, विश्व बैंक, विश्व व्यापार संगठन और विश्व आर्थिक मंच जैसी एजेंसियां विकसित और विकासशील देशों को वर्गीकृत करने के लिए कुछ संकेतकों का इस्तेमाल करती हैं, लेकिन इनमें सबसे अधिक विश्वसनीय संकेतक संयुक्त राष्ट्र का है। संयुक्त राष्ट्र, देशों को निम्न, निम्न-मध्यम, उच्च-मध्यम और उच्च आय वाले देशों में वर्गीकृत करता है। यह वर्गीकरण किसी देश की प्रति व्यक्ति सकल राष्ट्रीय आय (जीएनआई) पर आधारित होता है। इसके साथ ही, विकसित देश में रहवासियों की गुणवत्तापूर्ण रहन-सहन और शिक्षा की बेहतर स्थिति भी होनी चाहिए। भले ही विकसित देश के निर्धारण में संयुक्त राष्ट्र का पैमाना विश्वसनीय माना जाता है, लेकिन इस पैमाने में कमियाँ व खामियाँ भी हैं। उदहारण के तौर पर जीडीपी वृद्धि दर के मामले में भारत दुनिया की पांचवीं बड़ी अर्थव्यवस्था है, लेकिन प्रति व्यक्ति आय के मामले में यह बांग्लादेश से भी पीछे है।

विकसित देश उसे कहते हैं, जहाँ तकनीक की मदद से प्राकृतिक संसाधनों का उपयोग करने की क्षमता हो, वृहत स्तर पर औद्योगीकरण हो, कृषि का यंत्रीकरण किया गया हो, पशुपालन तथा दुग्ध-व्यवसाय की स्थिति उन्नत हो, विकसित यातायात व संचार-व्यवस्था हो, प्रति व्यक्ति अधिकतम आय हो, मनोरंजन की सुविधा बेहतर हो, सभी आत्मनिर्भर हों, गरीबी का नामोनिशान नहीं हो, सूचना प्रौद्योगिकी, अनुसंधान, परामर्श सेवाएं, शिक्षा आदि की सुविधाएं सभी लोगों के लिए उपलब्ध हो आदि. विकसित देशों में मानव विकास सूचकांक (एचडीआई) बेहतर होती है अर्थात वहां जीवन प्रत्याशा अधिक होती है और लोग शिक्षित होते हैं।

भारत में जन्म के समय जीवन प्रत्याशा 1947 में लगभग 40 वर्ष थी, जो अब बढ़कर लगभग 70 वर्ष हो गई है। भारत ने प्राथमिक, माध्यमिक और तृतीयक तीनों स्तरों



पर शिक्षा के नामांकन में उल्लेखनीय प्रगति की है। देश में साक्षरता दर अभी 74.04 प्रतिशत है, जबकि आजादी के समय यानी 1947 में यह महज 18 प्रतिशत थी। वर्ष 2021 में 78.6 प्रतिशत महिलाओं के पास अपना बैंक खाता था, जबकि वित्त वर्ष 2015-16 में यह प्रतिशत महज 53 थी। देश के कुल श्रमबल में महिलाओं की भागीदारी बढ़कर 37 प्रतिशत हो गई है, जो वित्त वर्ष 2017-18 में सिर्फ 23.3 प्रतिशत थी। वित्त वर्ष 2020-21 में उच्च शिक्षा में लड़कियों की सकल नामांकन अनुपात बढ़कर 27.9 प्रतिशत हो गई है, जो 2000-01 में केवल 6.7 प्रतिशत थी। सेकेंडरी शिक्षा में लड़कियों का नामांकन अनुपात वित्त वर्ष 2020-21 में बढ़कर 58.2 प्रतिशत हो गया है, जो वित्त वर्ष 2004-05 में सिर्फ 24.5 प्रतिशत था। 2023 में वर्तमान मूल्य पर प्रति व्यक्ति आय के मामले में भारत दुनिया में 140 वें स्थान पर था, जबकि पीपीपी की गणना पद्दति के संदर्भ में प्रति व्यक्ति आय के मामले में भारत 125 वें स्थान पर था। भारत को इन दोनों पैमानों में शीर्ष 10 देशों की सूची में आने में एक लंबा समय लग सकता है, क्योंकि जीडीपी के संदर्भ में भारत में प्रति व्यक्ति आय 2023 में 2612.50 अमेरिकी डॉलर है, जबकि अमेरिका में यह 80,412 अमेरिकी डॉलर है। एक अनुमान के अनुसार 2047 में भारत की अर्थव्यवस्था लगभग 30 ट्रिलियन डॉलर की हो जाएगी और इसकी आबादी लगभग 1.65 बिलियन होगी अर्थात उस समय भारत की प्रति व्यक्ति आय लगभग 18,181 अमेरिकी डॉलर होगी। इस असमानता का मुख्य कारण भारत की बड़ी जनसंख्या और गरीबी है। इस तरह, 2047 तक भारत में प्रति व्यक्ति आय बेहतर स्थिति में जरूर होगी, लेकिन तब भी, वह अनेक देशों से कम होगी, जिनमें विकासशील देश भी शामिल होंगे।

भारत जब आजाद हुआ था, तब भारत की सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) 227 बिलियन डॉलर की थी, जो वित्त वर्ष 2022-23 में बढ़कर लगभग 3.73 ट्रिलियन डॉलर की हो गई। वर्ष 1950 से वर्ष 1979 तक देश की जीडीपी औसतन 3.5 प्रतिशत की दर से आगे बढ़ रही थी, जिसे भारतीय अर्थव्यवस्था में हिंदू वृद्धि दर कहा गया, जबकि वर्ष 1980 से वर्ष 2020 तक भारत की जीडीपी वृद्धि दर औसतन 6.15 प्रतिशत की दर से आगे बढ़ी। वित्त वर्ष 2022 से यह दर 7 प्रतिशत है। वित्त वर्ष 1960 में प्रति व्यक्ति आय 83 अमेरिकी डॉलर थी, जो वित्त वर्ष 2023 में बढ़कर 2612 अमेरिकी डॉलर हो गई है। भारत अभी 'लोअर मिडिल इनकम' वाला देश है। वर्ल्ड बैंक के अनुसार, 1086 डॉलर से 4125 डॉलर के बीच प्रति व्यक्ति आय वाले देशों को लोअर मिडिल इनकम देश कहा जाता है। दुनिया की दूसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था वाला देश चीन भी अभी तक विकसित देश नहीं बन सका है और विश्व बैंक के मानकों के अनुसार यह 'अपर मिडिल इनकम' श्रेणी में शामिल है। भारत को विकसित देश बनने के लिए सकल राष्ट्रीय आय, प्रति व्यक्ति आय, जीडीपी, और मानव विकास सूचकांक के पैमाने पर खरा उतरना होगा। इस दृष्टिकोण से देखा जाए तो 2047 तक भारत की जीडीपी 30 ट्रिलियन अमेरिकी डॉलर की बन सकती है। फिर भी, हम विकसित देश नहीं होंगे, क्योंकि 2047 तक प्रति व्यक्ति आय, जीएनआई और एचडीआई के मानदंडों पर खरा उतरना भारत के लिए मुमकिन नहीं लग रहा है। आय में भारी असमानता की वजह से भारत में प्रति व्यक्ति आय वास्तविक तस्वीर पेश नहीं करती है। औद्योगीकरण की दशा अच्छी नहीं है। कृषि का यंत्रीकरण भी अभी पूरी तरह से नहीं हो सका है। वित्त वर्ष 2023-24 में "ब्रेकिंग दि ग्रिडलॉक" शीर्षक से जारी मानव विकास रिपोर्ट में 193 देशों की सूची में भारत 134वें स्थान पर है। भारत अभी भी शिक्षा, स्वास्थ, बुनियादी सुविधाएं जैसे, जल, बिजली, शौचालय, सड़क, यातायात, संचार, मनोरंजन आदि की स्थिति को बेहतर करने के लिए प्रयास कर रहा है।

(लेखक वरिष्ठ बैंक अधिकारी हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

लेख पर अपनी प्रतिक्रिया **edit@haribhoomi.com** पर दे सकते हैं।

## विश्व उच्च रक्तचाप दिवस

आर.पी. पराशर



# हाइपरटेंशन से बचाव के लिए एक्टिव जीवनशैली अपनाएं

उच्च रक्तचाप यानी हाइपरटेंशन का अर्थ है धमनियों में रक्त प्रवाह का तेज हो जाना। जब सिस्टोलिक ब्लड प्रेशर लगातार 140 से ऊपर व डायस्टोलिक ब्लड प्रेशर 100 से ऊपर रहे तो इसे हाइपरटेंशन कहा जाएगा। विश्व स्वास्थ्य संगठन के अनुसार इस समय पूरे विश्व में हाइपरटेंशन के 130 करोड़ मरीज हैं जिनमें से 22 करोड़ अकेले भारत में ही हैं। दुनिया भर में हर साल एक करोड़ से अधिक मौतें हाइपरटेंशन के कारण हो जाती हैं। भारत में कुल होने वाली मौतों की 63% मौतें गैर संक्रामक रोगों के कारण होती हैं, जिनमें से 27 प्रतिशत हृदय रोगों के कारण होती हैं। देश में हाइपरटेंशन के मामलों में 25% तक कमी लाने का लक्ष्य निर्धारित कर विश्व स्वास्थ्य संगठन, इंडियन काउंसिल फॉर मेडिकल रिसर्च व भारत सरकार के स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय द्वारा संयुक्त रूप से इंडिया हाइपरटेंशन कंट्रोल इनिशिएटिव की शुरुआत 2017 में की गई थी। गत 18 मार्च 2024 को इंटरनेशनल जनरल ऑफ पब्लिक हाइजीन में छपी आईसीएमआर की स्टडी के अनुसार देश में 15.9% लोग हाइपरटेंशन के शिकार हैं, जबकि 33.7% लोग प्री- हाइपरटेंशन की स्टेज में हैं। यह स्टडी नेशनल फैमिली हेल्थ सर्वे के अंतर्गत 28 राज्यों और 8 केंद्र शासित प्रदेशों के 707 जिलों से लिए गए आंकड़ों के आधार पर की गई थी। हाइपरटेंशन के मरीजों के बारे में सबसे चिंताजनक पहलू यह है कि देश में मात्र 12% हाइपरटेंसिव मरीजों का ब्लड प्रेशर नियंत्रण में है। इससे बचाव के उपायों और इलाज के बारे में लोगों को जागरूक और शिक्षित कर न केवल हाइपरटेंशन का इलाज कर लोगों को मौत से बचाया जा सकता है, बल्कि देश की 33.7 आबादी जो इस समय प्री हाइपरटेंसिव स्टेज में है, को हाइपरटेंशन से बचाया जा सकता है। हाइपरटेंशन से बचाव और इलाज के लिए दवा से भी महत्वपूर्ण है स्वस्थ जीवन शैली अपनाना। नियमित रूप से व्यायाम, योग, ध्यान के साथ-साथ हेल्दी फूड हाइपरटेंशन से बचाव और सफल इलाज के लिए अति आवश्यक हैं। हाइपरटेंशन होने के मुख्य कारण जंक फूड, फास्ट फूड, डिब्बाबंद फूड, प्रोसेस्ड फूड के अलावा गरिष्ठ व अधिक नमक, चीनी वसायुक्त भोजन का लगातार सेवन, व्यायाम का



अभाव तथा तनाव, चिंता, अवसाद जैसी मानसिक स्थिति का लगातार बने रहना। हाइपरटेंशन से बचाव और इलाज के लिए जरूरी है कि हम अपने आहार विहार और जीवन शैली में उपरोक्त कारणों को मद्देनजर रखते हुए परिवर्तन करें। आयुर्वेद के मतानुसार हाई ब्लड प्रेशर दो तरह के दोषों पित्त और वात की वजह से होता है। इसलिए हाई ब्लड प्रेशर के इलाज में आयुर्वेदिक औषधियों की मदद से इन दोषों को ही संतुलित करने का प्रयास किया जाता है। सर्पगंधा, जटामांसी, पुनर्नवा, ब्राह्मी, वच, शंखपुष्पी आदि आयुर्वेदिक औषधियां हाइपरटेंशन के उपचार में मदद करती है। इसके अलावा तुलसी, पुनर्नवा, गुलकंद, तगर आदि दवाएं दिमाग की शांति के लिए उपयोगी हैं। मूड सही करने तथा तनाव को दूर करने के लिए इनका इस्तेमाल किया जा सकता है।

हाई ब्लड प्रेशर को कम करने के लिए शाकाहार सबसे अच्छा उपाय है। खीरा, तरबूज, खरबूज, अजवाइन, करेला और लहसुन को अपनी डाइट में शामिल करें तो हाइपरटेंशन में काफी आराम मिलेगा। टमाटर, खीरा, चुकंदर, संतरा, तरबूज व खरबूजे का जूस हाइपरटेंशन के इलाज के लिए फायदेमंद है। वनस्पति घी का प्रयोग कम मात्रा में करें, रिफाइंड तेल का प्रयोग बिल्कुल न करें। चाय, कॉफी, आदि कैफीन उत्पादों से परहेज करना हाई बीपी के मरीजों के लिए बेहद जरूरी है। हाइपरटेंशन के मरीज शराब व धूम्रपान को पूर्णतया त्याग दें। भोजन में नमक की मात्रा 1500 मिलीग्राम से 2300 मिलीग्राम प्रतिदिन से अधिक नहीं से अधिक नहीं होनी चाहिए। चूंकि नमक में विद्यमान सोडियम ब्लड प्रेशर को बढ़ाता है इसलिए सोडियम के बजाय पोटेशियम युक्त खाद्य पदार्थों का प्रयोग करना चाहिए। हरी पत्तेदार सब्जियां, केला, संतरा, आलू, शकरकंदी, ड्राई फ्रूट, सब्जियों और फलों के बीच पोटेशियम के अच्छे स्रोत माने जाते हैं। हाइपरटेंशन से छुटकारा पाने के लिए नियमित रूप से व्यायाम, योग व ध्यान करना बेहद जरूरी है। सप्ताह में कम से कम 150 मिनट वॉकिंग, जॉगिंग, डांसिंग जैसी एरोबिक एक्सरसाइज व्यक्ति को हाइपरटेंशन से बचाए रखने में मददगार है। योग में ध्यान के नियमित अभ्यास से तनाव से मुक्ति पाई जा सकती है। पंचकर्म की स्नेहन, स्वेदन, विरेचन, वमन और शिरोधारा जैसी थेरेपी सहयाक है।

(लेखक मनोचिकित्सक एवं आयुर्वेद विशेषज्ञ, सीएमओ (आयुर्वेद), दिल्ली नगर निगम हैं।)

# संपत्ति को परमार्थ में न लगाना ही असफलता



संकलित
**दर्शन**

संतोष सभी गुणों में सर्वोपरि है। जीवन में संतुष्टि है, तो सद्गुणों को अपनाना सहज है। जहां सद्गुणों का वास है, वहां दुर्गुणों का नाश हो ही जाता है। क्योंकि, असंतुष्टि अशांति व अवगुणों की जननी है। असंतुष्टि का कारण अप्राप्ति है, किसी न किसी इच्छा या अपेक्षा की अपूर्ति है। ईश्वरीय ज्ञान, गुण व शक्तियों की प्राप्ति, धारणा व उपार्जन से इंसान की सभी सदिच्छाओं व आवश्यकताओं की सहज पूर्ति हो जाती है। संतुष्ट आत्मा बनने का अर्थ है सदा सत्य और सदाचार के मार्ग पर चलना। संतोष द्वारा सर्व दिव्य गुणों का आह्वान होता है, जिससे सर्व अवगुणों की आहुति स्वतः हो जाती है। जीवन में अप्राप्ति या असंतुष्टि का कारण अंदर की कमियां या कमजोरियां ही हैं, जो परमात्म ज्ञान और योग साधना की प्राप्तियों से दूर हो जाती हैं। जिन्हें सर्व प्राप्तियां हैं, उसके चिह्न उनके मुख और व्यक्तित्व में प्रसन्नता के रूप में दिखाई देते हैं। आजकल लोगों के चेहरे पर सदा प्रसन्नता की झलक देखने को नहीं मिलती है। इंसान कभी प्रसन्नचित्त है तो और कभी प्रश्नचित्त बन जाता है। किसी भी परिस्थिति में हम क्यों, क्या, कैसे, कब... जैसे प्रश्नों से प्रश्नचित्त बन जाते हैं। पर कुछ लोग ऐसे भी हैं, जो सदा प्रसन्नचित्त होते हैं। उनकी किसी भी बात में प्रश्न नहीं होता है। जो प्राप्तियों से सम्पन्न होता है, उसमें हलचल नहीं होती है। जो खाली होता है, उसमें हलचल होती है। स्वयं से पूछिए कि क्या मैं सदा प्रसन्नचित्त रहता या रहती हूं? यदि प्रसन्नता कम होती है तो उसका कारण प्राप्ति की इच्छा है।

# मन की शांति कैसे प्राप्त करें?



संकलित
**प्रेरणा**

सेठ अमीरचंद को हर पल कोई न कोई चिंता परेशान किये रहती थी। एक दिन वह कहीं जा रहा था तो रास्ते में उसकी नजर एक आश्रम पर पड़ी। वहाँ उसे किसी साधु के प्रवचनों की आवाज सुनाई दी। उस आवाज से प्रभावित होकर अमीरचंद आश्रम के अन्दर गया और बैठ गया। प्रवचन समाप्त होने पर सभी व्यक्ति अपने अपने घर को चले गये। लेकिन वह वही बैठा रहा। उसे देखकर संत बोलेः कहो, तुम्हारे मन में क्या जिज्ञासा है, जो तुम्हें परेशान कर रही है। इस पर अमीरचंद बोलाः बाबा, मेरे जीवन में शांति नहीं है। यह सुनकर संत बोलेः घबराओ नहीं तुम्हारे मन की सारी अशांति अभी दूर हो जायेगी। संत की बात सुनकर ज्यों ही अमीरचंद ध्यान की मुद्रा में बैठा त्यों ही उसके मन में इधर-उधर की बातें घूमने लगीं और उसका ध्यान उचट गया। सेठ बोलाः चलो, जरा आश्रम का एक चक्कर लगाते हैं। अमीर चंद ने एक सुंदर वृक्ष देखा तथा उसे हाथ से छुआ। हाथ लगाते ही उसके हाथ में एक कांटा चुभ गया और सेठ। बुरी तरह चिल्लाने लगे। यह देखकर संत वापस अपनी कुटिया में आए। कटे हुए हिस्से पर लेप लगाया। कुछ देर बाद वह सेठ से बोलेः तुम्हारे हाथ में जरा-सा कांटा चुभा तो तुम बेहाल हो गए। सोचो कि जब तम्हारे अन्दर ईर्ष्या, क्रोध व लोभ जैसे बड़े-बड़े कांटे छिपे हैं, तो तुम्हारा मन भला शांत कैसे हो सकता है ? संत की बात से सेठ अमीरचंद को अपनी गलती का अहसास हो गया। वह संतुष्ट होकर वहां से चला गया। उसके बाद सेठ अमीरचंद ने कभी भी ईर्ष्या नहीं की, क्रोध का भी त्याग कर दिया।

## सटाका




## आज की पाती

### टूटते परिवारों के लिए जिम्मेवार कौन?

दुनियाभर में परिवार के महत्व को समझाने और इसके प्रति लोगों को जागरूक करने के उद्देश्य से संयुक्त राष्ट्र जनरल एसेंबली ने सन 1993 को अंतरराष्ट्रीय परिवार दिवस मनाने की घोषणा की थी। अब हर वर्ष 15 मई को अंतरराष्ट्रीय परिवार दिवस मनाया जाता है। बेशक इस दिवस की शुरुआत विदेश से हुई है, लेकिन हमें दूसरे देशों की अच्छी बातों को ग्रहण करने में कंजूसी नहीं करनी चाहिए और न ही यह तर्क देना चाहिए कि अंतरराष्ट्रीय परिवार दिवस हमारे देश की परंपरा नहीं है। परिवार का महत्व क्या है, इसकी अहमियत हमारे देश में बहुत ज्यादा है। हमारे देश में तो सारी पृथ्वी को अपना परिवार समझा जाता है, तभी तो हमारे देश में कहा जाता है 'वसुधैव कुटुम्बकम।'

*– संतोष देवांगन, कुम्हारी*

## ट्रेंड

### जांच रिपोर्ट सार्वजनिक करेंगे



स्लोवाकिया के प्रधानमंत्री रॉबर्ट फिको पर गोलीबारी की खबर से गहरा सदमा लगा। मैं इस कायरतापूर्ण और कायरतापूर्ण कृत्य की कड़ी निंदा करता हूं और पीएम फिको के शीघ्र स्वस्थ होने की कामना करता हूं। भारत स्लोवाक गणराज्य के लोगों के साथ एकजुटता से खड़ा है।

**-नरेंद्र मोदी, प्रधानमंत्री**

### हमारी कर्मभूमि



रायबरेली और अमेठी हमारी कर्मभूमि है, जिसका कोना कोना पीढ़ियों की यादें संजोए हुए है। मां के साथ पुरानी तस्वीरें देखकर पापा और दादी की याद भी आ गयी, जिनकी शुरू की गयी सेवा की परंपरा मैंने और मां ने आगे बढ़ाई।

**-राहुल गांधी, कांग्रेस नेता**

### सच्ची लड़ाई



जीवन की सच्ची लड़ाई यह है : विलुप्त होने वाले लोग जो संपूर्ण मानवता का विनाश चाहते हैं। वे किसी को कुछ नहीं समझते - बनाम -विस्तारवादी जो सितारों तक पहुंचना चाहते हैं और ब्रह्मांड को समझना चाहते हैं। वे पूरी कायनात को देखना चहाते हैं।

**-एलन मस्क, उद्योगपति**

### लूटने आते हो



इस दुनिया में मज़े मारने नहीं आते हैं आप, लुटने आते हो। ये जगत है ही इसीलिए कि हमको मूर्ख बना-बनाकर हमें लूटता जाए। एक-एक चीज, एक-एक व्यवस्था, आप जिसमें शामिल हैं, आप अगर देख पाएं तो दिखेगा कि कैसे आपका शोषण होता है।

**-आचार्य प्रशांत, आध्यात्मिक गुरु**

## करंट अफेयर

# चीन और कंबोडिया में 15 दिवसीय सैन्य अभ्यास शुरू

कंबोडिया पर बढ़ते चीन के प्रभाव को लेकर उठ रहे सवालों के बीच दोनों देशों ने बृहस्पतिवार को 15 दिवसीय सैन्य अभ्यास शुरू कर दिया है। कंबोडिया के लगभग 1,315 सैन्यकर्मी और चीन के 760 सैन्यकर्मी थल और जल सैन्याभ्यास 'गोल्डन ड्रैगन' में भाग ले रहे हैं। इसके अलावा चीन के तीन और कंबोडिया के 11 पोत भी इसका हिस्सा हैं। पहले चरण का अभ्यास कंबोडिया की राजधानी नोम पेन्ह के उत्तर पश्चिम में लगभग 90 किलोमीटर दूर जंगल और पहाड़ी क्षेत्र में सैन्य अड्डों पर शुरू किया गया है। कंबोडिया की सेना के कमांडर इन चीफ जनरल वोंग पिसेन ने नए उपकरण उपलब्ध कराने और रीम नामक नौसैनिक अड्डे समेत अन्य



सैन्य सुविधाओं को उन्नत बनाने में मदद करने के लिए चीन को धन्यवाद दिया। अमेरिका और अन्य देश इस बात को लेकर चिंचित हैं कि रीम पर एक गोदी के निर्माण में चीन की भागीदारी से यह थाईलैंड की खाड़ी पर चीन की नौसेना के लिए नयी निगरानी चौकी बन सकता है। इसके अलावा, चीन के युद्धपोत पांच माह से अधिक समय से गोदी पर खड़े होने से अमेरिका और अन्य देशों की चिंताओं को बल मिला है।

## ऑफ बीट

# हमारे शरीर में स्थित खून का रंग लाल क्यों होता है

रक्त हमारे शरीर के भीतर होता है, लेकिन जब हमें रक्तस्राव होता है तो हम इसे बाहर देखते हैं, जैसे कि जब हमें कट लगता है या नाक से खून बहता है।



रक्त हीमोग्लोबिन नामक वस्तु के कारण लाल होता है। हीमोग्लोबिन लाल होता है और यह हमारे रक्त को लाल बनाता है। लेकिन हीमोग्लोबिन किस काम के लिए होता है? दरअसल, हमें अपने रक्त में ऑक्सीजन ले जाने के लिए हीमोग्लोबिन की आवश्यकता होती है। यह थोड़ा जटिल लग सकता है, तो आइए अधिक बारीकी से देखें कि हमें ऑक्सीजन की आवश्यकता क्यों है, और हमें अपने रक्त में ऑक्सीजन ले जाने के लिए हीमोग्लोबिन की आवश्यकता क्यों है। हर किसी को जिंदा रहने के लिए ऑक्सीजन की जरूरत होती है। हमारे शरीर को काम करने के लिए ऑक्सीजन की आवश्यकता होती है। हमारा शरीर लाखों-करोड़ों छोटी-छोटी कोशिकाओं से बना है। हमारे शरीर की सभी कोशिकाओं को जिस हवा में हम सांस लेते हैं उससे ऑक्सीजन और हमारे द्वारा खाए जाने वाले भोजन से पोषक तत्वों की आवश्यकता होती है। कोशिकाएं ऊर्जा बनाने के लिए ऑक्सीजन और पोषक तत्वों का उपयोग करती हैं ताकि वे अपना काम कर सकें।

हमारा पता
हरिभूमि कार्यालय
66/1 इंडस्ट्रियल एरिया, रिछाई, जबलपुर (मप्र)
पिन कोड-482002
ई-मेल : edit@haribhoomi.com
वेब-साइट : www.haribhoomi.com

# ऐश्वर्या का 'कॉन फेस्टिवल' में हुआ भव्य स्वागत

एजेंसी ▶▶ पेरिस

77 वें कान फिल्म फेस्टिवल में अभिनेत्री ऐश्वर्या राय भी हिस्सा ले रही हैं। वे बेटी आराध्या के साथ फेस्टिवल में शिरकत करने पहुंची है। जब अभिनेत्री कांस पहुंची तो वहां उनका जोरदार स्वागत हुआ। उनके भव्य स्वागत की तस्वीर सोशल मीडिया पर वायरल हो रही है।

सामने आई तस्वीर में देखा जा सकता है कि गुलदस्ते के साथ उनका स्वागत किया गया। फैंस का प्यार देखकर ऐश्वर्या के चेहरे पर भी मुस्कान तैर आई। ऐश्वर्या राय कई बार कान फिल्म फेस्टिवल में हिस्सा ले चुकी हैं। पहली बार उन्होंने वर्ष 2002 में कान फिल्म फेस्टिवल में डेब्यू किया था। इस बार भी वे फेस्टिवल में चार चांद लगाएंगी। ऐश्वर्या और उनकी बेटी आराध्या बच्चन को 16 मई को फ्रांस के कान्स में होटल मार्टिनेज में स्पॉट किया गया।

ब्लैक और ब्लू कलर के आउटफिट में ऐश्वर्या काफी स्टाइलिश लग रही हैं। उन्होंने भी हाथ हिलाकर फैंस का अभिवादन किया। ऐश्वर्या राय की बेटी आराध्या ब्लैक पैंड और स्वीटशर्ट में नजर आईं। बीती रात ऐश्वर्या राय और आराध्या बच्चन फेस्टिवल में हिस्सा लेने के लिए मुंबई से रवाना हुए। उन्हें मुंबई एयरपोर्ट पर देखा गया। लेकिन, ऐश्वर्या की तस्वीरों ने फैंस की चिंता बढ़ा दी। उनके हाथ में चोट लगी है। वे चोटिल हाथ के साथ फेस्टिवल में शामिल होने पहुंची हैं। फेस्टिवल के रेड कार्पेट में ऐश्वर्या जलवा दिखाती नजर आएंगी। ऐश्वर्या राय कान वर्ष 2003 में कान फिल्म फेस्टिवल की जूरी में भी शामिल हो चुकी हैं।





## आन्या -क्रिस ने रेड कार्पेट पर बिखेरा जलवा



फ्रांस में आयोजित 77वें कान फिल्म फेस्टिवल खूब सुर्खियों में छाया हुआ है। पूरी दुनिया के सिने प्रेमियों को कान फिल्म फेस्टिवल का बेसब्री से इंतजार रहता है। 14 मई को बड़ी धूमधाम और ग्लैमर के साथ कान फिल्म फेस्टिवल का उद्घाटन हुआ। इस दौरान हॉलीवुड के कई कलाकार 'फ्यूरियोसाः ए मैड मैक्स सागा' के प्रीमियर के लिए इकट्ठा हुए। इस कार्यक्रम की शोभा बढ़ाने वाले सितारों में आन्या टेलर जॉय और क्रिस हेम्सवर्थ की जोड़ी भी दिखाई दी। कान फिल्म फेस्टिवल के रेड कार्पेट की शोभा बढ़ाने के लिए आन्या टेलर जॉय और क्रिस हेम्सवर्थ की एंट्री ने सबका ध्यान खींच लिया। दोनों के फैशन ने फिल्म के प्रीमियर में चार चांद लगा दिए। जॉर्ज मिलर के निर्देशन में बनी यह फिल्म 2015 की मैड मैक्स फ्रेंचाइजी की पांचवीं फिल्म फ्यूरियोसा 2015 की ऑस्कर विजेता हिट 'मैड मैक्सः फ्यूरी रोड' पर आधारित है। पिछली फिल्म में इम्पीरेटर फ्यूरियोसा के रूप में चार्लीज थेरॉन ने मुख्य भूमिका निभाई थी। नई फिल्म फ्यूरियोसा यानी आन्या टेलर जॉय पर केंद्रित है, जिसे उनके बचपन में वारलॉर्ड डिमेंटस यानी क्रिस हेम्सवर्थ द्वारा अपहरण कर लिया गया था और वे कई माताओं के ग्रीन प्लेस में अपने घर वापस जाने का रास्ता खोजने के लिए खुद को तैयार करती हैं।

## हॉलीवुड मसाला

### डाइटिंग कल्चर को दिया था बढ़ावा



लॉस एंजिलिस। ओपरा विन्फ्रे हॉलीवुड की मशहूर हस्तियों में से एक हस्ती हैं। पूरी दुनिया में उनके करोड़ों चाहने वाले हैं। वे जो भी करती हैं उनके फॉलोवर्स उनकी बात को ध्यान से सुनते हैं और मानते भी हैं। हाल ही में एक कार्यक्रम के दौरान ओपरा विन्फ्रे माफी मांगती नजर आईं। इन दिनों डाइटिंग-कल्चर को लेकर पूरी दुनिया में बहस चल रहा है। लोग स्वस्थ जीवन और वजन को लेकर काफी सजग हो रहे हैं। पिछले दिनों एक कार्यक्रम के दौरान ओपरा विन्फ्रे ने कहा, 'मुझे ऐसा लगता है कि मैंने डाइटिंग-कल्चर को बढ़ावा दिया है। मैं इसके लिए शर्मिंदा हूं।



### 'सिंगर की पत्नी' का टैग दिए जाने से नाराज हैं सोफी

लॉस एंजिलिस। पॉपुलर सीरीज 'गेम ऑफ थ्रोन्स' की जानी मानी एक्ट्रेस सोफी टर्नर पिछले कुछ वक्त से चर्चा में हैं।एक्ट्रेस सोफी टर्नर ने सिंगर जो जोनस के साथ अपने तलाक के बारे में बात की है।इसके अलावा उन्होंने प्रियंका चौपड़ा, निक जोनस और जोनस फैमिली के साथ अपने रिश्तों के बारे में भी खुलकर बताया। सोफी का कहना है कि जो संग अपनी शादी के दौरान उन्हें इस बात से नफरत थी कि उन्हें और बाकी दो जोनस ब्रदर्स निक और केविन की पत्नियों को, सिर्फ पॉपुलर सिंगर की पत्नियां बुलाया जाता था। सोफी टर्नर ने कहा, 'तीनों भाइयों और उनकी पत्नियों पर काफी ध्यान दिया जाता था। हमें हमेशा उनकी पत्नियां कहा जाता था और मुझे इस बात से बेहद नफरत थी यह प्लस वन वाली फीलिंग थी'. हालांकि सोफी ने सफाई देते हुए कहा कि उनके एक्स हसबैंड जो जोनस ने उन्हें कभी ऐसा महसूस नहीं करवाया।



## मंदिर में शॉट्स पहने पहुंचीं अंकिता

**नई दिल्ली**। बॉलीवुड कैमरामैन वीरल भयानी ने अपने इंस्टाग्राम अंकिता का एक वीडियो शेयर किया है। वीडियो में वह काफी प्यारी लग रही हैं। हालांकि उन्होंने इस वीडियो में बताया है कि उन्हें चोट लग गई है। उनके हाथ में फ्रैक्चर हो गया है। इस वीडियो को शेयर करते हुए वीरल ने कैप्शन में बताया है कि यह वीडियो एक मंदिर का है। वीडियो में अंकिता लोखंडे मंदिर के दर्शन करके आ रही होती हैं। इस दौरान पैपराजी उनकी फोटो लेते हैं वह कहती हैं उन्हें चोट लगी है। रहने दो मैं मंदिर से आई हूं। इसके बाद वह कार में बैठकर चली जाती हैं। अब अंकिता का ये वीडियो वायरल होने हो गया है। वहीं वीरल के पोस्ट पर नेटिजन्स उनकी क्लास लगा रहे हैं। उनका कहना है कि वह शॉट्स पहन कर मंदिर कैसे जा सकती हैं।



## 'चंदू चैंपियन' का नया पोस्टर रिलीज

**नई दिल्ली**। कार्तिक आर्यन की फिल्म 'चंदू चैंपियन' का पहला पोस्टर सोशल मीडिया पर छाया हुआ है।इस बीच मेकर्स साजिद नाडियाडवाला और कबीर खान ने एक्टर के दूसरे लुक को भी रिवील कर दिया है। पहले पोस्टर में कार्तिक मिट्टी से लथपथ दिखे थे. वो लंगोट पहने भाग रहे थे। अब दूसरे पोस्टर में एक्टर का अलग ही अवतार नजर आ रहा है। नए पोस्टर में कार्तिक बॉक्सर बने हुए हैं। फिल्म 'चंदू चैंपियन' के लिए कार्तिक आर्यन की कमिटमेंट और कोशिश उनके कमाल के बॉडी ट्रांसफॉर्मेशन में साफ देखी जा सकती है। शुरू से ही कार्तिक आर्यन और कबीर खान दोनों ने फिल्म में किरदार के लिए एक ऑथेंटिक रेसलर की फिजिक का लक्ष्य रखा था, और दूसरे पोस्टर में उस विजन को साफ देखा जा सकता है।

## टीवी मसाला

### पर्सनल लाइफ में घुसना है रियलिटी शो : आमिर अली


**नई दिल्ली**। टीवी एक्टर आमिर अली यूं तो कई रिएलिटी शोज का हिस्सा रहे हैं।लेकिन झलक दिखला जा 11 का एक्सपीरियंस उनके लिए बेहद अलग था. वो इसे अपना लास्ट रिएलिटी शो भी बताते हैं।



आमिर के मुताबिक मेकर्स उनकी पर्सनल लाइफ को दिखाने में ज्यादा इंटरेस्टेड थे, ना कि उनका डांस. एक्टर ने रिएलिटी शोज से तौबा कर ली है। आमिर ने एक इंटरव्यू में कहा- झलक दिखला जा...का एक्सपीरियंस अलग था। वो इतना चाहते थे जो मैं दे नहीं सकता था। वो मेरी पर्सनल लाइफ को दिखाना चाहते थे, जो मैं नहीं कर सकता था। रिएलिटी शोज आजकल बहुत बदल गए हैं। मुझे याद है मैं जब नच बलिए कर रहा था। वो लोग एक ईद स्पेशल कर रहे थे। उन्हें दिखाना था, लेकिन ईद एक हफ्ते बाद था। मैं इतना इनोसेंट था कि कहा ईद अगर एक हफ्ते बाद आ रहा है तो मैं इतना नकली नहीं हो सकता कि एक हफ्ते पहले दिखा दूं। मैं इतना मासूम था. मुझे लगता है कि भगवान मुझपर मेहरबान थे, जो फिर भी मुझे प्रोजेक्ट मिल जाते थे। लेकिन अब वक्त इतना बदल गया है कि रिएलिटी शोज आपकी निजी जिंदगी में घुसने लगे हैं। चीजें काफी पर्सनल हो गई हैं।वो मैं उन्हें नहीं दे सकता, जो उन्हें चाहिए।

### सुपरस्टार सिंगर 3' में गेस्ट बनकर पहुंचीं

**नई दिल्ली**। दिग्गज एक्ट्रेस मीनाक्षी शेषाद्रि ने अपने बचपन के दिनों को याद करते हुए बताया कि वह तीन साल की उम्र में म्यूजिक और डांस से जुड़ गई थीं।. 1983 में 'पेंटर बाबू' से फिल्मी करियर की शुरुआत करने वाली मीनाक्षी शेषाद्रि ने चार भारतीय क्लासिकल डांस फॉर्म्स 'भरतनाट्यम', 'कुचिपुड़ी', 'कथक' और 'ओडिसी' में ट्रेनिंग ली। दरअसल, बच्चों के सिंगिंग रियलिटी शो 'सुपरस्टार सिंगर 3' में 'मीनाक्षी शेषाद्रि स्पेशल'गेस्ट के तौर पर शो में शामिल हुईं और अपने करियर के कुछ किस्से साझा किए। इस एपिसोड में हरियाणा के गुरुग्राम के रहने वाले 9 साल के निशांत गुप्ता ने कैप्टन मोहम्मद दानिश के साथ फिल्म 'लक बाय चांस' के गाने 'बावरे' पर परफॉर्म किया। मीनाक्षी ने परफॉर्मेंस के बारे में बात करते हुए कहा, 'यह हर किसी के लिए शानदार परफॉर्मेंस थीं। उत्साह साफ देखने को मिल रहा था, हम सभी वहीं खड़े थे और ताल पर थिरक रहे थे, यह सचमुच जबरदस्त था।' 60 साल की एक्ट्रेस ने आगे कहा, 'आज इस स्टेज पर खड़े होकर, इन छोटे बच्चों को देखने के बाद, मुझे अपना बचपन याद आ गया है।



## जी 5 ने 'बस्तरः द नक्सल स्टोरी' का किया प्रीमियर

**नई दिल्ली**। भारत का सबसे बड़ा घरेलू वीडियो स्ट्रीमिंग प्लेटफॉर्म और बहुभाषी स्टोरीटेलर जी 5, सनशाइन पिक्चर्स प्राइवेट लिमिटेड द्वारा प्रोड्यूज किए गए हार्ड-हिटिंग क्राइम ड्रामा - 'बस्तरः द नक्सल स्टोरी' का प्रीमियर कर रहा है। द केरल स्टोरी की कामयाबी के बाद डाइरेक्टर सुदीप्तो सेन, प्रोड्यूसर विपुल अमृतलाल शाह और लीड एक्टर अदा शर्मा की कोर टीम, एक और धारदार व विचारोत्तेजक नैरेटिव लेकर आई है। सच्ची घटनाओं से प्रेरित यह फिल्म, छत्तीसगढ़ की नक्सली बगावत को दबाने के लिए एक अकेले पुलिस अधिकारी द्वारा किए गए असाधारण प्रयासों पर केंद्रित है। फिल्म में अदा शर्मा के साथ-साथ इंदिरा तिवारी, विजय कृष्णा, शिल्पा शुक्ला, यशपाल शर्मा, सुब्रत दत्ता और राइमा सेन भी प्रमुख भूमिकाएं निभा रही हैं। आज से, दर्शक अब 'बस्तर' को विशेष रूप से जी 5 पर स्ट्रीम कर सकते हैं! 'बस्तर' एक दिलचस्प दास्तान है जो नक्सली खतरे पर रोशनी डालती है। यह खतरा हजारों लोगों की जान ले चुका है और इसने पूरे इलाके में भारी तबाही मचा रखी है। सच्ची घटनाओं से प्रेरणा लेते हुए, यह फिल्म ऐसे वफादार पुलिस अधिकारी के कदमों को फॉलो करती है जो छत्तीसगढ़ में नक्सली विद्रोह से जूझने के लिए तमाम हदें पार कर जाता है। आपको अंदर तक झकझोर देने वाले भावुक पलों के साथ, 'बस्तर' इस मुद्दे की पेचीदगियों पर बेबाक नज़र डालती है। गुमनाम नायकों के आतंकवाद से लड़ने तथा अधिकारियों की निजी मुश्किलों और नक्सली समुदाय के खिलाफ उनकी साहसी जंग को गहराई से जानने के लिए जी 5 पर बस्तर को अवश्य देखें। यह फिल्म अब हिंदी और तेलुगु में भी उपलब्ध है। जी 5 के चीफ बिजनेस ऑफीसर मनीष कालरा ने बताया, 'जी 5 पर, हम हमेशा ऑडियंस के साथ जुड़ने वाली कहानियां दिखाने में सबसे आगे रहते हैं। 'बस्तर' हमारे कंटेंट लाइनअप में जोड़ी गई एक जोरदार फिल्म है, जो नक्सली विद्रोह जैसे संवेदनशील मुद्दे के साथ ईमानदारी से निपटती है।




## गंजे हो गए सलमान खान? बाल्ड लुक में वायरल हुई शर्टलेस तस्वीर

**नई दिल्ली**। सलमान खान इस समय अपनी पर्सनल और प्रोफेशनल लाइफ को लेकर सुर्खियां बटोर रहे हैं। वे देश के सबसे बड़े सुपरस्टारों में से एक हैं लेकिन हाल के सालों में उनकी कोई फिल्म फैंस को ज्यादा इंप्रेसिव नहीं लगी। लिहाजा उनके चाहने वाले फिर भी उनकी आने वाली फिल्मों पर नजर बनाए हुए हैं। इस बीच अभिनेता की एक पुरानी तस्वीर रेडिट पर वायरल हो गई है जिसमें वो गंजे लुक में हैं और ऋतिक रोशन के साथ पोज देते नजर आ रहे हैं। अब वायरल हो रही तस्वीर में सलमान खान को कैमरे के सामने गंभीर पोज देते हुए देखा जा सकता है, क्योंकि वो अपना गंजा लुक दिखा रहे हैं। तस्वीर में सलमान बिना शर्टलेस अंदाज में ऊपर से लेदर की जैकेट पहने दिख रहे हैं। उन्होंने जींस पहनकर अपने लुक को कंप्लीट किया और फोटो में ऋतिक रोशन भी मैचिंग पैंट के साथ काले रंग का टैंक टॉप में देखे जा सकते हैं। वैसे आपको बता दें कि ये सलमान की न तो किसी आने वाली फिल्म की है और न ही हाल के सालों में आई फिल्मों की है। बल्कि यह एक थ्रोबैक फोटो है जिसका अब लोगों पर अटेंशन गया है और फोटो पर बढ़ चढ़कर कमेंट्स कर रहे हैं। फोटो को देख एक यूजर ने लिखा, 'उनके पास फेस कार्ड है इसलिए उन पर कुछ भी काम करता है।' एक अन्य ने कहा, 'वो यहां रितिक पर भारी पड़ते हैं, ऐसा करना कठिन है!' एक यूजर ने कमेंट किया, 'बांद्रा का विन डीजल.' एक प्रशंसक ने कहा, 'मैं सोच रहा था कि उसकी बेल्ट के आसपास क्या है।'



### दिल्ली क्राइम अंदर से झकझोर देगी

## सिर्फ 'खाकी' ही नहीं, रियल स्टोरी पर बेस्ड हैं ये 5 वेब सीरीज

*नई दिल्ली। ओटीटी पर दर्शकों की बढ़ती डिमांड को देखते हुए अब मेकर्स भी दनादन वेब सीरीज पर लगातार काम करते नजर आ रहे हैं। आए दिन हमें ओटीटी पर एक नई वेब सीरीज देखने को मिल ही जाती हैं। आज हम आपको 5 ऐसी वेब सीरीज के बारे में बताने जा रहे हैं, जिन्हें दर्शकों ने बेहद पसंद किया और सारी वेब सीरीज सच्ची घटनाओं पर बेस्ड है।*

### खाकी- द बिहार चैप्टर

यह एक क्राइम थ्रिलर वेब सीरीज है, जो नीरज पांडे द्वारा निर्मित और लिखित है। फ्राइडे स्टोरीटेलर्स के तहत शीतल भाटिया द्वारा निर्मित इस सीरीज को ओटीटी पर काफी पसंद किया गया और साथ ही लोगों ने जमकर इस सीरीज पर अपना प्यार भी लुटाया। इस सीरीज को आप नेटफ्लिक्स पर देख सकते हैं। इस सीरीज में करण टैकर, अविनाश तिवारी, अभिमन्यु सिंह, ब्रिजेश्वर सिंह जतिन सरना, रवि किशन, आशुतोष राणा, निकिता दत्ता, ऐश्वर्या सुष्मिता, अनुप सोनी, श्रद्धा दास, नीरज कश्यप और भरत झा मुख्य भूमिकाओं में हैं। यह सीरीज शेखपुरा जिला, नालंदा जिला और पटना जिला पर आधारित है।




### दिल्ली क्राइम

यह एक क्राइम ड्रामा वेब सीरीज है, जो रिची मेहता द्वारा लिखित और निर्देशित है। इसका पहला सीजन 2012 के दिल्ली गैंगरेप के बाद पर आधारित है। वहीं, दूसरा सीजन चड्डी बनियान गैंग पर बेस्ड है। यह सीरीज आपको अंदर से झकझोर कर रख देगी। इसी सीरीज में शेफाली शाह, रसिका दुग्गल, आदिल हुसैन और राजेश तैलंग मुख्य भूमिकाओं में हैं। ओटीटी पर आते ही यह सीरीज छा गई थी। अगर आपने इस सीरीज को मिस कर दिया है, तो आपको इसे एक बार जरूर देखनी चाहिए। इस सीरीज को भी आप नेटफ्किक्स पर देख सकते हैं।





### स्कैम 2003

द तेलगी स्टोरीः यह सीरीज अब्दुल करीम तेलगी की रियल लाइफ पर बेस्ड है, जो तुषार हीरानंदानी द्वारा निर्देशित है, जिसमें हंसल मेहता सह-निर्देशक के रूप में कार्यरत हैं। इस सीरीज को भी ओटीटी पर काफी पसंद किया गया। 2000 के दशक की शुरुआत में अब्दुल करीम तेलगी द्वारा किए गए स्टांप पेपर जालसाजी की सच्ची कहानी पर आधारित इस सीरीज में गगन देव रियार, मुकेश तिवारी, सना अमीन शेख, भरत जाधव, शाद रंधावा और दिनेश लाल यादव मुख्य भूमिकाओं में हैं।इसे भी आप सोनी लीव देख सकते हैं।





### स्कैम 1992- द हर्षद मेहता स्टोरी

यह सीरीज हर्षद मेहता की रियल लाइफ पर बनाई गई थी, जिन्हें आप ओटीटी प्लेटफॉर्म सोनी लीव पर देख सकते हैं।हंसल मेहता द्वारा निर्देशित इस सीरीज में प्रतीक गांधी नायक हर्षद मेहता की भूमिका में हैं, जबकि श्रेया धनवंतरी समानांतर मुख्य भूमिका में सुचेता दलाल के रूप में दिखाई दी थीं। वहीं, सतीश कौशिक, अनंत महादेवन, रजत कपूर, केके रैना, ललित परिमू, हेमंत खेर और निखिल द्विवेदी भी अहम भूमिकाओं में हैं। इस सीरीज को भी आप सोनी लीव देख सकते हैं। शिक्षा मंडलः यह सीरीज व्यापम स्कैम में जुड़े लोगों पर बनी बनाई गई थी, जो सैयद अहमद अफजल द्वारा लिखित और निर्देशित है और इसमें गुलशन देवैया, गौहर खान और पवन मल्होत्रा ने अभिनय किया है।





हरिभूमि रण भूमि
लोकसभा
सत्ता संग्राम-2024



*प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मंगलवार को तीसरी बार वाराणसी लोकसभा सीट से नामांकन दाखिल कर दिया। इस दौरान उनके साथ गृहमंत्री अमित शाह, रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह सहित कई पार्टियों के चीफ और कई राज्यों के मुख्यमंत्री भी मौजूद रहे। इतना ही नहीं, पीएम ने नॉमिनेशन दाखिल करने के बाद एक और नया रिकॉर्ड बनाया है। वे ऐसे पीएम बने चुके हैं जिन्होंने तीसरी बार एक ही सीट से नामांकन दाखिल किया है। आइए जानते हैं ऐसे पीएम जिन्होंने एक ही सीट से तीन बार नामांकन दाखिल किया।*

# मोदी एक ही सीट से तीसरी बार नामांकन दाखिल करने वाले तीसरे प्रधानमंत्री

## पीएम के रूप में मोदी से लंबा कार्यकाल रहा है सिर्फ तीन नेताओं का

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नई दिल्ली

उत्तर प्रदेश के प्रयागराज जिले की फूलपुर लोकसभा सीट से पंडित जवाहर लाल नेहरू तीन बार सांसद बने और प्रधानमंत्री के पद तक पहुंचे। देश की आजादी के बाद नेहरू यहां से 1952, 1957 और 1962 में चुनाव जीता था। इस सीट पर हमेशा बीजेपी को कड़ी टक्कर मिलती रही है। अब हम बात करें दूसरे प्रधानमंत्री की तो अटल बिहारी वाजपेयी के नाम भी यह रिकॉर्ड दर्ज है। अटल लखनऊ की लोकसभा सीट से एक नहीं बल्कि पांच बार सांसद बने। इसमें से तीन बार देश का प्रधानमंत्री बनने का गौरव हासिल हुआ।

## सबसे ज्यादा दिन तक नेहरू के नाम पीएम रहने का रिकॉर्ड

पीएम के रूप में मोदी से लंबा कार्यकाल सिर्फ तीन लोगों का रहा है। जवाहर लाल नेहरू, इंदिरा गांधी और मनमोहन सिंह। तीनों कांग्रेस से थे। सबसे लंबे समय तक प्रधानमंत्री रहने का रिकॉर्ड देश के पहले प्रधानमंत्री जवाहर लाल नेहरू के नाम है।



नेहरू 16 साल 9 महीने और 12 दिन तक प्रधानमंत्री रहे। सबसे लंबे समय तक पीएम रहने के मामले में नेहरू के बाद दूसरे नंबर पर उनकी बेटी इंदिरा गांधी हैं। इंदिरा दो हिस्से में कुल 15 साल 11 महीने 17 दिन प्रधानमंत्री रहीं। तीसरे नंबर पर मनमोहन सिंह हैं। मनमोहन लगातार 10 साल चार दिन तक प्रधानमंत्री के पद पर रहे। पीएम मोदी अगर अपना कार्यकाल पूरा करते हैं तो मनमोहन का रिकॉर्ड तोड़ सकते हैं। वहीं, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 9 साल 350 दिन तक प्रधानमंत्री रहे हैं।

## यूपी ने अब तक दिए सबसे ज्यादा प्रधानमंत्री

अब तक देश में कुल 14 प्रधानमंत्री हुए हैं। लेकिन सबसे ज्यादा प्रधानमंत्री उत्तर प्रदेश ने दिए हैं। स्वतंत्रता के बाद पहले देश के पहले प्रधानमंत्री पंडित जवाहर लाल नेहरु का संबंध उत्तर प्रदेश से है। नेहरू ने फूलपुर लोकसभा सीट से प्रतिनिधित्व किया और जीत दर्ज की। हालांकि, 1962 में निधन के कारण वो अपना कार्यकाल पूरा नहीं कर पाए। देश के दूसरे पीएम यानी कि लाल बहादुर शास्त्री भी इलाहाबाद सीट से जीतकर संसद पहुंचे। पंडित जवाहर लाल नेहरु की निधन के बाद लाल बहादुर शास्त्री देश के प्रधानमंत्री बने। पंडित जवाहर लाल नेहरु की बेटी इंदिरा गांधी साल 1966 में पहली बार देश की पीएम बनी। उस समय वह राज्यसभा की सांसद थी। उनका पहला कार्यकाल केवल 14 महीनों का ही रहा था। वह 24 जनवरी साल 1966 से लेकर 4 मार्च साल 1967 तक पीएम पद पर काबिज रहीं। इसके बाद साल 1967 के लोकसभा चुनाव में वह उत्तर प्रदेश के रायबरेली सीट से जीतीं और पीएम बनीं।

## चौधरी चरण बने पांचवे पीएम

उत्तर प्रदेश के मेरठ के रहने वाले चौधरी चरण सिंह देश के पांचवे पीएम बने। साल 1977 के लोकसभा चुनाव में चौधरी चरण सिंह ने भारतीय लोक दल पार्टी के टिकट पर उत्तर प्रदेश के बागपत सीट से जीत हासिल की और प्रधानमंत्री बने। इंदिरा गांधी के बेटे राजीव गांधी का कार्यकाल 31 अक्टूबर साल 1984 से लेकर 2 दिसंबर साल 1989 तक था। इस इलेक्शन में राजीव गांधी उत्तर प्रदेश की अमेठी लोकसभा सीट से सांसद चुने गए। विश्वनाथ प्रताप सिंह राजीव गांधी के निधन के बाद देश के प्रधानमंत्री बने। वीपी सिंह 2 दिसंबर साल 1989 से लेकर 10 दिंसबर साल 1990 तक देश के प्रधानमंत्री रहे। वह उत्तर प्रदेश के फतेहपुर लोकसभा सीट से सांसद चुने गए थे। देश के 11वें प्रधानमंत्री चंद्रशेखर साल 1989 में उत्तर प्रदेश के बलिया लोकसभा सीट से चुनाव जीतकर संसद पहुंचे थे। अटल बिहारी वाजपेयी को तीन बार पीएम बनने का अवसर मिला।

## सोशल मीडिया

### स्मृति को रिश्ता बनाने में लगेंगे 40 साल



*कांग्रेस नेता प्रियंका गांधी ने कहा, स्मृति ईरानी अपने राजनीतिक मकसद के साछ अमेठी आई थीं। उन्हें रिश्ता बनाने में 40 साल लगेगा। मैं गांव-गांव में जा रही हूं। जब हम छोटे थे तब भी आते थे। चाहे हम सांसद रहें या ना रहें इससे हमारा कोई ताल्लुक नहीं है। जनता और नेता के बीच एक आदर का रिश्ता था। वो अब नहीं निभाया जा रहा है। जनता जानती है कि उनके लिए अच्छा क्या है। "मैं जनता को कहती हूं कि जागरुक बनें। समझें की कौन से पार्टी आपके लिए क्या कर रही है और पहले क्या किया।*

### भाजपा की विदाई की झांकी तैयार : अखिलेश



*सपा प्रमुख अखिलेश यादव ने कहा कि चार चरणों का चुनाव हो चुका है, जो साथी जानकार होंगे वो जानते होंगे भाजपा का ग्राफ गिरता जा रहा है। इस बार लोग भाजपा की विदाई की झांकी तैयार कर रहे हैं। इस भारतीय जनता पार्टी की सरकार में हमारा किसान परेशान हो गया। हमारे किसानों की लूट हो गई, जब किसान खाद की बोरी लेकर के आया, खाद की बोरी से भी चोरी हो गई और जब डीएपी किसान खरीदने गया तो नैनो यूरिया खरीदनी पड़ी।*

## राहुल गांधी के सामने परिवार की विरासत बचाने की होगी अग्नि परीक्षा

# पिछले तीन चुनाव से रायबरेली में लगातार बढ़ा है भाजपा का वोटबैंक

*लोकसभा चुनाव में उत्तर प्रदेश की हाई प्रोफाइल रायबरेली लोकसभा सीट पर 20 मई को होने वाले चुनाव में भाजपा और कांग्रेस के बीच दिलचस्प मुकाबला होने के आसार हैं। गांधी परिवार के परंपरागत गढ़ की विरासत संजोए रखने के इरादे से इस बार यहां से नेहरू-गांधी खानदान की पांचवी पीढ़ी के राहुल गांधी कांग्रेस प्रत्याशी के रूप में चुनाव लड़ रहे हैं।*

ओपी पाल ▶▶| नई दिल्ली

रायबरेली सीट पर कांग्रेस का सियासी किले में सेंध लगाने के लिए एक ठोस रणनीति के साथ भाजपा ने योगी सरकार में मंत्री दिनेश प्रताप सिंह पर एक बार फिर भरोसा जताया है, जिन्होंने पिछले चुनाव में कांग्रेस की सोनिया गांधी को कड़ी टक्कर दी थी और भाजपा के वोट बैंक में इजाफा किया था। पिछले तीन चुनाव से इस सीट पर लगातार बढ़ते वोट बैंक की वजह से भाजपा को इस बार यहां जीत की उम्मीद है, लेकिन कांग्रेस भी रायबरेली से पांच पीढ़ियों के रिश्तों की दुहाई देकर गांधी परिवार की सियासी विरासत कायम रखने की उम्मीद से चुनावी जंग में है।



राहुल गांधी



ठाकुर प्रसाद यादव



दिनेश प्रताप सिंह

### गांधी परिवार की सर्वाधिक सुरक्षित सीट

उत्तर प्रदेश की रायबरेली लोकसभा सीट कांग्रेस खासकर गांधी परिवार के लिए सबसे सुरक्षित सीटों में मानी जाती है, जो नेहरु-गांधी परिवार का सियासी गढ़ बना हुआ है। फिरोजगांधी, इंदिरा गांधी, अरुण नेहरु के बाद पिछले पांच चुनाव जीतकर लोकसभा पहुंची सोनियां गांधी इस बार चुनाव नहीं लड़ रही हैं, जो राजस्थान से राज्यसभा के लिए निर्वाचित हो चुकी है, लेकिन इस परंपरागत सीट खासतौर से मां सोनिया गांधी की सियासी विरासत को बरकरार रखने के लिए कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी इस सीट से लोकसभा चुनाव की जंग में ताल ठोक रहे हैं। उधर साल 2019 में यहां से सोनिया गांधी से पराजित होने वाले दिनेश प्रताप सिंह भाजपा के टिकट पर एक बार फिर कांग्रेस के खिलाफ पिछली हार का बदला चुकता करने के प्रयास में हैं। इस सीट पर भाजपा और कांग्रेस के अलावा बसपा के ठाकुर प्रसाद यादव समेत आठ प्रत्याशी चुनाव मैदान में अपनी किस्मत आजमा रहे हैं।

### ये रायबरेली सीट का चुनावी इतिहास

रायबरेली लोकसभा सीट पर अब तक हुए 20 चुनावों में 17 चुनाव कांग्रेस प्रत्याशियों ने जीते हैं, जबकि भाजपा को दो तथा जनता दल को एक जीत नसीब हो चुकी है। आजदी के बाद पहले दो चुनाव में कांग्रेस के फिरोज गांधी ने जीते, जिनके निधन के बाद 1960 का उपचुनाव कांग्रेस प्रत्याशी आरपी सिंह के पक्ष में गया। इसके बाद 1962 का चुनाव कांग्रेस के बैजनाथ कुरील ने जीता। तत्कालीन प्रधानमंत्री स्व. इंदिरा गांधी ने 1967 व 1971 के दो चुनावों में लगातार जीत हासिल की, लेकिन आपातकाल में चली कांग्रेस विरोधी लहर में यहां से जनता पार्टी के राजनारायण के सामने इंदिरा गांधी को हार का सामना करना पड़ा। इसके बाद 1980 के चुनाव में इंदिरा गांधी ने फिर वापसी की, लेकिन उन्होंने दूसरी सीट से जीत की वजह से इस सीट को छोड़ दिया, जिसके उपचुनाव और फिर 1984 के चुनाव में कांग्रेस के अरुण नेहरु यहां से लोकसभा के लिए निर्वाचित हुए। इसके बाद अगले दो चुनाव में कांग्रेस की शीला कौल यहां से जीतकर लोकसभा पहुंची। 1996 और 1998 के चुनाव में यहां से भाजपा के अशोक सिंह ने चुनाव जीता। इसके बाद 1999 में कांग्रेस ने फिर वापसी करते सतीश शर्मा को सांसद बनवाया। कांग्रेस के विजय अभियान को जारी रखते हुए साल 2004 से यहां सोनिया गांधी ने इस विरासत को आगे बढ़ाया और एक उपचुनाव समेत लगातार पांच चुनाव जीतकर लोकसभा पहुंची।

### भाजपा को जीत का पूरा भरोसा

भाजपा को इस बार रायबरेली सीट से जीत का पूरा भरोसा है। इसकी वजह ये है कि इस सीट पर 2009 में सोनिया गांधी को 72.23 प्रतिशत मिले थे, तो भाजपा को 3.82 प्रतशत वोट मिला और यह अंतर 68.41 प्रतिशत का था। जबकि 2014 के चुनाव में सोनिया गांधी को घटकर 63.80 प्रतिशत वोट और भाजपा को 21.05 प्रतिशत वोट मिले यानी पांच साल में भाजपा का 17.23 प्रतिशत वोट बढ़ा। जबकि साल 2019 में निर्वाचित होने के बावजूद सोनिया गांधी को वोट प्रतिशत और घटकर 55.78 प्रतिशत रह गया और भाजपा का बढ़कर 38.35 प्रतिशत हो गया। यहां भी भाजपा के वोट शेयर में 17.3 प्रतिशत की बढ़ोतरी हुई और कांग्रेस व भाजपा की हारजीत का अंतर भी महज 17.43 फीसदी था।

### जातीय समीकरण होंगे निर्णायक

रायबरेली लोकसभा की करीब 34 लाख की आबादी में यदि जातीय और सामाजिक समीकरणों पर नजर डालें तो यहां 29 लाख से अधिक हिंदू और 4.13 लाख यानी 12.13 फ़ीसदी मुस्लिम आबादी है। हिंदुओं की आबादी में सबसे ज्यादा 34 प्रतिश दलित और करीब 26 फीसदी पासी हैं। इसके बाद 11 फीसदी ब्राह्मण, 12 फीसदी यादव, 6 फीसदी लोध, 5 फीसदी राजपूत, 4 फीसदी कुर्मी और बाकी अन्य जातियां हैं।

## 'पीओके भी हमारा है पाक अधिकृत कश्मीर हम लेकर रहेंगे'

### सीतामढ़ी की चुनावी जनसभा में बोले गृहमंत्री

**पटना।** गृह मंत्री अमित शाह ने सीतामढ़ी, बिहार की चुनावी सभा में राजद और कांग्रेस को जमकर घेरा. अमित शाह ने आरक्षण, परिवारवाद, अयोध्या राम मंदिर का मुद्दा सामने रखा। अमित शाह ने एनडीए की सरकार फिर एकबार बनाने की अपील की और सीतामढ़ी में भव्य सीता मंदिर बनाने की बात कही। नेपाल बॉर्डर की सुरक्षा का भी वादा किया। जबकि अमित शाह ने साफ शब्दों में कहा कि पीओके भी हमारा है और पाक अधिकृत कश्मीर हम लेकर रहेंगे। अमित शाह ने अपने संबोधन में अयोध्या के राम मंदिर का जिक्र किया। उन्होंने कहा कि बाबर के जमाने में राम मंदिर तोड़ा गया था। कांग्रेस पार्टी और राजद ने कई साल तक राममंदिर के प्रश्न को लटकाया और भटकाया। आपने नरेंद्र मोदी को आपने प्रधानमंत्री बनाया तो केस भी जीता, भूमि पूजन भी किया और प्राण प्रतिष्ठा करके जय श्री राम कर दिया। मोदी जी ने जय सिया राम का नारा दिया।



### लालू यादव पर निशाना साधा

अमित शाह ने कहा कि आज आपको विश्वास दिलाना चाहता हूं कि पूरी दुनिया का आकर्षण का केंद्र सीतामढ़ी बने, हम ऐसा मंदिर यहां बनाएंगे। मैं आज लालू जी से पूछना चाहता हूं कि आप बिहार और केंद्र को मिलाकर आप 25 साल सत्ता में रहे तो कभी कर्पूरी ठाकुर को भारत रत्न देने की याद क्यों नहीं आयी. अमित शाह ने परिवारवाद को मुद्दा बनाते हुए कहा कि लालू जी आपको याद क्यों आएगा। आप तो बेटा, बेटी, दूसरी बेटी, तीसरी बेटी.. इन सबके लिए ही देखेंगे।

## 'फ्री राशन' को चुनाव में भुना रही है भाजपा : मायावती

### बसपा सुप्रीमो ने भाजपा पर बोला जमकर हमला

**लखनऊ।** बहुजन समाज पार्टी की मुखिया और उत्तर प्रदेश की पूर्व मुख्यमंत्री ने भारतीय जनता पार्टी पर जमकर हमला बोला है। उन्होंने बीजेपी के प्रचार को 'फेक वीडियो' तक बता दिया और लोगों से इस पर भरोसा न करने की अपील की है। मायावती ने इस दौरान बीजेपी के फ्री के राशन पर भी निशाना साधा और कहा कि सरकार गरीबों पर कोई मेहरबानी नहीं कर रही है। बसपा सुप्रीमो मायावती ने एक्स पर पोस्ट कर महंगाई और फ्री राशन को लेकर भारतीय जनता पार्टी पर निशाना साधा. उन्होंने एक्स पर लिखा- देश के लोगों को बढ़ती महंगाई, गरीबी, बेरोजगारी व पिछड़ेपन आदि के अभिशाप से मुक्त करना तो दूर उन्हें रोक पाने में विफलता के कारण गरीबों को थोड़ा राशन देने को भी भाजपा एण्ड कम्पनी के लोग चुनाव में भुनाने पर तुले हैं, जो उचित नहीं क्योंकि यह मेहरबानी नहीं है।



### गरीबों का उड़ाया जा रहा मजाक

पूर्व सीएम ने आगे कहा कि लोगों को यह थोड़ा मुफ्त राशन भाजपा/सरकार का उपकार नहीं बल्कि लोगों द्वारा सरकार को दिया गया टैक्स का ही धन है। अतः इसके बदले वोट माँगकर गरीबों का मजाक उड़ाना अशोभनीय. यह बात मैं हर जनसभा में कहती हूँ फिर भी भाजपा द्वारा प्रचारित ऐसे फेक वीडियो पर लोग ध्यान न दें। लोकसभा चुनाव के बीच मुफ्त के राशन को लेकर सियासत तेज हो गई है।

## स्थापना दिवस पर बोले राज्यपाल मिश्र

# प्रकृति की खास सुंदरता संजोए सिक्किम धरती का दूसरा स्वर्ग

एजेंसी ▶▶| गंगटोक



सिक्किम के राजभवन में गुरुवार को सिक्किम का स्थापना दिवस समारोह मनाया गया। राज्यपाल कलराज मिश्र ने इस दौरान सिक्किम के स्थानीय लोगों से संवाद किया और उन्हें स्थापना दिवस की बधाई और शुभकामनाएं दी। उन्होंने कहा कि पूर्वोत्तर का यह प्रदेश प्राकृतिक दृष्टि से ही संपन्न नहीं है बल्कि भारत की सनातन संस्कृति का भी संवाहक हैं।

उन्होंने सिक्किम राज्य के इतिहास और संस्कृति की चर्चा करते हुए कहा कि 16 मई को यह भारत का 22वां राज्य बना। प्रकृति की सुंदरता संजोए यह धरती का दूसरा स्वर्ग है। राज्यपाल ने सिक्किम को घाटियों, वन और नदियों का प्रदेश बताते हुए पर्यावरण संरक्षण के लिए किए वहां के कार्यों से सीख लेने का भी आह्वान किया। उन्होंने कहा कि यह देश का पहला जैविक प्रदेश है और जिस तरह से स्थानीय लोगों ने सिक्किम की प्रकृति संरक्षण परम्पराओं को सहेज रखा है, वह देश के अन्य राज्यों के लिए भी अनुकरणीय है।

## राकांपा नेता शरद पवार ने किया पलटवार

# 'मोदी को पहले थी विकास में रुचि, अब बस राजनीति कर रहे'

एजेंसी ▶▶| नासिक



महाराष्ट्र के नासिक जिले में प्रेस कॉन्फ्रेंस में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर टिप्पणी करते हुए शरद पवार ने कहा कि जब वे गुजरात राज्य के मुख्यमंत्री थे तब उन्हें विकास के मुद्दों में प्रामाणिक रुचि हुआ करती थी अब उनकी रुचि सिर्फ राजनीति है। शरद पवार ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा था कि कांग्रेस मुसलमान को ध्यान में रखते हुए बजट बनाना चाहती है उसे पर जवाब देते हुए शरद पवार ने कहा कि बजट समूचे देश के लिए होता है। किसी व्यक्ति जाति या धर्म का नहीं होता। वह सभी का होता है, कल से वह जो कह रहे हैं कि मुस्लिम के लिए अलग बजट होगा ऐसा कतई नहीं हो सकता। पवार ने आगे कहा, मेरे बारे में तो मैं सिर्फ इतना ही कहूंगा कि यह महज राजनीति है और कुछ नहीं। जब वे गुजरात के मुख्यमंत्री हुआ करते थे तब उन्हें राज्य के विकास में प्रमाणिक रुचि हुआ करती थी अब उनकी रुचि सिर्फ राजनीति है।

### किसानों के लिए क्या किया?

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने नासिक में प्रचार सभा में कहा था कि शरद पवार ने कृषि के लिए और प्याज उत्पादक किसानों के लिए क्या किया? इस पर जवाब देते हुए शरद ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी मुझसे पूछते हैं कि मैंने कृषि के लिए क्या किया है, पर जब वह खुद गुजरात के मुख्यमंत्री हुआ करते थे। तब उनके गुजरात राज्य से जुड़ा कृषि का कोई भी मुद्दा हो तो वह मेरे पास आते थे। **'उन्हें मेरी पार्टी की इतनी चिंता क्यों?'**: राज ठाकरे की राजनीति पर बोलते हुए पवार ने कहा कि राज ठाकरे का महाराष्ट्र की राजनीति में क्या स्थान है यह मुझे मालूम नहीं है। पीएम की एक टिप्पणी के जवाब में पवार ने कहा कि आखिर उन्हें मेरे पार्टी की इतनी चिंता क्यों है? पीएम ने रैली में कहा था कि शरद पवार की पार्टी जब टूट रही थी उस वक्त शरद पवार क्या सो रहे थे?

## चुनाव में किसी भी उम्मीदवार के नामांकन में होती है इनकी अहम भूमिका

# निर्दलीय चुनाव लड़ने पर होती है 10 प्रस्तावकों की जरूरत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नई दिल्ली

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने वाराणसी से लोकसभा चुनाव के लिए तीसरी बार नामांकन दाखिल किया है। इसमें उनके चार प्रस्ताव बनाए गए। पीएम मोदी के प्रस्तावकों में बैजनाथ पटेल, गनेश्वर शास्त्री द्रविड़, संजय सोनकर और लालचंद कुशवाहा का नाम शामिल है। इससे पहले सूरत में कांग्रेस उम्मीदवार के नामांकन में प्रस्तावक के हस्ताक्षरों में गड़बड़ी के कारण पर्चा रद्द हो गया अब सवाल है कि आखिर प्रस्ताव कौन होते हैं और नामांकन में इनका क्या काम होता है? क्या प्रस्तावकों के बिना कोई भी उम्मीदवार चुनाव नहीं लड़ सकती है। आइए जानते हैं इसे




### कौन होते हैं प्रस्तावक?

प्रस्तावक का अंग्रेजी में अर्थ प्रपोजर होता है। चुनाव में किसी भी उम्मीदवार के नामांकन में इनकी अहम भूमिका होती है। चुनाव में यह शख्स रिटर्निंग ऑफिसर के सामने पेश होते हैं और उम्मीदवार के नाम का प्रस्ताव रखते हैं। प्रस्तावक उसी निर्वाचन क्षेत्र के होने चाहिए जहां से उम्मीदवार चुनाव लड़ रहा होता है। अगर कोई उम्मीदवार मान्यता प्राप्त राजनीतिक दल से है तो उसे न्यूनतम 1 प्रस्तावक की जरूरत होती है। अगर कोई प्रस्तावक गैर मान्यता प्राप्त दल या निर्दलीय चुनाव लड़ता है तो उसे कम से कम 10 प्रस्तावकों की जरूरत होती है।

### क्या है इनकी भूमिका?

*चुनाव में प्रस्तावक की भूमिका अहम होती है। प्रस्तावक ही बताता है कि यह हमारा उम्मीदवार है और यह इस सीट से यहां से चुनाव लड़ेगा। इनका काम है रिटर्निंग आर्फिसर के सामने अपने उम्मीदवार के नाम का प्रस्ताव देना। इसी कारण से इन्हें प्रस्तावक प्रपोजर कहते हैं। एक अहम बात जो ध्यान रखना जरूरी है कि प्रास्तावक का उस सीट का निवासी होना अनिवार्य है। प्रस्तावक का नाम उस जगह के वोटर लिस्ट में शामिल होना जरूरी है। प्रस्तावक की संख्या में कम ज्यादा की बढ़ोतरी हो सकती है।*

### कौन बन सकता है प्रस्तावक?

*प्रस्तावक बनने के लिए किसी भी शख्स को कोई डिग्री की जरूरत नहीं पड़ती है। मतलब प्रस्तावक का पढ़ा लिखा होना जरूरी नहीं है वो अंगूठा लगाकर भी प्रस्तावक बन सकता है। प्रस्तावक बनने में सबसे अहम बात यह होता है कि उसको उस जगह का निवासी होना जरूरी है और उसका नाम स्थानीय वोटिंग लिस्ट में होना चाहिए। नामांकन के दौरान प्रस्तावकों को अपनी पूरी जानकारी देनी होती है। अगर कोई जानकारी गलत होती है तो उम्मीदवारों का नाम रद्द कर दिया जाता है।*

## खबर संक्षेप

### एनआईए के पूर्व डीजी को जेड प्लस की सुरक्षा




**नई दिल्ली।** केंद्र सरकार ने राष्ट्रीय जांच एजेंसी (एनआईए) के पूर्व डायरेक्टर दिनकर गुप्ता को जेड प्लस सिक्योरिटी देने का फैसला लिया है। यह फैसला सुरक्षा एजेंसियों को मिले इनपुट के बाद लिया गया है। उन्हें खालिस्तानी आतंकियों से खतरा है। उन्हें यह सुरक्षा कवर पंजाब, चंडीगढ़ और दिल्ली में मिलेगा। यह सुरक्षा कवर उन्हें मार्च 2024 में ही मंजूर हो गया था। इसी साल वह मार्च महीने में रिटायर हुए थे। गुप्ता पंजाब कैडर के 1987 बैच के आईपीएस अधिकारी है। वह पंजाब के कई पदों पर रहे हैं। 2017 में कैप्टन अमरिंदर सिंह की अगुवाई वाली जब कांग्रेस सरकार राज्य में बनी थी, उस समय वह पंजाब के डीजीपी बने थे।

### अर्धसैनिक बलों में भी लाएंगे अग्निवीर योजना?



**लखनऊ।** लोकसभा चुनाव के बीच एआईएमआईएम प्रमुख असदुद्दीन ओवैसी लखनऊ पहुंचे। इस दौरान उन्होंने अर्धसैनिक बलों को लेकर बड़ा दावा किया। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी सशस्त्र बलों में अग्निवीर योजना लाए, उसी तरह वह अर्धसैनिक बलों में भी यह योजना लाएंगे। हम अपील करते हैं कि मोदी जी को तीसरी बार पीएम न बनाएं। देश में गरीबी एक बड़ा मुद्दा बन गया है। वह बेरोजगारी और महंगाई पर काबू नहीं पा सके हैं। उन्होंने कहा, हमारी कोशिश यही है कि उत्तर प्रदेश में पीडीएम का हिस्सा हैं। हम पल्लवी पटेल के कैंडिडेट की उम्मीदवारों के कैंपेन में आए हैं। हम उन्हें जिताने की कोशिश करेंगे।

### धाम के लिए निकली रुद्रनाथ की उत्सव डोली



**गोपेश्वर (चमोली)।** पंच केदार में चतुर्थ केदार रुद्रनाथ मंदिर के कपाट 18 मई को सुबह 5:00 बजे श्रद्धालुओं के लिए खोल दिए जाएंगे। गुरुवार को गोपेश्वर के गोपीनाथ मंदिर परिसर से रुद्रनाथ की उत्सव डोली अपने धाम के लिए रवाना हुई।गोपीनाथ मंदिर के गर्भगृह से रुद्रनाथ की प्रतिमा को विधि-विधान से मंदिर परिसर में स्थापित कर दिया गया। 17 मई को डोली देर शाम रुद्रनाथ मंदिर में प्रवेश करेगी।

## ब्राजील के शिखर सम्मेलन में बोले

# जज कहीं के राजकुमार नहीं लोगों को सेवा देने वाले: चंद्रचूड़

एजेंसी ▶▶ डी जेनेरियो



सुप्रीम कोर्ट के मुख्य न्यायाधीश डीवाई चंद्रचूड़ ने कहा है कि जज कहीं के राजकुमार या संप्रभु नहीं हैं, उनका काम सेवा देना होता है। उन्होंने यह बात ब्राजील में जे-20 शिखर सम्मेलन के दौरान कही है।

उन्होंने कहा कि जो अवमानना के लिए दोषी को दंडित करता है और सीजेआई चंद्रचूड़ ने इस बात पर जोर दिया कि फैसले लेने का रास्ता पारदर्शी होना जरूरी है, जो सबको साथ लेकर चले। रियो डी जेनेरियो में जे-20 शिखर सम्मेलन में बोलते हुए सीजेआई ने कहा आज हम एआई पर बात कर रहे हैं। एआई की मदद से यूं ही निर्णय नहीं लिए जा सकते। इसका स्पष्टीकरण होना चाहिए कि इस तरह का फैसला क्यों और किस आधार पर लिया गया है। उन्होंने कहा, 'जज के तौर पर न तो हम कहीं के राजकुमार हैं और न ही संप्रभु हैं।

## साइबर क्राइम को लेकर अलर्ट

# 'डिजिटल अरेस्ट' बना साइबर अपराध का बड़ा नया तरीका

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली



तेजी से बदल रहे माहौल के बीच साइबर सिक्योरिटी एक अहम मुद्दा बन चुका है। इसी को लेकर गृह मंत्रालय ने साइबर क्राइम के नए तरीकों को लेकर एक नया अलर्ट जारी किया है।

साइबर अपराधियों द्वारा जांच एजेंसियों का अधिकारी बताकर लोगों को डिजिटल अरेस्ट करने को लेकर अलर्ट जारी किया है। दरअसल, साइबर ठग अब सरकारी एजेंसियों के नाम पर लोगों को डरा धमकाकर पैसे ऐंठने का काम रहे हैं। साइबर ठग अब पुलिस अधिकारी, सीबीआई, नारकोटिक्स विभाग, रिजर्व बैंक, प्रवर्तन निदेशालय और अन्य एजेंसियों की ओर से ब्लैकमेल और डिजिटल गिरफ्तारी की धमकी देकर लोगों से वसूली को अंजाम दे रहे हैं। जालसाज पीड़ित को कॉल कर कहते हैं कि पीड़ित ने कोई पार्सल भेजा है।

साझेदारी के लिए संयुक्त बयान पर किए दस्तखत

# पीएम मोदी के करीबी दोस्त पहुंचे बीजिंग तो चीन ने पाकिस्तान को हड़का दिया

एजेंसी ▶▶ बीजिंग

पीएम नरेंद्र मोदी के मित्र और रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन और चीन के राष्ट्रपति शी जिनपिंग के साथ एक शिखर सम्मेलन में शामिल होने के लिए चीन पहुंचे हैं।

पुतिन और जिनपिंग ने देशों के बीच व्यापक रणनीतिक साझेदारी को गहरा बनाने के लिए पर एक संयुक्त बयान पर दस्तखत भी किए हैं। जिनपिंग ने पुतिन का जोरदार स्वागत किया है। इसी बीच पाकिस्तान के उप प्रधानमंत्री और विदेश मंत्री इशाक डार भी चीन पहुंचे हैं। जिनको चीन के विदेश मंत्री वांग यी ने तगड़ी नसीहत दी है।

### हजारों चीनी कामगार पाकिस्तान में



### श्रमिकों की सुरक्षा जरूरी

चीन ने पाकिस्तान से साफ कर दिया कि वह चीन-पाकिस्तान आर्थिक गलियारा (सीपीईसी) परियोजनाओं में शामिल हजारों चीनी मजदूरों की सुरक्षा के लिए हरसंभव कोशिश करे। चीनी मजदूरों पर बार-बार होने वाले आतंकी हमले बीजिंग के लिए एक बड़ा सिरदर्द बन गए हैं। पाकिस्तान के विदेश मंत्री को यह

चीन की आधिकारिक यात्रा पर आए इशाक डार ने कहा कि पाकिस्तान ऐसे जघन्य हमलों की योजना बनाने वालों, फंडिंग करने वालों और अपराधियों को न्याय के कटघरे में लाने के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध है.यह बातचीत खैबर पख्तूनख्वा प्रांत में एक चीनी कंपनी द्वारा शुरू की गई दसू पनबिजली परियोजना की गाड़ी पर आतंकवादी हमले में एक पाकिस्तानी नागरिक सहित पांच चीनी नागरिकों के मारे जाने के एक महीने बाद हुई।

## स्वर्ग से कम नहीं होगा सऊदी अरब का यह शहर, शहर में तमाम ऐशो-आराम होंगे

# अरबपतियों के लिए बन रहा आशियानाः रेगिस्तान में तैयार हो रहा लंदन से 17 गुना बड़ा सुंदर शहर

एजेंसी ▶▶ दुबई

अरब के रेगिस्तानी बियाबान को नए तरह से बसाने के लिए सऊदी अरब ने कमर कस ली है। सऊदी अरब ने समुद्र के करीब रेगिस्तान में ऐसी दुनिया बसाने वाला है जो लंदन शहर से 17 गुना बड़ी होगी। हाल ही में सऊदी अरब ने जौमुर नाम के रेसॉट को खोला है, जो खासतौर पर अरबपतियों के लिए बनाया गया है। इस रेसॉट में 6000 लोग आराम से रह सकते हैं। जौमुर में अरबपतियों के रुकने की व्यवस्था के साथ-साथ यहां प्राइवेट नावों के रुकने की भी इंतजाम किया गया है। रेजॉर्ट एक विशाल मरीना के आसपास बनाया गया है जिसमें 700 लक्जरी विला और 500 अपार्टमेंट होंगे। प्रत्येक विला में अकाबा की खाड़ी के किनारे तट तक पहुंच और नावों के लिए अपनी निजी लंगरगाह होगी।

कॉम्प्लेक्स में 350 सुइट्स वाले दो होटल भी होंगे, जो सऊदी की ड्रीम प्रोजेक्ट नियोम पहल का हिस्सा है। सऊदी अरब में 500 बिलियन डॉलर की लागत के प्रोजेक्ट के जरिए रेगिस्तान की सूरत बदली जा रही है। प्रिंस सलमान अपने महत्वाकांक्षी किंगडम नियोम के नाम से ऐसा शहर बसाने वाले हैं जो लंदन से 17 गुना बड़ा होगा। इतना ही शहर में तमाम ऐशो-आराम होंगे, होटल होंगे, रिसॉर्ट होंगे, पूल होंगे, क्लब होंगे और तो और वहां बर्फ भी होगी।

### खास बातें

- रेजॉर्ट एक विशाल मरीना के आसपास बनाया गया है जिसमें 700 लक्जरी विला और 500 अपार्टमेंट होंगे
- प्रत्येक विला में अकाबा की खाड़ी के किनारे तट तक पहुंच और नावों के लिए अपनी निजी लंगरगाह होगी



### रेगिस्तान में जमेगी बर्फ

ट्रोजेना नाम के एक प्रोजेक्ट के जरिए एक ऐसा स्थान तैयार किया जाएगा जो 70 प्रतिशत आर्टीफीशियल बर्फ से ढका होगा। ऐसी उम्मीद है कि इन्फ्रास्ट्रक्चर का यह करिश्मा साल 2026 तक बनकर तैयार हो जाएगा। इसके तैयार होने से दुनियाभर के पर्यटक यहां आने के लिए लालायित रहेंगे। इस आर्टीफीशियल बर्फ के प्रोजेक्ट को लाल सागर से लगभग 48 किलोमीटर पूर्व में सारावत की पहाड़ियों में तैयार किया जाएगा।

#### क्राउन प्रिंस का सपना था यह मेगा सिटी

क्राउन प्रिंस मोहम्मद बिन सलमान द्वारा योजनाबद्ध यह द्वीप मिडिल ईस्ट के सबसे महत्वाकांक्षी मेगा सिटी डेवलपमेंट में से एक है। इसे तैयार करने वाले इस मेगा सिटी को लाल सागर के एक खास दरवाजे के रूप में पेश किया है।

#### खासियतें

यहां कई तरह की सुविधाएं मुहैया कराई जाएंगी। यहां चमकदार रिसॉर्ट में बीच क्लब, यॉट क्लब, स्पा और वेलनेस सेंटर और 51 लक्जरी रिटेल आउटलेट, साथ ही 400 से अधिक कमरे और 300 सुइट्स वाले तीन भव्य होटल और बड़ा मरीना होगा।

# एसयूवी सेगमेंट में बेस्ट वैल्यू व्हीकल बनी एमजी हेक्टर

**गुरुग्राम।** 100 सालों की समृद्ध विरासत वाले ब्रिटिश ऑटोमोबाइल ब्रांड एमजी (मॉरिस गैरेज) मोटर इंडिया की फ्लैगशिप एसयूवी हेक्टर, यह कम्फर्टेबल राइड की पेशकश करते हुए आकर्षक फीचर्स से भी लैस है। बता दें कि एमजी हेक्टर ने हाल ही में नीलसनआईक्यू के सर्विस कॉस्ट सर्वे में पॉपुलर हैचबैक कारों और कॉम्पैक्ट एसयूवी के बीच ओनरशिप कॉस्ट के लिए टॉप रैंकिंग हासिल की है। इसके अतिरिक्त, ड्रूम्स के विश्लेषण में भी हेक्टर को रीसेल वैल्यू, फ्यूल एफिशिएंसी/ईंधन दक्षता और कस्टमर सेटिस्फेक्शन/ग्राहक संतुष्टि जैसे फैक्टर्स में सबसे आगे स्थान मिला है। नीलसनआईक्यू सर्विस कॉस्ट सर्वे ने जनवरी से अगस्त 2021 के बीच खरीदी गई एसयूवी और हैचबैक कारों का विश्लेषण किया और औसतन 3.5 नियमित सर्विसेस पूरी कीं। पेट्रोल मॉडल के लिए, जहां एमजी हेक्टर को कुछ प्रमुख हैचबैक सहित सर्वेक्षण किए गए अन्य सभी व्हीकल्स के बीच अफर्डेबल कॉस्ट ऑफ ओनरशिप के मामले में अग्रणी कार के रूप में स्थान दिया गया।



## सुप्रीम कोर्ट ने की सख्त टिप्पणी

# केंद्र सरकार से कहा- विदेशी घुसपैठियों को तत्काल भेजें

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

सुप्रीम कोर्ट ने 17 विदेशी नागरिकों को उनके देश वापस भेजने का आदेश दिया है। अदालत ने केंद्र सरकार से कहा कि तत्काल 17 विदेशी नागरिकों को वापस भेज जाए, जिन्हें असम के एक डिटेंशन कैंप में रखा गया है। केस की सुनवाई के दौरान जस्टिस एएस ओका ने टिप्पणी की कि जो संसाधन इन लोगों पर खर्च हो रहे हैं, वे भारत के लोगों को मिलने चाहिए। जस्टिस अभय एस. ओका और जस्टिस उज्जल भुइयां की बेंच ने कहा कि इन 17 लोगों के पास भारत में कोई केस दर्ज नहीं है। ऐसे में उन्हें वापस भेजने में कोई अड़चन नहीं है।

अदालत ने कहा, 'रिपोर्ट से पता चलता है कि असम में डिटेंशन सेंटर है, जिसे ट्रांजिट कैंप भी कहा जाता है। डिटेंशन सेंटर में घोषित तौर पर 17 विदेशी मौजूद हैं, जिनमें से 4 तो दो साल से यहीं हैं।



इन 17 लोगों पर भारत में कोई केस दर्ज नहीं

### पहले 4 लोगों को वापस भेजें

*कोर्ट ने कहा हमारा मानना है कि केंद्र सरकार को तत्काल इन्हें वापस भेजने के लिए कदम उठाने चाहिए। इन लोगों के खिलाफ किसी अपराध के तहत मुकदमा भी दर्ज नहीं है। सबसे पहले उन 4 लोगों को वापस भेजना चाहिए, जो 2 साल से डिटेंशन सेंटर में हैं।' अदालत ने कहा कि इस मामले में क्या ऐक्शन लिया गया, इसकी रिपोर्ट दो महीने के अंदर सौंपी जाए।*

### कोर्ट ने पूछा भेजने की प्रक्रिया क्या है?

अब इस केस की अगली सुनवाई कोर्ट ने 26 जुलाई को करने का फैसला लिया है। यह फैसला असम के डिटेंशन सेंटर्स की स्थिति को लेकर दिया गया। असम के इन डिटेंशन सेंटर्स में उन लोगों को रखा जाता है, जिनकी नागरिकता पर संदेह हो या फिर उन्हें ट्राइब्यूनल की ओर से विदेशी घोषित किया गया हो। केस की सुनवाई के दौरान जस्टिस भुइयां ने यह भी पूछा कि आखिर विदेश से आए लोगों को वापस भेजने की क्या प्रक्रिया है। अदालत ने कहा, 'एक बार ट्राइब्यूनल अपना नतीजा दे देते हैं कि ये लोग विदेशी हैं तो फिर अगला कदम क्या होता है? क्या आपकी पड़ोसी देशों के साथ इसे लेकर कोई समझौता है? यदि उन्हें वापस भेजना है तो यह कैसे होगा? आप उन्हें हमेशा सेंटर में ही नहीं रख सकते।'

### केप्री ने की 'मास्टर्स ऑफ मैदान' की शुरुआत

**मुंबई।** केप्री लोंस ने गुजरात टाइटंस के सहयोग से क्रिकेट के ऐसे नायकों को सम्मानित किया। जिनकी अक्सर अनदेखी की जाती है यानी केप्री लोंस ने स्टेडियम के ग्राउंड्समैन को सम्मानित किया, जो अपने अटल इरादे और सच्ची लगन के साथ हर मैच को सफल बनाने के लिए हमेशा प्रयासरत रहते हैं। क्रिकेट मैच के लिए आयोजन स्थल को तैयार करने के साथ-साथ पिच की तैयारी, आउटफील्ड की देखभाल के अलावा खिलाड़ियों की सुरक्षा सुनिश्चित करने में ग्राउंड्समैन की भूमिका बेहद अहम होती है। केप्री लोन्स की 'मास्टर्स ऑफ मैदान' पहल सही मायने में ब्रांड के आदर्श वाक्य,फर्ज निभाते हैं के अनुरूप है। केप्री लोंस ने अपनी इस पहल के तहत गुजरात के नरेंद्र मोदी स्टेडियम में मेहनती ग्राउंड्स कीपरों को सम्मानित करने और उनकी सराहना करने के अपने संकल्प की पुष्टि की है।

### सरकार ने की खाद्य तेलों की टैरिफ वैल्यू में भारी कटौती

**नई दिल्ली।** घरेलू प्रभाग में खाद्य तेलों की कीमतों को नियंत्रित करने के उद्देश्य से सरकार ने खाद्य तेलों का शुल्क आधारित बुनियादी आयात मूल्य (टैरिफ वैल्यू) में कटौती कर दी है। इसके तहत 1-15 मई की तुलना में 16 से 31 मई 2024 के लिए क्रूड पाम तेल (सीपीओ) पर टैरिफ वैल्यू या आधार आयात मूल्य को 944 डॉलर प्रति टन से 52 डॉलर घटाकर 892 डॉलर प्रति टन, आरबीडी पामोलीन पर 972 डॉलर प्रति टन से 50 डॉलर घटाकर 922 डॉलर प्रति टन तथा क्रूड सोयाबीन तेल के लिए आधार आयात मूल्य को 959 डॉलर प्रति टन से 24 डॉलर घटाकर 935 डॉलर प्रति टन निर्धारित किया गया है हालांकि भारत में क्रूड सूरजमुखी तेल का आयात भी बड़े पैमाने पर होता है लेकिन इसके लिए टैरिफ वैल्यू का निर्धारण नहीं किया जाता है। विदेशों से आयातित सीपीओ, रिफाइंड पामोलीन एवं क्रूड सोया तेल के लिए केन्द्र सरकार प्रत्येक पखवाड़े के वास्ते भारतीय बंदरगाहों पर एक निश्चित मूल्य निर्धारित करती है।

## राशिफल

**मेष** – कारोबार में लाभ में वृद्धि होगी। संयत रहें। किसी धार्मिक स्थान की यात्रा पर जा सकते हैं। स्वभाव में चिड़चिड़ापन भी हो सकता है।

**वृष** – मन में उतार-चढ़ाव रहेंगे। परिश्रम अधिक रहेगा। परिवार के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। माता के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। रहन-सहन कष्टमय हो सकता है।

**मिथुन** – संगीत के प्रति रुझान बढ़ सकता है। परिवार का साथ मिलेगा। नौकरी में अफसरों का सहयोग मिलेगा। मन परेशान हो सकता है।

**कर्क** – आय में वृद्धि होगी। आत्मविश्वास में वृद्धि होगी। कला या संगीत में रुचि हो सकती है। व्यर्थ के ववािदों से दूर रहने का प्रयास करें।

**सिंह** – क्रोध के अतिरेक से बचें। नौकरी के लिए साक्षात्कार आदि कार्यों में सफलता मिलेगी। सुस्वादु खानपान में रुचि बढ़ सकती है।

**कन्या** – आत्मविश्वास भरपूर रहेगा। दाम्पत्य सुख में वृद्धि होगी। पारिवारिक जीवन सुखमय रहेगा। शैक्षिक कार्यों के लिए विदेश जा सकते हैं।

**तुला** – व्यर्थ के क्रोध से बचें। जीवनसाथी के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। लेखनादि-बौद्धिक कार्यों से धनार्जन के साथ बन सकते हैं।

**वृश्चिक** – भागदौड़ अधिक रहेगी। पिता से धन की प्राप्ति हो सकती है। धार्मिक संगीत के प्रति रुझान बढ़ेगा। नौकरी में तरक्की के मार्ग प्रशस्त होंगे।

**धनु** – स्वास्थ्य के प्रति सचेत रहें। आय में कमी एवं खर्च अधिक की स्थिति हो सकती है। पिता का साथ मिलेगा। जीवनसाथी को स्वास्थ्य विकार हो सकते

**मकर** – व्यर्थ के क्रोध एवं वाद-विवाद से बचें। पठन-पाठन में रुचि रहेगी। सुस्वादु खानपान के प्रति रुझान बढ़ेगा। तरक्की के योग बन रहे हैं।

**कुंभ** – नौकरी में परिवर्तन के योग बन रहे हैं। कार्यक्षेत्र में बदलाव हो सकते हैं। यात्रा खर्च बढ़ सकते हैं। आशा-निराशा के मिश्रित भाव रहेंगे।

**मीन** – शैक्षिक कार्यों में मन लगेगा। सन्तान के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। परिवार का साथ मिलेगा। रहन-सहन अव्यवस्थित हो सकता है।


### फायनेंस

फाइनेंस- मुद्रा योजना के अंतर्गत आधारकार्ड से मुद्रालोन, समस्त लोन, आसान किस्तों पर पाएं, 50,000 से 5 लाख तक, 2% ब्याज, 50% छूट, संपर्क करे:- 09599838780 (रायपुर /17/ मई/24)

छोटा विज्ञापन बड़ा लाभ


सूचना - पाठकों से अनुरोध है कि हरिभूमि समाचार पत्र में प्रकाशित सभी प्रकार के विज्ञापनों (डिस्प्ले एवं रनिंग क्लासीफाईड में दिए गए तथ्यों के बारे में अपने विवेक से निर्णय लें। हरिभूमि समूह की विज्ञापनों के तथ्यों से संबंधित कोई जिम्मेदारी नहीं होगी।








## शब्द पहेली - 5513



**बाएँ से दाएँ**
1.सहयोग की भावना-5
4.अकस्मात,एकाएक-4
7.पराजय-2
8.नाव चलाने वाला-3
9.भीगा हुआ-2
10.अनुवाद-4
11.बेल-2
13.योग्य,सही-3
14.घोड़ा गाड़ी-2
15.काव्य,गजल-3
17.अद्वैतभाव,कुर्बान-2
19.नामकरण-2,3
22.राजा का महल-5
25.प्रेम,ममता-2
26.कपड़े की दीवार-3
28.रास्ता,मार्ग-2
29.सिर,खोपड़ी-3
30.माप-2
32.गुस्सा करना-4
34.व्यंग,चुटीली बात-2
36.नायक,नेता-3
37.एक आंख वाला-2
38.रचनाकार-4
39.कृष्ण का एक नाम-3,2

**ऊपर से नीचे**
1.महोदय (अंग्रेजी-2)
2.डरपोक,भीरू-3
3.व्यंग कसना -5
4.बुद्धि-3
5.झुका हुआ-2
6.कर देने वाला-4
7.चोरी करना,छीनना (मु.-2,3)
10.तहखाना-4
12.एकटक देखना-2
16.वियोग,जुदाई-3
17.आमिर,काजोल की नई फिल्म-2
18.खुजली-2
20.घोटना,मंथन करना-3
21.पत्र,चिट्ठी-2
22.रास्ता-2
23.सुगंधित होना-4
24.बिजली का कौंधना-5
25.कुलीन स्त्री,देवी (उर्दू-5)
26.भगवान,ईश्वर-4
27.पेड़ का मध्य भाग-2
31.पटाखे की बाती,-3
33.अभिव्यक्ति-3
35.नृत्य,डांस-2
37.छोटी सवारी गाड़ी-2

### शब्द पहेली- 5512 का हल

| | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | व | र | दा | न | | म | क | स | द | |
| म | | | न | | अ | | ल | | | नि |
| न | | व्य | व | हा | र | कु | श | ल | | य |
| मा | न | व | | | दा | | | कि | म | त |
| नी | | था | | आ | स | न | | र | न | |
| | र | | हा | रा | | ह | त्या | | का | |
| | क | वि | | म | क | र | | क | | रा |
| ह | म | ला | | | ल | | | म | वे | शी |
| वे | | प | र | व | र | दि | गा | र | | फ |
| ली | | | स | | व | | य | | | ल |
| | र | ह | म | त | | घ | ब | रा | ना | |

## सूडोकु नवताल - 5524

★★★★☆ कठिन

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | 5 | | | 3 | | | |
| | 2 | | | 9 | 5 | | | |
| 9 | | | | | | 6 | | |
| | | | | | | | 3 | 5 |
| | 6 | | | | | | 7 | |
| 4 | 8 | | | | | | | |
| | | 7 | | | | | | 3 |
| | | | 2 | 4 | | | 9 | |
| | | | 8 | | | 2 | | |

MANGAL SENACHA BANGALORE

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते.
- पहेली का केवल एक ही हल है.

### सूडोकु नवताल - 5523 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 4 | 2 | 5 | 8 | 6 | 1 | 9 | 7 | 3 |
| 7 | 3 | 1 | 9 | 4 | 2 | 8 | 5 | 6 |
| 6 | 9 | 8 | 7 | 3 | 5 | 4 | 2 | 1 |
| 1 | 6 | 2 | 3 | 8 | 9 | 5 | 4 | 7 |
| 9 | 4 | 3 | 5 | 1 | 7 | 6 | 8 | 2 |
| 8 | 5 | 7 | 4 | 2 | 6 | 3 | 1 | 9 |
| 2 | 1 | 9 | 6 | 5 | 8 | 7 | 3 | 4 |
| 5 | 7 | 4 | 1 | 9 | 3 | 2 | 6 | 8 |
| 3 | 8 | 6 | 2 | 7 | 4 | 1 | 9 | 5 |

यूटिलाइजेशन
शीला श्रीवास्तव

बच्चों, समर वेकेशंस में तुम अपनी हॉबी के अनुसार म्यूजिक, ड्राइंग जैसे क्लासेज ज्वाइन कर अपने स्किल को तो बढ़ा सकते ही हो, साथ ही अपनी फैमिली के साथ कुछ समय बिताकर अपनी वेकेशंस को और अच्छे से यूज कर इसे स्पेशल-मेमोरेबल भी बना सकते हो।

# समर वेकेशंस को बनाओ स्पेशल-मेमोरेबल

बच्चों, पूरा साल तुम्हारा समय पढ़ाई और स्कूल की दूसरी एक्टिविटीज में निकल जाता है। तुम्हारे पास ज्यादा समय नहीं रहता, इसलिए तुमको घर के मेंबर्स के साथ जिस तरह समय बिताना चाहिए, नहीं बिता पाते। लेकिन समर वेकेशंस एक ऐसा मौका है, जब तुम ना सिर्फ अपने हॉबी क्लासेज ज्वाइन कर सकते हो, अपनी फैमिली से भी जुड़कर अपनी समर वेकेशंस को बहुत ही यूजफूल बना सकते हो। कैसे, जानो।

## सुबह की हो सुहानी शुरुआत

बच्चों, गर्मी की छुट्टियों में सुबह जल्दी जरूर उठो। बाहर खुली जगह जाकर टहलो, एक्सरसाइज करो। इसके बाद अपने मम्मी-पापा के लिए ब्रेकफास्ट बनाओ। शुरुआत में तुम नाश्ते के लिए कोई आसान चीज बनाओ, जैसे सैंडविच, मिल्क शेक, शरबत या फ्रूट सलाद आदि। बाद में तुम यू-ट्यूब या अपने बड़ों की मदद से तरह-तरह की डिशेज बना सकते हो। जब मम्मी-पापा तुम्हारे हाथ की बनी तरह-तरह की डिशेज खाएंगे तो उन्हें खुशी होगी। उनकी सुबह सुहानी हो जाएगी।

## घर और बाहर के कामों में मदद

घर के छोटे-छोटे कामों में मम्मी-पापा की मदद करो। जैसे- बर्तन सही जगह रखना, कपड़े तह करना, डस्टिंग करना आदि। यदि तुम साइकिल ठीक से चला लेते हो और बाहर आने-जाने में हैवी ट्रैफिक का खतरा नहीं है, तो घर के जरूरी सामान मार्केट से ले आओ। इससे तुम्हें खरीदारी के तौर-तरीके और बाजार की कीमतों का पता चलेगा। पैसे के जोड़-भाग से तुम्हारा गणित ज्ञान भी बढ़ेगा।





## घर के बुजुर्गों का रखो ख्याल

अगर तुम अपने दादा-दादी के साथ रहते हो, तो इस समर वेकेशंस में उनके साथ अधिक से अधिक समय बिताओ। उनकी देखभाल करो, उनके छोटे-मोटे कामों में मदद करो। जैसे- समय पर उन्हें दवाई दो, उन्हें अखबार या उनकी पसंद की किताब पढ़कर सुनाओ, उनके साथ सुबह या शाम को पार्क में टहलने जाओ। बुजुर्गों को बच्चों का साथ बहुत अच्छा लगता है। छुट्टियों में तुम उनके साथ ज्यादा से ज्यादा समय बिताओ। तुम्हारा प्यारा-सा साथ पाकर वे बहुत खुश होंगे। तुम्हें भी उनसे बहुत कुछ सीखने को मिलेगा।

अगर घर में कोई पक्षी या अन्य पालतू जानवर हैं, तो तुम खुद ही उसकी केयर करो। इससे मम्मी-पापा को तो मदद मिलेगी ही, तुम्हें भी अच्छा लगेगा।

## सीखो मेहमाननवाजी

बच्चों, तुम्हारे घर में मेहमान जरूर आते होंगे। घर में जब मेहमान आएं तो उनकी खातिरदारी में मम्मी-पापा की मदद करो। इससे तुम्हें लोगों को रिसीव करने, उनसे बातचीत करने का सलीका आएगा, साथ ही तुम मेहमानों के लिए खान-पान की व्यवस्था कैसे करनी है, उसमें वैराइटीज कैसे लानी है, सर्व कैसे करना है, ये सब बातें सीखने का मौका मिलेगा। इस तरह तुम अच्छे मेहमाननवाज बनोगे।

## हरा-भरा बनाओ अपना घर और कॉलोनी

यदि तुम्हारे घर के लॉन में पेड़-पौधे हैं, तो इन गर्मियों की छुट्टियों में उनकी देखभाल का जिम्मा तुम लो। सुबह-शाम



पेड़ों की सिंचाई, गुड़ाई, क्यारियों और गमलों की सफाई तुम्हें कब और कैसे करना है, इसकी जानकारी तुम अपने मम्मी-पापा से लो। अपने हाथों से पौधे लगाओ। पौधों में फूल आने से पहले इनकी देखभाल कैसे होती है, यह जानो। तुम चाहो तो दोस्तों के साथ मिलकर अपनी कॉलोनी में पेड़ लगाने का अभियान शुरू कर सकते हो।

## भाई-बहनों के साथ बिताओ समय

बच्चों, साल भर तुम ही नहीं, तुम्हारे बड़े या छोटे भाई-बहन भी अपनी पढ़ाई में बिजी रहते हैं। उनके साथ समय बिताने का मौका भी तुम्हें कम ही मिल पाता है। छुट्टियों का यह समय तुम उनके साथ बिताओ। उनके साथ गेम्स खेलो। यदि तुम्हारे भाई-बहन छोटे हैं, तो घर के छोटे-मोटे कामों में उनकी भी मदद लो। ऐसा करने से तुम भाई-बहनों के बीच अच्छा तालमेल बनेगा।

बच्चों, इस तरह तुम जब समर वेकेशंस अपने मम्मी-पापा, दादा-दादी और भाई-बहन के साथ मिलकर काम करोगे, उनके साथ समय बिताओगे तो ये दिन मेमोरेबल तो रहेंगे ही, साथ में फैमिली के साथ तुम्हारी बॉन्डिंग भी बढ़ेगी, जो परिवार की खुशहाली के लिए जरूरी है। *



एंज्वॉयमेंट / अनुराग मनींद्र

# ट्राई करो ये ट्विस्टी टंग-ट्विस्टर्स

बच्चों, टंग-ट्विस्टर्स के बारे में तो तुम्हें पता ही होगा! टंग-ट्विस्टर कोई मुश्किल वर्ड होता है या फिर कुछ वर्ड्स का कॉम्बिनेशन होता है, जिसे एक निश्चित समय सीमा में, बिना रुके, जल्दी-जल्दी बोलना और बार-बार दोहराना होता है। बच्चों, जब कोई टंग-ट्विस्टर बोलते हुए अटकता है या उसकी जुबान लड़खड़ाती है और उसके मुंह से 'कुछ का कुछ' निकलता है, तो टंग-ट्विस्टर बोलने वाले और बुलवाने वाले दोनों को ही खूब मजा आता है।



बच्चों, आज हम तुम्हारे लिए हिंदी के कुछ मजेदार टंग-ट्विस्टर्स लेकर आए हैं। इनमें से कुछ तो तुम्हें पहले से पता होंगे और कुछ तुम्हारे लिए बिल्कुल नए होंगे। तुम्हें इन टंग-ट्विस्टर्स को 15 सेकेंड्स के भीतर बिना रुके, जल्दी-जल्दी बोलना है और बार-बार दोहराना भी है। देखते हैं कि 15 सेकेंड्स में कितनी बार तुम ये टंग-ट्विस्टर्स बिना लड़खड़ाए या बिना अटके बोल पाते हो। तो चलो, एक-एक करके ट्राई करो ये ट्विस्टी टंग-ट्विस्टर्स-

- ऊंट ऊंचा, ऊंट की पीठ ऊंची, ऊंची ऊंट की पूंछ।
- कच्चा पापड़, पक्का पापड़।
- पीतल के पतीले में पपीता पीला पीला।
- नीला अंगूर, काला लंगूर।
- उड़ी चिड़ी ऊंची उड़ी, सब्जी पूड़ी ठंडी पड़ी।
- नीली रेल, लाल रेल।
- रोड रोलर, लोड रोलर।
- खड़क सिंह के खड़कने से खड़कती हैं खिड़कियां।
- राजा गोपी गोपाल गोपग्गम दास।
- चार नई नवेली दुल्हन, दुल्हन नई नवेली चार।
- लपक बबुली लपक, अब ना लपकबे त लपकबे कब।

क्यों बच्चों, इन्हें बोलते-बोलते तुम्हारी 'टंग' भी हो गई न 'ट्विस्ट'?

तुम ये टंग-ट्विस्टर्स अपने दोस्तों और भाई-बहनों को भी बोलने के लिए कहो और हंसो, हंसाओ, एंज्वॉय करो। *

### टंग-ट्विस्टर्स के फायदे

बच्चों, टंग-ट्विस्टर्स एक अच्छा 'आर्टिकुलेशन एक्सरसाइज' (उच्चारण अभ्यास) भी है। इसके लगातार प्रयोग से शब्दों का सही उच्चारण करने की क्षमता विकसित होती है। कई सारे कलाकार और स्टेज-आर्टिस्ट्स भी टंग-ट्विस्टर्स का अभ्यास करते हैं, इससे उन्हें मंच पर स्पष्ट और धाराप्रवाह बोलने में आसानी होती है। कई बार स्पीच-थेरेपिस्ट भी टंग-ट्विस्टर्स का अभ्यास करने की सलाह देते हैं। इससे साफ-साफ और स्पष्ट बोलने की आदत बनती है।

## जीके क्विज-104

1.हाल ही में भारत के किस राज्य में 'स्कूल ऑन व्हील्स' की शुरुआत की गई?
2.छत्तीसगढ़ के वर्तमान राज्यपाल कौन हैं?
3.आर्य समाज की स्थापना किसने की थी?
4.अंतरिक्ष की दूरी मापने के लिए किस इकाई का प्रयोग किया जाता है?
5.क्षेत्रफल की दृष्टि से भारत का सबसे बड़ा राज्य कौन-सा है?
6.शुष्क बर्फ (ड्राई आइस) क्या होता है?
7.कौन-सा विटामिन खून का थक्का बनाने (ब्लड-क्लॉटिंग) में सहायक होता है?
8.पानीपत की दूसरी लड़ाई किसके बीच हुई थी?
9.श्वेत क्रांति (व्हाइट रिवॉल्यूशन) का संबंध किससे है?
10.'गीता रहस्य' नामक पुस्तक के लेखक कौन हैं?



बच्चों, जीके क्विज-104 का उत्तर बालभूमि के अगले अंक में प्रकाशित किया जाएगा। सही जवाब देने वाले बच्चों के नाम भी प्रकाशित किए जाएंगे। तुम अपने जवाब हमें balbhoomihb@gmail.com पर मेल कर सकते हो।

**जीके क्विज-103 का उत्तर :** 1.उसेन बोल्ट, 2.नेपाल, 3.दो बार, 4.हरा, 5.एंटनी वान ल्यूवेनहॉक, 6.सिक्किम, 7.जयप्रकाश नारायण, 8.न्यूटन, 9.सिद्धार्थ, 10.रवींद्रनाथ टैगोर

**जीके क्विज-103 का सही उत्तर देने वाले :** मानवी मधुकर-बिलासपुर, कबीर-हिसार, यदुवेंद्र-महेंद्रगढ़, सरबजीत-करनाल, शुभम-बिलासपुर, बी. ईशान-अहमदाबाद, बी. आकांक्षा-अहमदाबाद, सलोनी-रायपुर, शिवम-रोहतक, हर्ष-दिल्ली, राजन-भोपाल, दिव्यम-धमतरी, काव्या-राजनांदगांव

## हंसगुल्ले



**गप्पू :** कल मैंने एक रॉकेट छोड़ा तो सीधा सूरज से टकरा गया।
**पप्पू :** अरे! फिर क्या हुआ?
**गप्पू :** फिर मेरी पिटाई हुई।
**पप्पू :** किसने पीटा?
**गप्पू :** सूरज की मम्मी ने।
**-आर्यन, रायपुर**

**टीचर :** 'तेज हवाओं के साथ बारिश हो रही है।' इसका भविष्य काल बताओ?
**पिंकी :** अब लाइट जाएगी।
**-माही, भोपाल**

सोनू ने मोनू के घर का दरवाजा खटखटाया।
**मोनू :** कौन है?
**सोनू :** मैं हूं।
**मोनू :** मैं कौन?
**सोनू :** अरे, तू मोनू है...और कौन?
**-चिराग, दिल्ली**

कहानी
सरस्वती रमेश

सोनू और मोनू आपस में बहुत झगड़ते थे। उनके झगड़े से मम्मी बहुत परेशान रहती थीं। एक दिन घर में नानी आईं और रात सोनू-मोनू के कमरे में उनके साथ सोईं। अगली सुबह जब दोनों उठे तो जरा भी नहीं लड़े। आखिर नानी ने सोनू-मोनू पर ऐसा क्या जादू किया, जो उनके स्वभाव में इतना बड़ा बदलाव दिखा।


# खत्म हुई मम्मी की परेशानी

सोनू और मोनू जुड़वा भाई हैं। उनकी शक्ल बिल्कुल एक जैसी है, लेकिन स्वभाव और पसंद एकदम अलग। दोनों की आपस में बिल्कुल नहीं बनती है। हर बात पर झगड़ा करते हैं। कभी-कभी तो झगड़ा इतना बढ़ जाता कि मम्मी-पापा को झगड़ा सुलझाने आना पड़ता। मम्मी दोनों बच्चों के झगड़े से बहुत ज्यादा परेशान रहती हैं, लेकिन उन्हें इसे खत्म करने का कोई उपाय नहीं सूझता।

एक दिन सोनू-मोनू से मिलने उनकी नानी आईं। नानी दोनों को बहुत प्यार करती हैं। उनके लिए गांव से ताजे फल लाती हैं। इस बार भी नानी बेर, कैथ, इमली और कैरी लेकर आईं। सोनू-मोनू को ये फल बहुत पसंद हैं। शहर में तो ये चीजें मुश्किल से मिलती हैं। इसलिए जब नानी इन्हें लेकर आतीं तो दोनों बड़े चाव से खाते हैं। नानी को आए अभी थोड़ी देर ही हुई थी। वह सोफे पर बैठीं चाय-नाश्ता कर रही थीं। तभी दोनों भाइयों का झगड़ा शुरू हो गया। सोनू कह रह था,'बेर और इमली मैं खाऊंगा। कैरी और कैथ तुम ले लो।'

'नहीं कैथ तुम ले लो, मैं बेर लूंगा।' मोनू चिल्लाया। 'ये दोनों इसी तरह दिनभर लड़ते रहते हैं। मैं तो परेशान हो चुकी हूं।' मम्मी ने नानी को बताया। 'तुम परेशान मत हो, मैं इन्हें समझा दूंगी।' नानी बोलीं।

रात को खाने के बाद सब सोने चले गए। नानी का बिस्तर सोनू-मोनू के कमरे में ही लगा था। 'नानी हमें कहानी सुनाओ न।' सोनू बोला।'मुझे भी सुननी है।' मोनू खुशी से उछलकर बोला। 'ठीक है सुनो।' नानी ने कहानी सुनानी शुरू की, 'एक किसान था। उसके चार बेटे थे। किसान के पास खूब सारे खेत थे। किसान अब बूढ़ा और बीमार हो गया था। बिस्तर पर पड़े-पड़े वह सोचता रहता कि उसके खेतों की देखभाल कैसे होगी? उसके बच्चे तो हमेशा आपस में लड़ते रहते हैं। खेती-बारी में उनकी



कोई रुचि नहीं है। उधर धीरे-धीरे पड़ोसियों को किसान के बेटों के बीच झगड़े की बात पता चल गई। उनकी नजर किसान के खेतों पर थी। वे किसान के खेत हड़पने लगे। उन्हें पता था, चारों भाइयों को तो आपस में लड़ने से फुर्सत नहीं है। खेत देखने कोई नहीं आएगा। किसी ने किसान के खेतों में जानवर बांधने शुरू कर दिए तो किसी ने बाड़ लगाकर फसल बोनी शुरू कर दी। धीरे-धीरे पड़ोसियों ने किसान के सारे खेत हड़प लिए। न तो खेत बचे और न खाने को अनाज। जब घर में खाने को कुछ नहीं बचा तब एक दिन किसान के बेटे खेतों में पहुंचे। लेकिन वहां तो कोई और खेती करने में जुटा हुआ था। अब चारों भाइयों की आंखें खुलीं, लेकिन अब बहुत देर हो चुकी थी।' कहानी सुनाने के बाद नानी ने बच्चों से पूछा, 'कुछ समझ आई कहानी?'

'हां, समझ में आई। भाइयों को आपस में लड़ना नहीं चाहिए।' मोनू बोला। 'तब तुम दोनों क्यों लड़ते हो?' नानी ने पूछा। 'अब हम नहीं लड़ेंगे नानी।' सोनू ने कहा।

'मैं भी नहीं लड़ूंगा।' मोनू बोला।

'शाबाश! अब दोनों सो जाओ। रात बहुत हो गई है।' नानी हंसते हुए बोलीं। सुबह सोनू-मोनू का बदला हुआ बर्ताव देखकर मम्मी हैरान थीं। दोनों मिलकर बिना झगड़े बड़े प्यार से काम कर रहे थे। मम्मी सोच में पड़ गईं कि आखिर नानी ने बच्चों को ऐसा क्या समझा दिया है, जो उनकी परेशानी खत्म हो गई। *

कविता / अखिलेश श्रीवास्तव चमन




## दिन गर्मी के

सूरज जब भी आंख तरेरे
समझो हैं दिन गर्मी के।
हवा चलाए गरम थपेड़े
समझो हैं दिन गर्मी के।
ताल-तलैया प्यासे, आए
सूखे से दिन गर्मी के।
मास्टर जी की बेंत सरीखे
रूखे से दिन गर्मी के।

सारा पानी सोख लिए हैं
जमाखोर दिन गर्मी के।
चलते कितने धीरे-धीरे
कामचोर दिन गर्मी के।
रातें तिल सीं और ताड़
से बने हुए दिन गर्मी के।
गुस्से में ज्यों आंख तरेरे
तने हुए दिन गर्मी के।

बूझो तो जानें / पवीन कुमार



1. सफेद खेत में बोए देखो
काले-नीले मोती
लंबा पतला बैल है
विद्या की खेती होती

2. दिखता लंबे सांप जैसा
लोहे का है फन
कमर से जो लिपटा वो
बात गई फिर बन

3. दो भाई दोनों अलबेले
एक-दूजे के पक्के चेले
कभी नहीं वो रहें अकेले
पहन देखने जाओ मेले

4. एक तो घोड़े जैसी भागे
एक की मध्यम चाल
कछुए जैसी एक है चलती
फिर भी करे कमाल

उत्तर: 1. कागज-पेन, 2. बेल्ट, 3. जूते, 4. घड़ी की सुइयां

## रंग भरो-150

**रंग भरो-150** में दिए गए चित्र को तुम लोगों ने बहुत अच्छे से रंगकर हमें भेजा। उनमें से चुना गया सबसे अच्छा चित्र हम यहां प्रकाशित कर रहे हैं। उसे रंगकर भेजने वाले बच्चे के चित्र के साथ कुछ अन्य बच्चों के नाम और चित्र भी प्रकाशित कर रहे हैं।





दिव्यांश, दुर्ग


भावन्या, भिलाई


कल्पित, रोहतक


पलक, अटेली मंडी


युक्ति, धमतरी


सुयश, बिलासपुर

### इनके भी चित्र रहे प्रशंसनीय

भूमिका-बलौदा बाजार, फाल्गुनी-भिलाई, प्रगति-बिलासपुर, आर.विद्या-रायपुर, रितेश-मटियारी, सृष्टि-रायपुर, वेदिका-बालोद, यशिका-बिलासपुर, नेहा-धमतरी, पूजा-रोहतक, रुचिका-दिल्ली, वैभव-करनाल, देवेश-भोपाल

## रंग भरो 151

बच्चों, इस चित्र में रोनित और पाखी बॉल खेलने जा रहे हैं। इस चित्र को मनचाहे रंगों से रंग कर हमें भेजो। जिस बच्चे का चित्र सर्वश्रेष्ठ होगा, उसे हम बालभूमि में प्रकाशित करेंगे। चित्र के साथ अपनी फोटो, अपना और शहर का नाम हमें इस पते पर भेजो- संपादक - फीचर, हरिभूमि कार्यालय, 129, ट्रांसपोर्ट सेंटर, पंजाबी बाग, पश्चिमी दिल्ली, नई दिल्ली- 110035 या ई-मेल आईडी balbhoomihb@gmail.com पर मेल करो।




## गिनकर बताओ

बच्चों यहां एक साथ कई सारे डॉग्स के चित्र दिए गए हैं। तुम्हें गिनकर बताना है कि इस चित्र में कुल कितने डॉग्स हैं?



उत्तर: 10



# भारतीय फुटबॉल के पोस्टर बॉय 6 जून को खेलेंगे अंतिम मैच
# 94 गोल के साथ दुनिया के तीसरे सबसे सक्रिय खिलाड़ी

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

महान भारतीय फुटबॉल खिलाड़ी सुनील छेत्री ने इंटरनेशनल फुटबॉल से संन्यास का ऐलान कर दिया है। कुवैत के खिलाफ छह जून को फीफा विश्व कप क्वालीफाइंग मैच के बाद उनके लंबे और सुनहरे कॅरियर पर विराम लग जाएगा।

भारतीय टीम के कप्तान छेत्री ने सोशल मीडिया पर डाले वीडियो के जरिए यह घोषणा की। 2005 में अंतरराष्ट्रीय फुटबॉल में पदार्पण करने वाले छेत्री ने भारत के लिए 94 गोल किए हैं। उनके नाम भारत के लिए सबसे ज्यादा गोल और सर्वाधिक अंतरराष्ट्रीय मैच है। सक्रिय फुटबॉल खिलाड़ियों में क्रिस्टियानो रोनाल्डो और लियोनेल मेसी के बाद उनके नाम सबसे ज्यादा गोल हैं।



## छेत्री भारत के खेल रत्न

सुनील छेत्री का जन्म 3 अगस्त, 1984 को सिकंदराबाद में हुआ था। उनके पिता केबी छेत्री आर्मी मैन थे, जबकि मां सुशीला नेपाल की नेशनल फुटबॉल टीम के लिए खेल चुकी हैं। छेत्री को साल 2021 में खेल रत्न अवॉर्ड से नवाजा गया। इससे पहले उन्हें 2019 में पद्म श्री और 2011 में अर्जुन पुरस्कार मिला था। इसके अलावा छेत्री ने अपने शानदार करियर में छह बार एआईएफएफ प्लेयर ऑफ द ईयर पुरस्कार जीता।

### सबसे ज्यादा गोल

| फुटबॉलर | देश | गोल | मैच |
|---|---|---|---|
| क्रिस्टियानो रोनाल्डो | पुर्तगाल | 128 | 206* |
| अली दई | ईरान | 108 | 148 |
| लियोनेल मेसी | अर्जेंटीना | 106 | 180* |
| सुनील छेत्री | भारत | 94 | 150* |
| मोख्तार दहारी | मलेशिया | 89 | 142 |

## साल्टलेक स्टेडियम में खत्म होगा सफर

छेत्री का आखिरी मैच कोलकाता के साल्टलेक स्टेडियम पर होगा। जिस शहर में उन्होंने इतना फुटबॉल खेला, वहीं से विदा लेने से बेहतर इस स्वर्णिम यात्रा की परिणिति नहीं हो सकती। भारत इस समय चार अंक लेकर कतर के बाद ग्रुप ए में दूसरे स्थान पर है। छेत्री ने मार्च में 150वां अंतरराष्ट्रीय मैच खेला था और गुवाहाटी में अफगानिस्तान के खिलाफ मैच में गोल भी किया था। भारत हालांकि वह मैच 1-2 से हार गया था। देश के सबसे उम्दा स्ट्राइकर में से एक बने छेत्री ने पाकिस्तान के खिलाफ 2005 में अंतरराष्ट्रीय फुटबॉल में पदार्पण मैच में गोल किया था।

## आत्मा की आवाज



छेत्री ने कहा, 'मैने अपने माता पिता और पत्नी को बताया। मेरे पिता सामान्य थे, राहत महसूस कर रहे थे, खुश थे। लेकिन मेरी मां और पत्नी रोने लगे। वे मुझे बता नहीं सके कि रो क्यो रहे हैं। मैं थका हुआ या कुछ और महसूस नहीं कर रहा था। बस मुझे भीतर से आवाज आई कि यह मेरा आखिरी मैच होना चाहिए और मैने इसके बारे में बहुत सोचा।'

## छेत्री की उपलब्धियां

छेत्री भारत की नेहरू कप (2007, 2009, 2012), दक्षिण एशियाई फुटबॉल महासंघ (सैफ) चैंपियनशिप (2011, 2015, 2021) में खिताबी जीत के सूत्रधार रहे। वह 2008 एएफसी चैलेंज कप जीत में भी सूत्रधार रहे जिसकी मदद से भारत को 27 साल में पहली बार एएफसी एशियाई कप ( 2011) खेलने का मौका मिला। मोहन बागान के लिए 2002 में क्लब फुटबॉल में पदार्पण करने वाले छेत्री ने अमेरिका में मेजर लीग फुटबॉल टीम कंसास सिटी विजाडर्स के लिए 2010 में खेला और 2012 में पुर्तगाली फुटबॉल टीम में स्पोर्टिंग सीपी की रिजर्व टीम में रहे। सात बार एआईएफएफ के सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी रहे छेत्री ने ईस्ट बंगाल, डेम्पो, इंडियन सुपर लीग टीम मुंबई सिटी एफसी और बेंगलुरु एफसी के लिए खेला। बेंगलुरु एफसी के साथ उन्होंने आई लीग, आईएसएल, सुपर कप खिताब जीते।

## खेल जगत ने कहा- असली 'लीजेंड'

'मेरे भाई, तुम पर फक्र है।'
- विराट कोहली

'खेल का सही मायने में 'लीजेंड' जिसने भारतीय फुटबॉल को वैश्विक मंच तक पहुंचाया। आपके जुनून ने एक पीढ़ी को इस खेल में आने के लिए प्रेरित किया है। भारतीय खेलों में आपकी विरासत हमेशा याद रहेगी। अब आप अपना विदाई मैच खेलने के लिए तैयार हो तो आप गर्व के साथ मुड़कर देख सकते हो। शुक्रिया 'लीजेंड'।'
- युवराज सिंह

'आपकी मैदान के अंदर और बाहर की विरासत हमेशा याद रहेगी। आप हमेशा ही हमें प्रेरित करते हो और हमेशा ऐसा करना जारी रखोगे। शुक्रिया।'
- अखिल भारतीय फुटबॉल महासंघ

'इसमें कोई शक नहीं कि सुनील भारत के महानतम खिलाड़ियों में से एक है। भारतीय फुटबॉल के लिए उसका योगदान बहुत ज्यादा है। भारतीय फुटबॉल के लिए यह बड़ा नुकसान होगा। मैं भाग्यशाली हूं कि सीनियर खिलाड़ी के तौर पर उसके साथ खेला। जब मैं आया था तो आई एम विजयन मेरे सीनियर थे और मेरे बाद सुनील आया। मैं बहुत भाग्यशाली हूं कि भारतीय फुटबॉल की अगुआई करने वाले दो दिग्गजों के बीच में मैंने टीम की कप्तानी की थी।'
- बाईचुंग भूटिया

'आपका सफर कितना शानदार रहा। इस शानदार करियर के लिए आपको बधाई।'
- युजवेंद्र चहल

'कभी भी ऐसा होता हुआ नहीं देखना चाहता था। काश ऐसा कुछ कर पाता कि आपका मन बदल पाता लेकिन मैं समझता हूं कि ऐसा क्यों हो रहा है भाई। मेरे कप्तान पूरे देश को छह जून को आपका अंतरराष्ट्रीय करियर का जश्न उस तरह मनाने की जरूरत है जिस तरीके के आप हकदार हो।'
- गुरप्रीत सिंह संधू

## आईपीएल पाइंट टेबल

| टीम | मैच | जीते | हारे | अंक |
|---|---|---|---|---|
| कोलकाता | 13 | 9 | 3 | 19 |
| राजस्थान | 13 | 8 | 5 | 16 |
| चेन्नई | 13 | 7 | 6 | 14 |
| हैदराबाद | 12 | 7 | 5 | 14 |
| दिल्ली | 14 | 7 | 7 | 14 |
| बेंगलोर | 13 | 6 | 7 | 12 |
| लखनऊ | 13 | 6 | 7 | 12 |
| गुजरात | 13 | 5 | 7 | 11 |
| पंजाब | 13 | 5 | 8 | 10 |
| मुंबई | 13 | 4 | 9 | 8 |

ऑरेंज कैप



विराट कोहली
661 रन
बेंगलोर

पर्पल कैप



हर्षल पटेल
22 विकेट
पंजाब

बाउंड्री मीटर

1978 चौके

1133 छक्के


## क्रिकेट मेरे खून में है टी20 परफेक्ट प्रारूप



**नई दिल्ली।** फर्राटा के शहंशाह उसेन बोल्ट को पिता से क्रिकेट का जुनून विरासत में मिला है लिहाजा उनके खून में है और उनका पसंदीदा प्रारूप टी20 है। आठ ओलंपिक स्वर्ण जीत चुके बोल्ट जमैका में बचपन के दिनों में तेज गेंदबाज बनना चाहते थे। अगले महीने से होने वाले आईसीसी टी20 विश्व कप के दूत बोल्ट का क्रिकेट से जुड़ने का सपना आखिर किसी रूप में साकार हुआ। बोल्ट ने न्यूयॉर्क से एजेंसी को फोन पर दिए इंटरव्यू में कहा, 'मैं क्रिकेट देखकर बड़ा हुआ हूं। मेरे पिता क्रिकेट के शौकीन रहे हैं और आज भी हैं। यह मेरे खून में है। मैं क्रिकेट से दूत के रूप में जुड़ रहा हूं जो शानदार है। क्रिकेटर बनने का मेरा सपना तो पूरा नहीं हुआ लेकिन टी20 विश्व कप का दूत होना शानदार है।'

## एएफआई का 'प्यूमा' के साथ कई वर्षों का करार

**नई दिल्ली।** भारतीय एथलेटिक्स महासंघ ने गुरुवार को घोषणा की कि उसने खेलों के दौरान पहनने के लिए पोशाक बनाने वाले ब्रांड 'प्यूमा' के साथ कई वर्षों का करार किया है। इससे 'प्यूमा' घरेलू और अंतरराष्ट्रीय टूर्नामेंट के दौरान करीब 400 भारतीय खिलाड़ियों को पोशाक, जूते और अन्य साजो सामान मुहैया कराएगा।



## नंदिनी डेयरी बनी क्रिकेट स्कॉटलैंड की प्रायोजक

**ग्लास्गो।** क्रिकेट स्कॉटलैंड ने अमेरिका और वेस्टइंडीज में होने वाले आगामी टी20 विश्व कप में अपनी राष्ट्रीय टीम के लिए कर्नाटक की 'नंदिनी' डेयरी को अपना आधिकारिक



प्रायोजक बनाने की घोषणा की। 'नंदिनी' का 'लोगो' दो जून से शुरू होने वाले टूर्नामेंट में स्कॉटलैंड की पुरुष टीम की शर्ट की बाजू पर बना होगा।स्कॉटलैंड के क्रिकेट बोर्ड ने 'एक्स' पर लिखा, 'क्रिकेट स्कॉटलैंड और कर्नाटक दुग्ध महासंघ को यह घोषित करने में काफी खुशी हो रही है कि 'नंदिनी' डेयरी आईसीसी पुरुष टी20 विश्व कप 2024 में स्कॉटलैंड पुरुष टीम का आधिकारिक प्रायोजक होगी।'



## आईपीएल : मुंबई प्लेआफ की दौड़ से बाहर होने वाली पहली टीम थी

# जीत के साथ आईपीएल से विदा लेना चाहेंगे मुंबई और लखनऊ

मैच का प्रसारण आज शाम 7.30 बजे

एजेंसी ▶▶| मुंबई

आईपीएल प्लेआफ की दौड़ से बाहर हो चुकी मुंबई इंडियंस और लखनऊ सुपर जाइंट्स शुक्रवार को वानखेड़े स्टेडियम पर अपने आखिरी मैच में जीत के साथ टूर्नामेंट से विदा लेने की कोशिश करेंगी। मुंबई इंडियंस काफी पहले ही प्लेआफ की दौड़ से बाहर हो चुकी है जबकि लखनऊ सुपर जाइंट्स अगर आखिरी मैच में भारी अंतर से जीत दर्ज करती है तो भी उसके अंतिम चार में पहुंचने की संभावना नगण्य हैं। तीन मैचों में लगातार हार से लखनऊ ने अंक भी गंवाए और रनरेट भी खराब हो गया।

केकेआर से 98 रन से हार के बाद उसे सनराइजर्स हैदराबाद ने दस विकेट से और दिल्ली कैपिटल्स ने 19 रन से हराया। सातवें स्थान पर काबिज लखनऊ का नेट रनरेट माइनस 0. 787 है जबकि छठे स्थान की टीम रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु का रनरेट 0.387 है। पांच बार की आईपीएल चैंपियन मुंबई इंडियंस प्लेआफ की दौड़ से बाहर होने वाली पहली टीम थी। नए कप्तान हार्दिक पंड्या के साथ इस सत्र में टीम का प्रदर्शन निराशाजनक रहा। अब तक 13 मैचों में बस चार जीत सकी मुंबई इंडियंस शुक्रवार को जीत जाती है तो उसके दस अंक होंगे जिससे वह आखिरी स्थान पर रहने से बच सकती है।

### टीमें इस प्रकार हैं

*मुंबई इंडियंस : हार्दिक पंड्या (कप्तान), रोहित शर्मा, सूर्यकुमार यादव, डेवाल्ड ब्रेविस, जसप्रीत बुमराह, पीयूष चावला, गेराल्ड कोएट्ती, टिम डेविड, श्रेयस गोपाल, इशान किशन, अंशुल कंबोज, कुमार कार्तिकेय, आकाश मधवाल, क्वेना मफाका, मोहम्मद नबी, शम्स मुलानी, नमन धीर, शिवालिक शर्मा, रोमारियो शेफर्ड, अर्जुन तेंदुलकर, नुवान तुषारा, तिलक वर्मा, हार्विक देसाई (विकेटकीपर), नेहल वढेरा और ल्यूक वुड।*

*लखनऊ सुपर जाइंट्स : केएल राहुल (कप्तान), क्विंटन डिकॉक, निकोलस पूरन, आयुष बदोनी, काइल मेयर्स, मार्कस स्टोइनिस, दीपक हुडा, देवदत्त पडिक्कल, रवि बिश्नोई, नवीन उल हक, कुणाल पंड्या, युद्धवीर सिंह, प्रेरक मांकड़, यश ठाकुर, अमित मिश्रा, शमर जोसेफ, मयंक यादव, मोहसिन खान, के गौतम, शिवम मावी, अर्शिन कुलकर्णी, एम सिद्धार्थ, एश्टन टर्नर, मैट हेनरी, मोहम्मद अरशद खान।*

### कप्तानी विवाद से उबर नहीं सकी मुंबई

सत्र से पहले रोहित शर्मा की जगह पंड्या को कप्तानी सौंपे जाने से मुंबई के प्रशंसकों में काफी आक्रोश था जिसका टीम के प्रदर्शन पर भी असर पड़ा। बल्लेबाजों ने पूरी तरह निराश किया तो गेंदबाजी में जसप्रीत बुमराह (13 मैचों में 20 विकेट) दूसरे गेंदबाजों को अच्छे प्रदर्शन के लिए प्रेरित नहीं कर सके। इस मैच में फोकस विश्व कप टीम में शामिल पंड्या, रोहित, बुमराह और सूर्यकुमार यादव पर रहेगा। रोहित पिछली छह पारियों में नाकाम रहे हैं और उनका सर्वोच्च स्कोर 19 रन रहा। वहीं पंड्या भी हरफनमौला की भूमिका बखूबी नहीं निभा सके। सूर्यकुमार यादव ने तीन अर्धशतक और एक शतक जमाकर आत्मविश्वास हासिल किया है।

### स्ट्राइक रेट चर्चा का विषय

लखनऊ के कप्तान केएल राहुल ने तीन अर्धशतक समेत 136.36 के स्ट्राइक रेट से 465 रन बनाए। उनका स्ट्राइक रेट हालांकि चर्चा का विषय रहा। निकोलस पूरन (168.92 के स्ट्राइक रेट से 424 रन) ने अच्छा प्रदर्शन किया लेकिन एक ईकाई के रूप में टीम नाकाम रही।

थाईलैंड ओपन

## मेईराबा, सात्विक-चिराग क्वार्टर फाइनल में पहुंचे



एजेंसी ▶▶| बैंकॉक

युवा भारतीय बैडमिंटन खिलाड़ी मेईराबा लुवांग मैसनाम और सात्विकसाईराज रंकीरेड्डी तथा चिराग शेट्टी की स्टार पुरुष युगल जोड़ी अपना शानदार प्रदर्शन जारी रखते हुए गुरुवार को यहां थाईलैंड ओपन सुपर 500 टूर्नामेंट के क्वार्टर फाइनल में पहुंच गई।

हमवतन एचएस प्रणय पर उलटफेर भरी जीत के एक दिन बाद 21 वर्षीय मेईराबा ने 50 मिनट तक चले पुरुष एकल के दूसरे दौर के मुकाबले में डेनमार्क के मैड्स क्रिस्टोफरसन को 21-14, 22-20 से हरा दिया। सात्विक और चिराग की दुनिया की तीसरे नंबर की भारतीय जोड़ी ने अपने दूसरे दौर के मुकाबले में 69वीं रैंकिंग वाले शेई साओ नान और झेंग वेई हान को 21-16, 21-11 से हराया। एशियाई खेलों की स्वर्ण पदक विजेता भारतीय जोड़ी का सामना अगले दौर में जुनैदी आरिफ और रॉय किंग याप की मलेशिया की जोड़ी से होगा। अन्य भारतीयों में अश्मिता चालिहा को करीबी मुकाबले में शिकस्त का सामना करना पड़ा। वह महिला एकल में शीर्ष वरीयता प्राप्त चीन की हान युई के खिलाफ 15-21, 21-12, 12-21 से हार गईं। मिश्रित युगल में सतीश करुणाकरण और आद्या वरियाथ की जोड़ी को रिनोव रिवाल्डी और पिथा हानिंगत्यास मेंटारी की जोड़ी के खिलाफ 10-21, 17-21 से शिकस्त झेलनी पड़ी।

### बधिर-दृष्टिबाधित फैंस के लिए विशेष फीड

*मुंबई। वेस्टइंडीज और अमेरिका में अगले महीने से होने वाले टी20 विश्व कप में बधिर और दृष्टिबाधित क्रिकेटप्रेमियों के लिए इंडियन साइन लैंग्वेज और आडियो वर्णन के साथ फीड उपलब्ध कराई जाएगी। आधिकारिक प्रायोजकों डिजनी प्लस हॉटस्टार और स्टार स्पोर्टस नेटवर्क ने विशेष प्रसारण की व्यवस्था की है। विश्व कप के दस मैचों के लिए यह व्यवस्था रहेगी जिसमें भारत के सभी मैच, सेमीफाइनल और फाइनल शामिल हैं। प्रसारकों ने कहा कि पहली बार टी20 विश्व कप का प्रसारण आईएसएल और वर्णनात्मक कमेंट्री के साथ होगा जिससे बधिर और दृष्टिबाधित प्रशंसक भी खेल का मजा ले सकेंगे।*

## अंजुम, स्वप्निल ने ट्रायल में दर्ज की पहली जीत

एजेंसी ▶▶| भोपाल

ओलंपियन अंजुम मोदगिल और पेरिस ओलंपिक खेलों के कोटा विजेता स्वप्निल कुसाले ने गुरुवार को यहां चल रहे ओलंपिक चयन ट्रायल में क्रमशः महिला और पुरुषों की 50 मीटर राइफल थ्री पोजिशन स्पर्धा में पहली जीत दर्ज की। पुरुषों की 50 मीटर राइफल थ्री पोजिशन स्पर्धा के फाइनल में स्वप्निल ने 463.7 अंक का स्कोर बनाकर अखिल श्योराण (461.6 अंक) की चुनौती पस्त की।स्थानीय निशानेबाज ऐश्वर्य तोमर 451.9 अंक के स्कोर से तीसरे स्थान पर रहे। महिलाओं के थ्री पोजिशन



फाइनल में अंजुम ने 463.9 अंक का स्कोर बनाया और भारत की नंबर एक निशानेबाज सिफत कौर सामरा को 1.9 अंक से पछाड़ दिया। आशी चौकसे 447.3 अंक से तीसरे स्थान पर रहीं।

## हसरंगा और शाकिब टी20 रैंकिंग में शीर्ष आलराउंडर

एजेंसी ▶▶| दुबई

हार्दिक पंड्या टी20 हरफनमौलाओं की आईसीसी रैंकिंग में सातवें स्थान पर बने हुए हैं जबकि श्रीलंका के स्पिनर वानिंदु हसरंगा बांग्लादेश के शाकिब अल हसन के साथ संयुक्त रूप से शीर्ष पर पहुंच गए हैं। पंड्या 185 अंकों के साथ सातवें स्थान पर हैं।





हसरंगा और शाकिब के 228 अंक हैं। अफगानिस्तान के मोहम्मद नबी 218 अंक लेकर तीसरे स्थान पर हैं जबकि जिम्बाब्वे के सिकंदर रजा के 210 अंक हैं। दक्षिण अफ्रीका के एडेन माक्ररम पांचवें स्थान पर और आस्ट्रेलिया के मार्कस स्टोइनिस छठे स्थान पर हैं। बल्लेबाजों की रैंकिंग में भारत के सूर्यकुमार यादव 861 अंक लेकर शीर्ष पर हैं जबकि इंग्लैंड के फिल साल्ट 802 अंक के साथ दूसरे स्थान पर हैं। पाकिस्तान के मोहम्मद रिजवान (781), बाबर आजम (761) और दक्षिण अफ्रीका के माक्ररम (755) उनके बाद हैं।

## पेरिस 2024 : भारतीय टेबल टेनिस महासंघ ने चुनी छह


# शरत, मनिका ओलंपिक में करेंगे भारत की अगुवाई

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

अनुभवी शरत कमल और दुनिया की 24वें नंबर की खिलाड़ी मनिका बत्रा पेरिस खेलों में क्रमशः भारतीय पुरुष और महिला टीम का नेतृत्व करेंगे जहां देश टीम स्पर्धाओं में ओलंपिक में पदार्पण करेगा। भारतीय टेबल टेनिस महासंघ की सीनियर चयन समिति ने गुरुवार को ओलंपिक मानदंडों के अनुसार छह सदस्यीय टीम (प्रत्येक वर्ग में तीन) का चयन किया। इसके अलावा एकल स्पर्धाओं में प्रतिस्पर्धा करने वाले खिलाड़ियों का भी चयन किया गया।

शरत, हरमीत देसाई और मानव ठक्कर को तीन सदस्यीय पुरुष टीम में जगह मिलेगी जबकि मनिका, श्रीजा अकुला और अर्चना कामथ महिला वर्ग में टीम के सदस्य होंगे। प्रत्येक वर्ग में 'वैकल्पिक खिलाड़ी' जी साथियान और





आयहिका मुखर्जी होंगे।पुरुष एकल में शरत और हरमीत प्रतिस्पर्धा करेंगे जबकि महिला एकल में मनिका और श्रीजा चुनौती पेश करेंगी। यह निर्णय नवीनतम विश्व रैंकिंग के आधार पर लिया गया है। वर्ष 2004 में ओलंपिक पदार्पण करने वाले 41 वर्षीय शरत का यहां पांचवां और अंतिम ओलंपिक होगा।

### मानदंडों के अनुसार चयन

टीमों और व्यक्तिगत स्पर्धाओं के लिए खिलाड़ियों का चयन टीटीएफआई के पहले से निर्धारित मानदंडों के अनुसार किया गया था। तीन खिलाड़ियों का चयन पिछले कुछ समय में उनके प्रदर्शन की निरंतरता और विश्व रैंकिंग के अनुसार 'स्वतः' हुआ। हालांकि महिला टीम की तीसरी खिलाड़ी को लेकर बहस चल रही थी। मनिका और श्रीजा अकुला अपनी उच्च विश्व रैंकिंग (शीर्ष 50 के अंदर) के आधार पर टीम का हिस्सा बनीं जबकि अर्चना (103) ने तीसरे खिलाड़ी के रूप में टीम में जगह बनाई। बेंगलुरु की अर्चना ने अपनी रैंकिंग सहित कई मामलों में आयहिका (133) को पीछे छोड़ दिया। पुरुष टीम में 40वीं विश्व रैंकिंग के साथ शरत का चयन शीर्ष भारतीय खिलाड़ी के रूप में स्वतः हुआ जबकि हरमीत (63) और मानव (62) की विश्व रैंकिंग में सिर्फ एक नंबर का अंतर है। हालांकि दोनों ने टीम में जगह बनाई है लेकिन राष्ट्रीय चैंपियन हरमीत को उनके अंतरराष्ट्रीय (जीत-हार का बेहतर रिकॉर्ड) और राष्ट्रीय प्रदर्शन के आधार पर एकल वर्ग के लिए चयनकर्ताओं की मंजूरी मिली।

**पश्चिम मध्य रेल**

इंजीनियरिंग विभाग, खुली निविदा
दिनांकः 13.05.2024

निम्नलिखित कार्य के लिए ई–निविदा भारत संघ के राष्ट्रपति के पक्ष में वरिष्ठ मंडल अभियंता(समन्वय) मंडल रेल प्रबंधक (कार्य) पश्चिम मध्य रेलवे, जबलपुर के द्वारा आमंत्रित की जाती है। **निविदा सूचना क्रमांक**– डी.आर.एम डब्ल्यू– जे.बी.पी. 85–2024 दिनांक 10.05.2024, **कार्य का नाम लोकेशन सहित**– सहायक मंडल अभियंता पिपरिया के अधीन – गुर्रा, गुरमखेडी और बागरातवा स्टेशन पर 90,000 लटर क्षमता के ओवरहैड आरसीसी टेंक का प्रावधान एवं पाईपलाइनों को जोड़ने का कार्य।, **कार्य की अनुमानित मूल्य**– 1,22,77,508/–, **बयाना राशि रूपये** – 2,11,400/–, **समापन अवधि**– 10 माह, **निविदा प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि एवं समय 15:00 बजे तक**– 04.06.2024, **निविदा खुलने का समय 15:15 बजे तिथिः** 04.06.2024, उपरोक्त ई–निविदा के संपूर्ण जानकारी वेबसाईट https://www.ireps.gov.in उपलब्ध है एवं इसकी पूरी जानकारी मंडल रेल प्रबंधक (कार्य) कार्यालय पश्चिम मध्य रेलवे, जबलपुर के नोटिस बोर्ड पर रखी गई है। ई निविदा के आलावा उपरोक्त कार्य के लिए कोई भी निविदा स्वीकार नहीं की जावेगी

मंडल रेल प्रबंधक (कार्य)
पश्चिम मध्य रेल, जबलपुर

स्वच्छ भारत अभियान
एक कदम स्वच्छता की ओर




# हरिभूमि: पाठक पुरस्कार योजना के प्रतिभागी हुए पुरस्कृत

**जबलपुर।** राष्ट्रीय दैनिक हरिभूमि पाठक पुरस्कार योजना के परिणाम घोषित होने के बाद जबलपुर संस्करण में सांत्वना पुरस्कार प्राप्त करने वाले प्रतिभागियों को पुरस्कार वितरित किये गये। हरिभूमि के सिटी ऑफिस में गुरुवार को आयोजित द्वितीय पुरस्कार वितरण कार्यक्रम में यूनिट हैड अखिलेश रिछारिया व प्रसार प्रमुख अमरेंद्र सिंह, रमेश सिंह ने विजेताओं को पुरस्कार वितरित किये गये। इस दौरान रूपेश क्षत्रीय, दिलीप तिवारी, अमन द्विवेदी, संजय साहू, शुभम शुक्ला, जीतू वैष्णव, राशिद खान, दीप सिंह, अभिषेक श्रीवास्तव, राकेश पटैल, अजय साहू, प्रकाश नागवंशी उपस्थित रहे। ज्ञात हो कि हरिभूमि द्वारा राष्ट्रीय स्तर पर पाठक पुरस्कार योजना आयोजित की गई थी। जिसमें हरियाणा, नई दिल्ली, छत्तीसगढ के प्रतियोगी शामिल हुए। पुरस्कार मिलने से विजेता प्रतिभागी खुश नजर आये। प्रतिभागियों ने राष्ट्रीय स्तर पर कार, एलईडी टीवी, फ्रिज, वाशिंग मशीन सहित सांत्वना पुरस्कार जीते। जबलपुर में सांत्वना पुरस्कार प्राप्त करने वालों में संदीप नागरिया, नंदू विश्वकर्मा, नरेश नाईक, श्रीमति अल्का तिवारी, धनीराम मिश्रा, विनय रजक, निधि पांडे, सुनीता गुप्ता, सचिन रजक, नीलू दुबे शामिल रहे।



















हरिभूमि कम्यूनिकेशन्स प्राईवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक अचिंत महेश्वरी द्वारा हरिभूमि प्रेस, 66/1, इंडस्ट्रीयल एरिया, रिछाई, जबलपुर (मध्यप्रदेश)– 482002 से मुद्रित एवं हरिभूमि कार्यालय, 66/1, इंडस्ट्रीयल एरिया, रिछाई, जबलपुर (मध्यप्रदेश)– 482002 से प्रकाशित। प्रधान संपादक–डॉ. हिमांशु द्विवेदी RNI No.: MPHIN/2008/24240